# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 20 मई 2025 | 7 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 141, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:13

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 28 अधि |
| धर्मशाला | 25 न्यू | 34 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,059 |
| निफ्टी | 24,945 |
| सोना | 93785 |
| चांदी | 95755 |



बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु की नजरें मलेशिया मास्टर्स में बेहतर प्रदर्शन पर

पृष्ठ 14 पर

# 1000 पशु मित्र होंगे भर्ती

## प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में पशु मित्र नीति-2025 को मंजूरी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल सरकार ने सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के प्रयास तेज कर दिए हैं। सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित हो, उसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सरकारी योजनाओं व परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य पशु मित्र नीति-2025 को मंजूरी दी गई। इस नीति के तहत पशुपालन विभाग में मल्टी टास्क वर्कर (पशु मित्र) के 1000 पद भरे जाएंगे।

बैठक में स्कूलों में पुस्तकालयों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग में जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (पुस्तकालय) के 100 पद भरने को मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त, राजस्व विभाग में वरिष्ठ सहायक के 10 पद तथा जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) के 15 पद सृजित करने को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, हमीरपुर में विभिन्न श्रेणियों के पांच पद भरने को भी मंजूरी दी। आयुष विभाग में बैचवाइज आधार पर आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी के पांच पद भरने का निर्णय लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

**25,000 रुपए किया ऑपरेशन थियेटर सहायकों का मानदेय**



कैबिनेट मीटिंग की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### गोसदनों का अनुदान बढ़ाया

**बैठक** में राज्य के गोसदनों में गोवंश के लिए चारे पर दिए जाने वाले अनुदान को प्रति गोवंश 700 रुपए से बढ़ाकर 1200 रुपए प्रतिमाह करने का फैसला लिया गया। वहीं, मंत्रिमंडल ने ऑपरेशन थियेटर सहायकों के मासिक मानदेय को 17,820 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए करने तथा रेडियोग्राफरों व एक्स-रे तकनीशियनों के मासिक मानदेय को 13,100 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए करने का निर्णय लिया है।

### कैबिनेट के फैसले

- शिक्षा विभाग में जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (पुस्तकालय) के भरे जाएंगे 100 पद
- राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण हमीरपुर में विभिन्न श्रेणियों के पांच पद भरे जाएंगे
- आयुष विभाग में बैचवाइज आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी के पांच पदों को भरने को मिली मंजूरी

### मुख्यमंत्री ग्रीन अडॉप्शन योजना को दी मंजूरी

**राज्य** में क्षरित वन क्षेत्रों में कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत निजी उद्यमियों द्वारा पौधरोपण के लिए मुख्यमंत्री ग्रीन अडॉप्शन योजना को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने शिमला जिला में माता तारा देवी मंदिर के साथ लगते वन क्षेत्र को शिमला विकास योजना के तहत हरित क्षेत्र के अंतर्गत लाने का भी निर्णय लिया है, ताकि इस क्षेत्र का सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके। वहीं, नगर निगम शिमला में घाटी की ओर भवनों के निर्माण को प्रतिबंधित करने के लिए हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन नियम, 2014 में संशोधन को भी मंजूरी दी गई।

### पीडब्ल्यूडी का डिजाइन विंग सिविल विंग में मर्ज

**कैबिनेट** ने पीडब्ल्यूडी के डिजाइन विंग को सिविल विंग में मर्ज करने की मंजूरी प्रदान की। जानकारी देते हुए मंत्री हर्ष वर्धन चौहान ने कहा कि दोनों कैटेगरी के कर्मचारियों ने इसमें सहमति जताई है। कैबिनेट ने शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर 100 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में लाइब्रेरी खोलने को मंजूरी प्रदान की। 300 से अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में जूनियर ऑफिस असिस्टेंट लाइब्रेरी रखने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा युवाओं ने लाइब्रेरी का कोर्स कर रखा है। ऐसे युवाओं का लाइब्रेरियन बनने का सपने पूरा हो सकेगा।

### राजस्व विभाग में 25 नए पद सृजित

**पटवारी-कानूनगो** का स्टेट कैडर कर दिया गया। इसकी फंक्शनिंग के लिए राजस्व निदेशालय में 10 पद सीनियर असिस्टेंट और जेओए 15 आईटी के भरने को मंजूरी प्रदान की। राज्य चयन आयोग में एक पद प्रोग्राम का भी भरने का निर्णय लिया गया। राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत कैबिनेट ने गाइडलाइन को मंजूरी प्रदान की, जिसके तहत युवाओं को इलेक्ट्रिक टैक्सी पर 50 प्रतिशत सब्सिडी राज्य सरकार दे रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत कैबिनेट ने 200 से 300 नई गाड़ियां बेरोजगार युवाओं को देने का निर्णय लिया है।

# भारत धर्मशाला नहीं, जो सबको शरण दे

## श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी से जुड़े एक मामले में सोमवार को कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। दुनियाभर से आए शरणार्थियों को भारत में शरण क्यों दें? हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। हम हर जगह से आए शरणार्थियों को शरण नहीं दे सकते। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने यह टिप्पणी श्रीलंका के एक नागरिक की याचिका खारिज करते हुए की।

दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने श्रीलंकाई नागरिक को UAPA मामले में 7 साल की सजा पूरी होते ही तुरंत भारत छोड़ देने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ उसने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर हस्तक्षेप करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की तरफ से आर. सुधाकरन, एस. प्रभु रामसुब्रमण्यम और वैरावन एएस ने कोर्ट में दलील दी। श्रीलंकाई तमिल नागरिक को 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) से जुड़े होने के शक में तमिलनाडु पुलिस ने दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया था।

बता दें कि एलटीटीई पहले श्रीलंका में सक्रिय एक आतंकी संगठन था। 2018 में एक निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत 10 साल की सजा सुनाई थी। 2022 में मद्रास हाई कोर्ट ने सजा को सात साल कर दिया और कहा कि सजा पूरी होने के बाद उसे देश छोड़ना होगा और निर्वासन से पहले शरणार्थी कैंप में रहना होगा। (अनंत ज्ञान)



**श्रीलंकाई तमिल नागरिक ने जान का खतरा बताकर मांगी थी पनाह**

### याचिकाकर्ता श्रीलंका में वांटेड व्यक्ति घोषित

**याचिकाकर्ता** ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह वीजा लेकर भारत आया है। श्रीलंका में उसकी जान को खतरा है। उसकी पत्नी और बच्चे भारत में बसे हैं, और वह तीन साल से हिरासत में है, लेकिन निर्वासन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। याचिकाकर्ता ने बताया कि वह 2009 में श्रीलंकाई युद्ध में एलटीटीई के सदस्य के रूप में लड़ा था, इसलिए श्रीलंका में उसे ब्लैक-गजटेड (वांटेड) घोषित किया गया है। अगर उसे वापस भेजा गया, तो उसे गिरफ्तारी और यातना का सामना करना पड़ सकता है। उसने यह भी कहा कि उसकी पत्नी कई बीमारियों से पीड़ित है और उसका बेटा जन्मजात हृदय रोग से जूझ रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने रोहिंग्या शरणार्थियों के डिपोर्टेशन में भी हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था।

### जस्टिस वर्मा मामले में सुनवाई कल

**नई दिल्ली।** घर से कैश बरामद होने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर एडवोकेट मैथ्यूज नेडुमपारा लगाई गई याचिका को बुधवार को लिस्टेड करने के लिए कहा है। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने सोमवार को कहा कि याचिका की खामियां दूर होने पर बुधवार को सुनवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## एसआईटी करेगी विजय शाह मामले की जांच, माफी नामंजूर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की माफी सुप्रीम कोर्ट ने नामंजूर कर दी है। कोर्ट ने मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर भी रोक लगा दी है। शाह के वकील ने कहा कि उनके क्लाइंट ने माफी मांग ली है। इस पर कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस मामले में मंत्री की माफी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। कोर्ट ने आगे कहा, 'आप एक सार्वजनिक चेहरा हैं, एक अनुभवी नेता हैं। आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए। हमें आपके वीडियो यहां चलाने चाहिए। यह सेना के लिए एक अहम मुद्दा है। (अनंत ज्ञान)

**आज का मैच**

चेन्नई vs राजस्थान

समयः रात 7:30 बजे (दिल्ली)

**न्यूज शॉर्ट्स**

### आईएसआईएस से जुड़े दो संदिग्ध गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस ने आंध्र प्रदेश पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में हैदराबाद में बम विस्फोट की साजिश को नाकाम कर दिया है। अभियान में आईएसआईएस से जुड़े दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने विजयनगरम से सिराज और हैदराबाद से समीर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों कथित तौर पर शहर में एक डमी विस्फोट करने की योजना बना रहे थे। कथित तौर पर सिराज ने योजना के तहत विजयनगरम में विस्फोटक सामग्री खरीदी थी। दोनों को सऊदी अरब स्थित आईएसआईएस मॉड्यूल से ऑर्डर मिल रहे थे। उन्हें हैदराबाद में धमाका करने के लिए तैयार किया जा रहा था। दोनों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### संभल जामा मस्जिद सर्वे पर रोक से इनकार

**प्रयागराज।** संभल की जामा मस्जिद के सर्वे पर रोक लगाने से इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की उस सिविल रिवीजन याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सर्वे पर रोक की मांग की गई थी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने सोमवार को यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा, 'हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल केस सुनने योग्य है। अब तक इस मामले में जो भी कार्रवाई हुई, वह सही है। हम कमीशन की जांच में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। कमीशन जांच और दाखिल मामला पहले की तरह जारी रहेगा।' यानी, जामा मस्जिद है या मंदिर इसका मुकदमा भी संभल की लोअर कोर्ट (दीवानी अदालत) में पहले की तरह चलता रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### अफगानिस्तान और चंबा में हिली धरती

**चंबा/काबुल।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में सोमवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार सुबह 10 बजकर 44 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.3 मापी गई। वहीं, अफगानिस्तान में भी सोमवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, सुबह आठ बजकर 54 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से 140 किलोमीटर गहराई में था। (अनंत ज्ञान)

**अंदर के पन्नों पर पढ़ें**


- सुजानपुर में होगी पैरा मोटर ग्लाइडिंग, ट्रायल सफल -पेज 2
- रबड़ स्टांप नहीं होना चाहिए कांग्रेस का नया अध्यक्ष: विक्रमादित्य -पेज 3
- झरेडी गांव में लैंडस्लाडिंग के तीन साल बाद भी नहीं लग पाया डंगा -पेज 6
- रेलिंग न लगने से डरवाड़ में कभी भी हो सकता है हादसा -पेज 9
- ऊना और संतोषगढ़ के स्कूल नहीं होंगे मर्ज: रायजादा -पेज 10


# हरियाणा से चलता था नकल रैकेट मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा में हुई खुल्लमखुल्ला नकल ने पूरे शिक्षा तंत्र को हिला कर रख दिया है। शिमला पुलिस की ओर से पकड़े गए 40 अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी के बाद यह सामने आया है कि नकल का यह संगठित नेटवर्क हरियाणा से संचालित हो रहा था। आरोपियों के पास से ऐसे हाई-टेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं, जो न केवल चेकिंग के दौरान, बल्कि मेटल डिटेक्टर की भी पकड़ में नहीं आए। यह तकनीकी चालाकी पहली नजर में किसी आम परीक्षार्थी के बस की नहीं लगती, बल्कि इसके पीछे एक सुनियोजित गिरोह का हाथ है।

पुलिस की पूछताछ में यह चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है कि परीक्षा पास करवाने के लिए छात्रों से लाखों रुपए की डील की जाती थी। कुछ अभ्यर्थियों से 10 से 12 लाख रुपए तक की रकम ली गई, जबकि कुछ से सौदा 4-5 लाख में ही निपट गया। इस रैकेट के जरिए छात्रों को नकल कराने के लिए उपकरण उपलब्ध कराए जाते थे, जिनसे बाहरी संपर्क के माध्यम से उत्तर बताए जाते थे। मामले में पकड़े गए कई अभ्यर्थी हरियाणा से हैं, जबकि कुछ आरोपी दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से भी ताल्लुक रखते हैं। पुलिस अब इस पूरे गिरोह के मास्टरमाइंड की तलाश में जुट गई है और उपकरणों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। यह कोई पहला मामला नहीं है, जब शिमला जैसे शांत पहाड़ी इलाके में इस तरह की शातिर धोखाधड़ी उजागर हुई हो। पिछले वर्ष भी एकलव्य विद्यालय की परीक्षा में एक युवक को अपने भाई की जगह परीक्षा देते हुए पकड़ा गया था। यही नहीं, ग्राम डाक सेवकों की भर्ती में भी फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर नौकरी हासिल करने के मामले सामने आ चुके हैं।

**जेएनवी की परीक्षा में हुई नकल ने पूरे शिक्षा तंत्र को हिला दिया**

### एनआईए की हिरासत में यूट्यूबर ज्योति, टेरर कनेक्शन में होगी पूछताछ

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हिरासत में ले लिया है। एनआईए की टीम सोमवार को ज्योति से पूछताछ करने हिसार पहुंची थी। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर चंडीगढ़ ले गई। अब ज्योति से टेरर लिंक को लेकर पूछताछ की जाएगी। इसके साथ जम्मू इंटेलिजेंस भी यूट्यूबर से पूछताछ करेगी। इससे पहले यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का इंस्टाग्राम अकाउंट बैन कर दिया गया। उसके 1.39 लाख फॉलोअर्स थे। रविवार, 18 मई की रात को भी हिसार पुलिस ज्योति के घर पहुंची थी। वहां छानबीन कर कुछ दस्तावेज जब्त किए गए हैं। ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने बताया है कि पुलिस कपड़े और ज्योति का सामान ले गई। (अनंत ज्ञान)



### संघर्ष विराम में नहीं थी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता

**नई दिल्ली।** संसद के एनेक्सी भवन में विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में सांसदों ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मध्यस्थता के दावे पर सवाल उठाए। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि संघर्ष विराम में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। यह फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था। उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हमेशा पारंपरिक क्षेत्र में रहा है और पड़ोसी देश की ओर से कोई परमाणु संकेत नहीं दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष में चीनी मंच का इस्तेमाल किया था? इस पर मिस्री ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने समिति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने संसदीय समिति को बताया कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया है। आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष को लेकर हो रही है। (अनंत ज्ञान)



**संसदीय समिति की बैठक में ट्रंप के दावे पर फिर उठे सवाल**

# तूफान से ट्रक पर गिरा पेड़ ड्राइवर-कंडक्टर की मौत

## नगरोटा बगवां के सद्दुं में पेश आया हादसा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

प्रदेश के कई इलाकों में सोमवार तड़के आए तेज तूफान से भारी जान-माल की क्षति हुई है। तूफान ने कांगड़ा जिले में खूब तबाही मचाई है। नगरोटा बगवां की पंचायत सद्दुं के खावा गांव में एक विशाल पेड़ सुबह साढ़े चार बजे सड़क किनारे खड़े ट्रक पर गिर गया। इससे ड्राइवर और कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान संजीव कुमार (42) निवासी बाड़ी, देहरा और टेक चंद (48) निवासी कड़ोग, बड़ोह, जिला कांगड़ा के तौर पर हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों सुबह साढ़े चार बजे चाय पीने के बाद ट्रक में बैठे। कुछ देर बाद मौके पर बड़ा वट वृक्ष ट्रक पर गिर गया। ट्रक में ईंटें लदी हुई थीं। इस हादसे में ट्रक पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीश शर्मा, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा व थाना प्रभारी नगरोटा बगवां नवनीत सैनी मौके पर पहुंच गए और स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ को काटने के बाद ट्रक में फंसे दोनों शवों को बाहर निकला गया। सद्दूं पंचायत के नंबरदार और एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंदर सिंह बबलू ने दो जेसीबी मशीनें और एक हाइडर मौके पर भेजी, जिसकी मदद से ट्रक पर गिरे पेड़ को हटाया गया।

पेड़ इतना विशालकाय था कि इसे हटाने में करीब 4 घंटे का वक्त लग गया। स्थानीय प्रशासन ने ट्रक के कैबिन को काटकर मृत-ड्राइवर कंडक्टर के शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज टांडा भेज दिया है। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को फौरी राहत जारी की गई है। बता दें कि मौसम विभाग ने आज प्रदेश में भारी बारिश, तूफान और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी कर रखा है। इसे देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने को कहा गया है।



ईंटों से लदे ट्रक पर गिरा विशाल पेड़।

**ईंटों से लदा था ट्रक चार घंटे लग गए पेड़ को हटाने में**

# पंजाब से दो और हरियाणा से एक पाकिस्तानी जासूस काबू

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है और लगातार पाकिस्तानी जासूसों पर शिकंजा कस रहा है। इस बीच पंजाब पुलिस ने दो पाकिस्तानी जासूसों को गिरफ्तार किया है। उधर, हरियाणा के नूंह जिले से भी एक जासूस को पकड़ा गया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने एक्स पर लिखा, 'गुरदासपुर पुलिस ने संवेदनशील सैन्य जानकारी लीक करने में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करके राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने के प्रयास को विफल कर दिया।' उन्होंने बताया कि 15 मई को विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं से संकेत मिला कि सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सेना की आवाजाही और प्रमुख रणनीतिक स्थानों सहित ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ साझा करने में लगे हुए थे।

वहीं, हरियाणा के नूंह जिले में पकड़े गए पाकिस्तानी जासूस की पहचान तरिफ के तौर में हुई है। वह व्हाट्सऐप के जरिए भारतीय सैन्य गतिविधियों से जुड़ी गोपनीय जानकारी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात दो कर्मचारियों को भेज रहा था। नूंह पुलिस ने भारतीय दंड संहिता, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट, 1923 और देशद्रोह की धाराओं के तहत केस दर्ज कर तरिफ को गिरफ्तार कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

**आईएसआई के साथ शेयर कर रहे थे जानकारी**

### यूको बैंक के पूर्व चेयरमैन सुबोध गोयल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली से कोलकाता तक ईडी की एक बड़ी कार्रवाई में यूको बैंक के पूर्व चेयरमैन और एमडी सुबोध कुमार गोयल को गिरफ्तार किया गया है। सुबोध पर आरोप है कि उन्होंने एक कंपनी को हजारों करोड़ के लोन दिलवाने में धांधली की और बदले में मालामाल हो गए। ईडी के मुताबिक, गोयल पर आरोप है कि जब वह यूको बैंक के चेयरमैन थे, तब उन्होंने कोलकाता बेस्ड एक कंपनी को मोटे लोन पास करवाए। बात सिर्फ कागजों तक नहीं रही, बल्कि लोन की रकम 6,210 करोड़ को कंपनी ने इधर-उधर घुमा दिया और यह पैसा आखिरकार गलत हाथों में चला गया। गोयल को इस पूरे खेल के बदले में कमीशन के अलावा और भी बहुत कुछ मिला। ईडी ने अप्रैल, 2025 में गोयल और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। (अनंत ज्ञान)


**खुलासा** भारतीय सेना ने जारी किया नया वीडियो, पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल का मलबा दिखाया

# पाकिस्तान ने गोल्डन टेंपल पर दागी थी मिसाइल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान ने अमृतसर के गोल्डन टेंपल पर निशाना बनाकर मिसाइल दागी थी। इसे भारतीय एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था। सेना के जवानों ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल का मलबा भी दिखाया।

वहीं, पंजाब में इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात एक जवान ने कहा कि 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने अचानक फायरिंग की और घुसपैठ की कोशिश की, जिसे हमने नाकाम कर दिया। हमारी फायरिंग का नतीजा यह हुआ कि सुबह होते-होते दुश्मन घुटनों के बल पर आ गए और अपनी पोस्ट पर सफेद झंडा फहरा दिया। इसके अलावा भारतीय सेना ने एक और नया वीडियो जारी किया। इसमें सेना ने दिखाया कि पाकिस्तान की तरफ से दागे गए ड्रोन को कैसे मार गिराया। वेस्टर्न कमांड ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- हमने अपनी जमीन से अपने आसमान की रक्षा की। (अनंत ज्ञान)



गोल्डन टेंपल की फाइल फोटो

**भारतीय एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया हमला**

### लौंगेवाला पहुंचे सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी

**सेना** प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने राजस्थान के लौंगेवाला में सीमावर्ती इलाके का दौरा किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले जवानों की सराहना की और भारतीय वायुसेना व बीएसएफ के साथ मिलकर की गई संयुक्त कार्रवाई की समीक्षा की। जैसलमेर से कच्छ तक फैले रेगिस्तानी इलाकों में सेना, वायुसेना और बीएसएफ ने मिलकर दुश्मन के इरादों को नाकाम किया। इन कार्रवाइयों से पश्चिमी मोर्चे पर ऑपरेशनल दबदबा और भी मजबूत हुआ है।

### चीन ने पाक को दी थी सैटेलाइट मदद

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में चीन ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था, लेकिन अब खुलासा हुआ है कि चीन ने पाकिस्तान को कूटनीतिक ही नहीं, बल्कि सैन्य समर्थन भी दिया था और चीन ने पाकिस्तानी सेना को सैटेलाइट सपोर्ट भी दिया था। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में एक भारतीय थिंक टैंक के हवाले से यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार को सही जगह पर तैनात करने के लिए अपनी सैटेलाइट्स की मदद दी थी, ताकि भारत की जवाबी कार्रवाई से बचा जा सके। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारत की सरकार पाकिस्तान के खिलाफ बदले की कार्रवाई की योजना बना रही थी, उसी 15 दिन के अंतराल के बीच चीन ने पाकिस्तान को अपने उपग्रहों की मदद दी थी, ताकि भारत के हथियारों की तैनाती का पता चल सके। भारत के थिंक टैंक 'सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज' से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि चीन की सैटेलाइट मदद से पाकिस्तान को अपना एयर डिफेंस सिस्टम और रडार फिर से व्यवस्थित करने में मदद मिली। साथ ही चीन ने पाकिस्तान को एयर डिफेंस सिस्टम भी दिया था। (अनंत ज्ञान)

**भारतीय थिंक टैंक का खुलासा, खुलकर की थी पाक की मदद**

## न्यूज ब्रीफ

### खनन रक्षकों की भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षण आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में खनन रक्षकों की भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों का शारीरिक दक्षता परीक्षण 20 मई को अणू स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के मैदान में सुबह 9 बजे से आरंभ होगा। खनन अधिकारी एवं चयन समिति के सदस्य सचिव राजीव कालिया ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए सभी पात्र 108 उम्मीदवारों को डाक के माध्यम से सूचना पत्र भेज दिए गए हैं। उन्होंने सभी पात्र उम्मीदवारों से आग्रह किया है कि वे 20 मई को शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए निर्धारित स्थान एवं समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचना सुनिश्चित करें।

### निष्क्रिय बैंक खातों की करें केवाईसी : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** एसडीएम शशिपाल शर्मा ने सभी बैंकों, विभिन्न विभागों, बोर्डों-निगमों और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 2 दिनों के भीतर सभी विभागों, बोर्डों-निगमों और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के निष्क्रिय बैंक खातों का पता लगाएं तथा सभी खातों की केवाईसी सुनिश्चित करें। जिन बैंक खातों का ब्याज सरकार को जाना है, उनकी भी केवाईसी करें। निष्क्रिय बैंक खातों के संबंध में मिनी सचिवालय में आयोजित बैठक के दौरान एसडीएम ने ये निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों और उपक्रमों के कई बैंक खाते लंबे समय से निष्क्रिय पड़े हुए हैं। इनमें से कई खातों में धनराशि भी पड़ी हुई है। प्रदेश सरकार ने इन सभी बैंक खातों की केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसलिए, सभी संबंधित विभाग और सार्वजनिक उपक्रम अपने-अपने बैंक खातों की जांच कर लें तथा सरकार के आदेशों की अनुपालना के लिए त्वरित कदम उठाएं। बैंकों के प्रतिनिधियों को भी इस कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। बैठक में तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह, अन्य विभागों के अधिकारी तथा बैंकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### भराड़ी माता मंदिर गलोड़ में भंडारा आज

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** भराड़ी माता मंदिर गलोड़ में मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर पुजारी बिशन दास ने बताया कि मंदिर में रविवार, मंगलवार व शनिवार को बाहरी राज्यों हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब सहित अन्य राज्य के भक्त मंदिर में शीश नवाने आते हैं।

### रैल स्कूल की महक ने तीनों संकाओं में किया टॉप

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के राजकीय. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय. रैल का 12 वीं का परीक्षा परिणाम बहुत ही सराहनीय रहा। स्कूल में 12वीं कक्षा की परीक्षा में कुल 53 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 50 विद्यार्थी पूर्ण रूप से पास हुए। स्कूल की वाणिज्य संकाय की महक शर्मा ने 500 अंक में से 458 अंक लेकर स्कूल के तीनों संकायों में टॉप करके स्कूल का नाम रोशन किया। कला संकाय की प्रगति 456 अंक लेकर स्कूल में द्वितीय और वाणिज्य संकाय की ही त्रिशला ने तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रिंसिपल जसविंद्र कुमार एवं समस्त प्रशासन ने इन बच्चों, एवम उनके. माता पिता. को. विशेष रूप से बधाई दी।

### 10 जून तक बंद रहेगी चैड़ू-भौऊ-जीहण सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल नादौन में चैड़ू-भौऊ-जीहण सड़क के उन्नयन एवं मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 10 जून तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि चैड़ू-भौऊ-जीहण सड़क के उन्नयन एवं मरम्मत कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 10 जून तक बंद की गई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक पताजी पत्तन सड़क या अमलेहड़-टरेटी-बडैहर सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। जिलाधीश ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर में मार्शल सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लदरौर पुलिस चौकी के मुख्य आरक्षी संजय कुमार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। स्कूल प्रधानाचार्य रीता कुमारी द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य आरक्षी संजय कुमार ने कहा कि हमारे जीवन में सड़क सुरक्षा बहुत जरूरी है। वर्तमान समय में सड़क पर दिन प्रतिदिन दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इसके लिए सभी को जागरूक व सचेत रहना चाहिए, साथ ही सड़क नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। इस अवसर पर पाठशाला प्रधानाचार्य रीता कुमारी ने मुख्यातिथि का बच्चों के लिए महत्वपूर्ण समय देने के व जागरूक करने के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में स्कूल के उपप्रधानाचार्य अच्युतम वर्मा प्रवक्ता वाणिज्य, मार्शल सड़क सुरक्षा क्लब समन्वयक पंकज कुमार प्रवक्ता अंग्रेजी, केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला लदरौर के अध्यापक, प्रशिक्षु अध्यापक व पाठशाला के छात्र उपस्थित रहे।




# हमीरपुर नगर निगम को लगा बूस्टर

## एडिशनल कमिश्नर ने ज्वाइन करते ही लिया अधूरे निर्माण कार्यों का जायजा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

लंबे इंतजार के बाद आखिर हमीरपुर नगर निगम में एडिशनल कमिश्नर ने ज्वाइन कर लिया है। पिछले काफी समय से नगर निगम का काम एडीसी हमीरपुर देख रहे थे, लेकिन आप इंडिपेंडेंट अधिकारी की मौजूदगी में नगर निगम को बूस्टर लग जाएगा। कारण यह है कि बहुत सारे निर्माण कार्य यहां अधूरे पड़े हुए हैं। देनदारियां भी काफी ज्यादा हैं, जो नगर परिषद के समय की हैं।

एडिशनल कमिश्नर रामप्रसाद शर्मा ने ज्वाइन करने के बाद कुछ स्पाट्स का भी दौरा किया। वे वार्ड नंबर 2 में स्थित नगर परिषद के रेस्ट हाउस और अन्य निर्माणाधीन कार्यों को देखने भी गए।

**नगर निगम के गठन को लेकर प्रक्रिया जारी :** हमीरपुर में नगर निगम के गठन को लेकर भी प्रक्रिया जारी है। नगर परिषद के 11 वार्ड थे और अब यहां पर 17 या 18 बार होंगे, यह स्थिति अभी क्लियर नहीं हुई है, लेकिन डीलिमिटेशन का काम लगभग मुकम्मल हो चुका है, लेकिन इस पर अभी अंतिम मुहर नहीं लगी है। नगर निर्गमन के चुनाव कब होंगे? इस पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। कब तक हो जाएंगे, ऐसा भी कोई आभास राज्य सरकार ने अभी जताया नहीं है। (अनंत ज्ञान)



नगर निगम का कार्यालय। (फाइल फोटो)



पदभार संभाला लिया है और मौजूदा स्थिति को समझने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल दोपहर बाद डीसी अमरजीत सिंह से भी मिलने गया। कितनी देनदारियां हैं, सारी स्थिति देखी जाएगी, उसके बाद सारी प्रक्रियाएं शुरू की जाएंगी।
**-राम प्रसाद शर्मा, एडिशनल कमिश्नर, नगर निगम हमीरपुर।**

### देनदारियां चल रहीं पेंडिंग

**नगर** परिषद के समय जिन ठेकेदारों ने काम किए थे और अचानक इसकी अधिसूचना जारी हो गई थी, उस समय की काफी ज्यादा देनदारियां पेंडिंग चल रही हैं। लेकिन नगर निगम के पास इतना फंड नहीं है। सूत्रों के मुताबिक तकरीबन 6 करोड़ की ऐसी सीधी देनदारियां हैं, जो हर हाल में जल्दी चुकाई जानी हैं।

### नहीं आया कोई भी अतिरिक्त स्टाफ

अभी नगर निगम का कार्यालय पुराने नगर परिषद के ऑफिस में ही चल रहा है। अतिरिक्त स्टाफ कोई नहीं आया है, जबकि नियमों के तहत नगर निगम का अमला बहुत बड़ा होगा। तकरीबन 20 नए कर्मचारी तो काम चलाऊ व्यवस्था के लिए ही जरूरी होंगे। उनकी नियुक्तियां कब तक होंगी, इसकी भी इंतजार रहेगी। कारण यह है कि नगर परिषद कार्यालय में पहले से मौजूद स्टाफ की मौजूदगी पहले से कम थी, अब दायरा बहुत और कामकाज के नए माहौल में प्रवेश करने की वजह से यहां नया भवन भी तैयार होना है। इसमें नगर निगम का अपना कार्यालय होगा। इसकी भी प्लानिंग चल रही है।

### अंतिम मुहर के बाद होगा क्लियर

चुनाव लड़ने वाले वार्डबंदी की इंतजार में हैं। वे चाह रहे हैं कि जल्दी ही वार्ड तैयार हो जाएं। कितने बनेंगे, कौन-कौन से वार्ड में किस-किस पंचायत का हिस्सा जुड़ेगा? यह सारी चीज देखी जा रही हैं, लेकिन इन पर अंतिम मुहर लगने के बाद ही पता चलेगा।

# आपदा प्रबंधन प्लान को अपडेट रखें सभी अधिकारी : एडीसी


तीन दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर एडीसी के साथ अन्य अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिले में किसी भी तरह की आपात परिस्थिति में बचाव और राहत कार्यों को सुनियोजित ढंग से अंजाम देने तथा किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए पहले से ही पूरी तैयारी रखने के उद्देश्य से सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के सौजन्य से यहां हमीर भवन में तीन दिवसीय कार्यशाला आरंभ हुई।

आपदा के विभिन्न संभावित खतरों और इन खतरों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों पर आधारित इस कार्यशाला में आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए एडीसी अभिषेक गर्ग ने कहा कि किसी भी तरह की आपदा से निपटने और बचाव एवं राहत कार्यों को बेहतर एवं सुनियोजित ढंग से अंजाम देने के लिए हमारी पहले से ही आवश्यक तैयारी होनी चाहिए। इसी के मद्देनजर जिला स्तर पर डीडीएमए के माध्यम से जिला आपदा प्रबंधन प्लान बनाया गया है। इसके अलावा उपमंडल स्तर और विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के स्तर पर भी आपदा प्रबंधन प्लान बनाए गए हैं। इन आपदा प्रबंधन प्लान की नियमित रूप से समीक्षा की जानी चाहिए और इन्हें आवश्यकतानुसार अपडेट भी किया जाना चाहिए। कार्यशाला के आयोजन के लिए डीडीएमए की सराहना करते हुए एडीसी ने कहा कि इसके माध्यम से अधिकारी और कर्मचारी आपदा प्रबंधन से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल करेंगे तथा वे अपने-अपने विभागों के आपदा प्रबंधन प्लान को अपडेट करने में सक्षम होंगे।

कार्यशाला के पहले दिन आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ नरेंद्र सिंह कछोटिया ने विस्तृत जानकारी प्रदान की। इससे पहले, डीडीएमए की प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक समीक्षा शर्मा और जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रभारी भानु शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी।

# छात्रों ने पास की कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के दो प्रतिभाशाली छात्रों चैतन्य ठाकुर और ऋतिका ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट 2025 उत्तीर्ण कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उत्कृष्ट सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों तथा अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल चैतन्य और ऋतिका की मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि विद्यालय में दिए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही मार्गदर्शन का भी प्रतिफल है। स्कूल का सदैव प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक ही नहीं, बल्कि नैतिक और मानसिक रूप से भी सक्षम बनाया जाए।


चैतन्य ठाकुर ऋतिका

उन्होंने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर करियर काउंसिलिंग, विशेषज्ञ सत्र तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती हैं, जिससे छात्रों को दिशा और आत्मविश्वास मिलता है। इन दोनों छात्रों की सफलता ने न केवल हिम अकादमी का मान बढ़ाया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है।

# हमीरपुर जिले के 42000 छात्र देंगे 'मेरे शहर के 100 रतन' छात्रवृत्ति परीक्षा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश सरकार और क्रैक अकादमी के बीच 34 करोड़ रुपए का एमओयू साइन हुआ है। क्रैक अकादमी आईएस, एसएएस, बैंकिंग और एनडीए की कोचिंग देती है। इस एमओयू की शर्तों के अनुसार प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में मेरे शहर के 100 रतन नामक एक राज्यव्यापी छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा मंगलवार को सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में आयोजित की जाएगी।

इस परीक्षा के तहत प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से मेरिट में आने वाले 100 छात्रों को कोचिंग के रूप में मुफ्त छात्रवृत्ति प्रदान की जा सके। यानी 68 विधानसभा क्षेत्र से 6800 छात्रों का चयन इस छात्रवृत्ति के लिए

**बोर्ड की परीक्षाओं की तरह सभी स्कूलों में आयोजित की जाएगी परीक्षा**

किया जाएगा। यह परीक्षा छठी से 12वीं कक्षा के सभी छात्रों के लिए हैं, जिसमें ओएमआर शीट पर छात्रों को उत्तर देने हैं।

शिक्षा विभाग ने स्कूल के मुखिया और संचालकों को परीक्षा से संबंधित निर्देश जारी कर दिए हैं। बता दें कि यह परीक्षा बोर्ड की परीक्षा की तरह सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में आयोजित की जा रही है। सुबह 11 बजे से 12 बजे तक एक घंटे की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में मेरिट में आने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। हमीरपुर जिले की बात करें तो जिले के सभी स्कूलों में 42000 छात्र क्रैक अकादमी की छात्रवृत्ति की परीक्षा देंगे। शिक्षा विभाग ने संबंधित स्कूलों को परीक्षा से सामग्री पहुंचा दी है।

जिन स्कूलों में यह सामग्री नहीं पहुंची हैं, उन्हें परीक्षा से पहले शिक्षा विभाग की ओर से नियुक्त आब्र्जवर पहुंचा देंगे व परीक्षा को पूर्ण रूप से पारदर्शिता के साथ करवाएंगे। इस बारे में उपनिदेशक गुणवत्ता नियंत्रण नवीन शर्मा ने बताया कि इस छात्रवृत्ति परीक्षा को पूरी जिम्मेदारी के साथ आयोजित करवाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश स्कूलों के मुखिया को जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा एक अन्य मूल्यांकन सर्वेक्षण की तरह काम करेगी तथा कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों के सीखने के स्तर का मूल्यांकन करने में मदद करेगी। (अनंत ज्ञान)

### सीसीटीवी की निगरानी में होगी परीक्षा

**यह** परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में आयोजित की जाएगी व जिन स्कूलों में कैमरे नहीं हैं, वहां पर परीक्षा निरीक्षक पारदर्शिता बरतते हुए यह परीक्षा आयोजित करवाएंगे। इस दौरान स्कूलों का निरीक्षण भी किया जाएगा। इस बारे में उच्च शिक्षा उपनिदेशक माही राम चौहान ने बताया कि सभी स्कूलों को परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ करवाने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा बोर्ड परीक्षा की तरह आयोजित की जाएगी, जिसमें नकल की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने बताया कि मेरिट के आधार पर ही छात्रों का चयन किया जाएगा।

# भोरंज स्कूल की मेधावी छात्राएं की सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल में ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएश 'योगदान' भोरंज ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज की दसवीं कक्षा की परीक्षा में राज्य स्तर पर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली दो होनहार छात्राओं को सम्मानित किया। इसमें पलक शर्मा ने हिमाचल प्रदेश बोर्ड परीक्षा में आठवां और सिम्मी ने दसवां स्थान प्राप्त कर भोरंज स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

एसोसिएशन की ओर से छात्राओं को स्मृति चिन्ह और 2100 रुपए देकर सम्मानित किया गया। ओएसए के सचिव किशोर आजाद ने बताया कि ओएसए संस्था पूर्व छात्रों द्वारा संचालित एक सामाजिक संगठन है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय है।


ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन 'योगदान' ने दो मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया।

संस्था द्वारा पूर्व में रक्तदान शिविर, क्विज प्रतियोगिता और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन भी भोरंज स्कूल में किया गया है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से विद्यालय का समग्र विकास संभव हो पाता है।

इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष सुदेश ठाकुर, आकाश मुनिहाल, अधिवक्ता दिनेश संधू, कैप्टन राकेश, कुलदीप पटियाल व स्कूल का समस्त परिवार मौजूद था।

# धनेटा क्षेत्र के कई गांवों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपकेंद्र धनेटा में 21 मई को उपकरणों को बदलने और लाइनों के आसपास पेड़ों की कांट-छांट के कार्य के चलते कश्मीर, कांगू और बदारन फीडर के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में बिजली बंद रहेगी।

विद्युत उपमंडल धनेटा के सहायक अभियंता सुशील कुमार ने इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# लोक कल्याण कमेटी लुथान ने बच्चे के इलाज के लिए दी आर्थिक सहायता

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन के साथ लगते लुथान क्षेत्र की समाजसेवी संस्था लोक कल्याण कमेटी लुथान की मासिक बैठक में बीमार नन्हे बच्चे के इलाज के लिए आर्थिक सहायता दी गई। बैठक में कमेटी के पास पंचायत के गांव सुधंगल की रमा देवी पत्नी स्वर्गीय संजीत कुमार के बीमार बच्चे की सहायता के लिए प्रस्ताव आया।

इस पर कमेटी ने बच्चे के इलाज के लिए 5000 रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवा दी है। बैठक में कमेटी महासचिव सुरेंद्र ठाकुर के अलावा पदाधिकारी सरोज कुमारी, परमजीत सिंह, प्रताप सिंह, लक्की, सीमा कुमारी, निर्मला देवी, सुनीता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

कमेटी के महासचिव सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि लोक कल्याण कमेटी लुथान पिछले 9 वर्ष से लगातार जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी के अतिरिक्त यदि कोई गांव का जरूरतमंद व्यक्ति बीमार हो जाए तो उसकी सहायता कर रही है। कमेटी सभी दानी सज्जनों का भी आभार प्रकट करती है, जो संस्था को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने समर्थवान लोगों से आह्वान किया कि वे गरीबों की सहायता के लिए आगे आएं। (अनंत ज्ञान)

# गलोड़ क्लस्टर के अंतर्गत 21 मई को गाहली पंचायत में होगी समीक्षा बैठकें

**वीरेंद्र गोस्वामी , बड़ा**

खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने विकास खंड नादौन की विभिन्न पंचायतों में होने वाली समीक्षा बैठकों की सूची जारी करते हुए बताया कि इन पंचायत स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठकों में जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत प्रधान, उपप्रधान, पंचायत बार्ड पंच, पंचायत सचिव, पंचायत तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक विशेष रूप से भाग लेंगे।



अधिकारी ने बताया कि पंचायत स्तर पर ये बैठक चार महीनों में एक बार होती हैं। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायतों में हो रहे विकास कार्य की समीक्षा करना है एवं इस तरह की बैठकों से एक तो पंचायत स्तर पर करवाए जा रहे विकास कार्यों को गति मिलती है एवं जमीनी स्तर पर पंचायत में विकास कार्यों को करवाने में आ रही समस्याओं की भी जानकारी प्राप्त होती है ताकि उन समस्याओं को दूर करने के लिए उन पर विस्तार से चिंतन किया जा सके।

नादौन की विभिन्न पंचायतों में आयोजित होने वाली समीक्षा

**नादौन की पंचायतों में समीक्षा बैठकों की सूची जारी**

बैठक इस प्रकार से आयोजित की जाएंगी। 21 मई को कलस्टर गलोड़ के अंतर्गत आने वाली पंचायतें लहड़ा पंचायत, गोइस, गलोड़ खास, हडेटा, उटटप, गाहली, मेड, फाहल, कश्मीर, सरेड़ी की समीक्षा बैठकें पंचायत गाहली में रखी गई हैं। 22 मई को कलस्टर मालग के अंतर्गत आने वाली पंचायतें पंचायत बढेड़ा, पन्याली, मालग, बटरान, मझेली, बूनी, रंगस, जोल सप्पड़, सनाही, घलूं की समीक्षा बैठकें पंचायत मालग में रखी गई हैं। 23 मई को बड़ा कलस्टर के अंतर्गत आने वाली पंचायतें जीहन, बड़ा चोड़ू, फस्टे, बालडूक, सपड़ोह, रैल, पुतड़ियाल, कडरोला प्लासी, बरदियाड़ की समीक्षा बैठकें ब्लॉक कार्यालय में आयोजित होंगी।

24 मई को धनेटा कलस्टर के अंतर्गत आने वाली पंचायतें, धनेटा, ग्वालत्थर, भदरू, मनसाईं, बदारण, हथोल, झलान, बेहरड़, जसाईं, पंसाईं की बैठकें पंचायत धनेटा में होगी। 26 मई को भूंपल कलस्टर के अंतर्गत आने वाली पंचायतें नोहगी, दंगड़ी, जलाड़ी, कोटला चिलियां, भूंपल, मण, लाहड कोटलू, कमलाह, कोहला की बैठकें ब्लॉक कार्यालय में होगी। 2 मई को गौना कलस्टर के अंतर्गत आने वाली पंचायतें, गौना, भरमोटी खुर्द, बेला, बसारल, भदरोल, किटपल, अमलेहड़, माझीयार कलूर की बैठक ब्लॉक कार्यालय में होगी।

खंड विकास अधिकारी ने यह भी बताया कि 28 मई को ब्लॉक कार्यालय में कामगार कल्याण बोर्ड की एक विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें पंचायत के प्रधानों एवम सचिवों को सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं की विशेष रूप से जानकारी दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# भारत माता की जय के उद्घोष से गूंजा सुजानपुर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

भारत माता की जय, भारतीय सेपा जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद तमाम नारों के साथ सुजानपुर बाजार गूंज उठा। सोमवार को सुजानपुर भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा शहर में निकाली गई। विश्रामगृह सुजानपुर से शुरू हुई है तिरंगा यात्रा पूरे शहर का भ्रमण करने के बाद पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई।

पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता राजेंद्र राणा की अगुवाई में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और भारत माता की जय का उद्गोष करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

**पहलगाम आतंकी हमले का ऑपरेशन सिंदूर से दिया जवाब : राजेंद्र राणा**

इस दौरान पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब है।

भारतीय सेना ने पाकिस्तान को बता दिया है कि भारत अब किसी भी तरह से न झुकने वाला है और न डरने वाला है, अगर वहां से एक गोली चलेगी तो यहां से गोलियों की बरसात होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने भारतीय सेना को पूरी तरह से खुली छूट दी है जिसके चलते अब सेना गोली चलाने के लिए किसी की आज्ञा का इंतजार नहीं करती, सीधा आतंकियों पर वार करती है। जिस तरह से भारत-पाकिस्तान युद्ध हुआ और भारतीय सेना ने पराक्रम दिखाते हुए पाकिस्तान द्वारा चलाए गए ड्रोन एवं अन्य उपकरणों को हवा में ही तहस नहस किया। यह इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि भारतीय सेना और सेना को दिया गया सुरक्षा कवच पूरी तरह से दमदार है। उन्होंने कहा कि सेना सरहद पर तैनात है, इसलिए हम सब बेफिक्र होकर घरों में चेन की नींद सोते हैं।

# भाजपा की तिरंगा यात्रा से कांग्रेस की बौखलाहट उजागर : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा जिला इकाई के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस प्रवक्ता के बयान पर कहा कि देशभर में निकाली जा रही भव्य तिरंगा यात्रा से कांग्रेस पूरी तरह बौखला गई है। ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर में आयोजित हुई तिरंगा यात्रा, सिंदूर ऑपरेशन के वीर सैनिकों को सम्मान देने के लिए थी, जिन्होंने आतंकियों को करारा जवाब दिया और देश की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा।



कांग्रेस नेताओं को यह समझना चाहिए कि यह यात्रा किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि देश के सपूतों को सम्मान देने के लिए है, लेकिन कांग्रेस नेता केवल अपनी राजनीति चमकाने के लिए उलूल-जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं। इससे उनकी बौखलाहट और राजनीतिक हताशा झलकती है। राकेश ने कहा कि जब-जब प्रदेश या केंद्र में भाजपा की सरकार रही है, सैनिकों का सम्मान हमेशा सर्वोपरि रहा है। वन रैंक वन पेंशन की मांग को सबसे पहले संसद में उठाने वाले हमीरपुर के ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल थे। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार के गठन के बाद भाजपा ने इस योजना को अमल में लाकर लाखों सैनिकों को न्याय दिलाया।

उन्होंने कांग्रेस नेताओं को सलाह दी कि वे देश के सैनिकों का अपमान करना बंद करें और राजनीतिक लाभ के लिए राष्ट्रभक्ति के कार्यों को निशाना बनाना छोड़ें।

**सफलता** एसडीएम की अगुवाई में पैराग्लाइडर पायलट ने किया टेक ऑफ और लैंडिंग

# सुजानपुर में होगी पैरा मोटर ग्लाइडिंग, ट्रायल सफल

**ए कुमार, सुजानपुर**

सुजानपुर में शीघ्र ही प्रोफेशनल स्तर पर पर पैरा मोटर ग्लाइडिंग शुरू होगी। इसके साथ-साथ सुजानपुर के साथ बहती ब्यास नदी में रीवर राफ्टिंग को भी शुरू कर दिया जाएगा। पैरा मोटर ग्लाइडिंग का सफल आगाज सुजानपुर में एसडीएम सुजानपुर की अगुवाई में किया गया। इस अवसर पर पैराग्लाइडर पायलट द्वारा सुजानपुर में सफल टेक ऑफ तथा लैंडिंग की गई। सुजानपुर चौगान में आयोजित इस ट्रायल में टूरिज्म विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

सुजानपुर के एसडीएम विकास शुक्ला ने पद संभालने के पहले ही दिन सुजानपुर को नई सौगात दी है। उन्होंने बताया कि सुजानपुर में टूरिज्म की अत्यंत संभावनाएं हैं। यहां पर पैराग्लाइडिंग के अलावा सुजानपुर की साथ बहती ब्यास नदी में भी टूरिज्म को बढ़ावा दिए जाने का सरकार का प्रपोजल है। उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां पर रिवर राफ्टिंग शुरू की जाएगी, जिसका भी जल्द ही ट्रायल होगा। उन्होंने बताया कि तीसरा में टेक ऑफ की साइट पर बिजली की कुछ तारे हैं। विभागीय अधिकारियों को इन्हें हटाने को कहा जा रहा है।


पायलट के साथ एसडीएम व अन्य गणमान्य।

**पैराग्लाइडिंग के निर्धारित होंगे रेट**

पैराग्लाइडिंग के रेट टूरिज्म विभाग द्वारा निर्धारित किए जाएंगे। इसके लिए पैराग्लाइडर पायलट एडवेंचर्स व्यक्ति के साथ उड़ान भरेगा। इसके अलावा ब्यास नदी में रिवर राफ्टिंग को बढ़ावा देने के लिए भी यहां पर कार्य किया जाएगा, जिसका ट्रायल भी जल्द होगा। माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट मनाली के डायरेक्टर अविनाश नेगी ने बताया कि इसके लिए बेहद नॉमिनल चार्ज निर्धारित होंगे।

**पहले जाना पड़ता था कुल्लू-मनाली**

क्षेत्र के लोगों को एडवेंचरस गतिविधियों में भाग लेने के लिए यहां से दूर मनाली, मंडी, कुल्लू आदि स्थानों पर जाना पड़ता है। अब यहां पर यह गतिविधियां शुरू होने से न केवल यहां पर टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए-नए अवसर भी पैदा होंगे। (अनंत ज्ञान)

### टिहरा से होगा टेक ऑफ, चौगान में होगी लैंडिंग

**टिहरा** स्थित महलों से मोटर ग्लाइडर उड़ान भरेगा, जबकि इसकी लैंडिंग सुजानपुर चौगान में होगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि सुजानपुर को टूरिज्म की दृष्टि से विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि सुजानपुर की साइट को टूरिज्म विभाग द्वारा मान्यता मिल गई है। जल्द ही यहां पर टूरिज्म की गतिविधियां शुरू हो जाएंगी।

# चार माह में वितरित की 15 .27 करोड़ की खाद्य सामग्री : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की बैठक उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में इस वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान खाद्य सामग्री और रसोई गैस के वितरण तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग से संबंधित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।



इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि इन चार महीनों के दौरान जिले के कुल 1,49,539 राशन कार्डों के 5,34,135 उपभोक्ताओं को 316 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से कुल 15.27 करोड़ रुपए से अधिक की खाद्य सामग्री वितरित की गई। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग और राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि फील्ड में नियमित रूप से निरीक्षण किए जाने चाहिएं तथा खाद्य वस्तुओं की अधिक से अधिक सैंपलिंग होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि गत चार महीनों के दौरान विभाग के अधिकारियों ने 378 निरीक्षण किए, जिनमें से एक मामले में अनियमितता पाई गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग के मामलों पर भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक शिव राम ने विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग, जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### जेपी नड्डा ने पिथौरागढ़ में सेना के जवानों से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान, शिमला।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा पिथौरागढ पहुंचे। जहां जेपी नड्डा ने सेना के जवानों से भेंट की। उन्होंने वाइब्रेंट विलेज गुंजी में आर्मी गेस्ट हाउस का दौरा किया, जहां अपने वीर जवानों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वालों की उपस्थिति में होना एक विशेष अनुभव था। ऐसी कठोर और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सेवा करते हुए उनकी लचीलापन और प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक थी। इसके साथ ही स्थानीय लोगों से भी जेपी नड्डा ने मुलाकात की।

### सफाई कर्मचारियों की मांगों पर करेंगे विचार : सीएम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सरकारी एवं अर्धसरकारी चालक एवं सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की और उन्हें मांगों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उनकी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी और उपयुक्त कदम उठाएगी।

### एक राष्ट्र एक चुनाव की संसदीय समिति महाराष्ट्र दौरे पर



**अनंत ज्ञान, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व राष्ट्र एक चुनाव पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के सदस्य अनुराग सिंह ठाकुर ने समिति अन्य सांसदों के साथ महाराष्ट्र प्रवास के दौरान आज महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ विभिन्न आधिकारिक बैठकों में वन नेशन वन इलेक्शन की आवश्यकता व उपयोगिता पर अपने विचार रखे।

### सुक्खू ने आस्था अग्निहोत्री का जाना कुशलक्षेम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पुत्री आस्था अग्निहोत्री का कुशलक्षेम जाना, जो हाल ही में चोटिल हो गई थीं। मुख्यमंत्री ने आस्था अग्निहोत्री के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।



### 5 किलो 208 ग्राम चरस सहित नशा तस्कर काबू

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के पुलिस थाना बैजनाथ के तहत एक व्यक्ति से 5 किलो 208 ग्राम चरस की बड़ी खेप पकड़ी गई है। बैजनाथ पुलिस ने इस मामले में कुल्लू जिला के नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि उक्त मामले में बैजनाथ पुलिस थाना के तहत लुआई में चरस की खेप के साथ तारा चन्द निवासी तियून डाकघर दोगरी जिला कुल्लू को से 5 किलो 208 ग्राम चरस /भांग के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपित का पुलिस रिमांड लिया है। इस दौरान उससे यह पता लगाया जा रहा है कि उसने यह चरस कहां से लाई और किसे बेचने जा रहा था।

# सीएम सुक्खू बोले–तुर्किये के सेब पर लगे प्रतिबंध, बागवानों को हो रहा नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि, 24 मई को वह दिल्ली जा रहे हैं। दिल्ली में वह प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर तुर्किये के सेब आयात पर प्रतिबंध की मांग करेंगे। उन्होंने कहा, इसे लेकर वह प्रधानमंत्री कार्यालय को एक पत्र भी भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, विदेशी सेब के आयात से स्थानीय बागवानों को नुकसान हो रहा है।

विदेशी सेब के कारण बाजार में दाम गिर जाते हैं। इससे हिमाचल के साथ उत्तराखंड और कश्मीर के सेब उत्पादकों को भी परेशानी होती है। सुक्खू ने कहा कि बागवान पूरे साल मेहनत करते हैं और सालों तक बगीचे को अपने बच्चे की तरह पालता है, लेकिन जब उनका सेब मंडी में पहुंचता है, तो उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता। उन्होंने तुर्किये के सेब आयात पर प्रतिबंध के साथ-साथ विदेशी सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि चिंताजनक यह है कि बीते एक दशक के दौरान तुर्की से सेब आयात में कई गुणा बढ़ौतरी हुई है। इससे हिमालय राज्यों के सेब उद्योग पर संकट मंडरा रहा है।



जानकारी देते हुए सीएम सुक्खू।

### पाकिस्तान की मदद करने पर उठी सेब प्रतिबंध की मांग

**बता** दें कि तुर्की द्वारा पाकिस्तान की मदद के बाद हिमाचल में तुर्किये के सेब आयात पर प्रबंध को मांग तेज हुई है। हिमाचल में सेब उत्पादकों के साथ-साथ राजनीतिक दल भी इस मांग को प्रमुखता से उठा रहे हैं। हिमालयन एपल ग्रोवर्स सोसायटी ने दो दिन पहले ही केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से दिल्ली में भेंट कर तुर्किये के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई है। अब हिमाचल सीएम ने भी इस मांग को प्रधानमंत्री के समक्ष उठाने का भरोसा दिया हैं।

### कहा–नए बन रहे कमीशन दफ्तर ही करेंगे शिफ्ट

**शिमला** से सरकारी दफ्तर शिफ्ट करने के सवाल पर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि शिमला से किसी भी विभाग का मुख्यालय शिफ्ट नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, नए-नए बन रहे कमीशन दफ्तर को ही यहां से शिफ्ट करेंगे। शिमला को डी-कंजस्ट करना जरूरी है। जिस दफ्तर को शिफ्ट किया जाएगा, उनकी महिला कर्मचारियों को शिमला में ही रुकने का भी विकल्प दिया जाएगा। सीएम ने कहा, पूर्व भाजपा सरकार एक हजार करोड़ की बिल्डिंग बनाकर चली गई, जो कि खाली पड़ी है। उनकी सरकार खाली पड़ी बिल्डिंग का इस्तेमाल करेगी।

### विकासात्मक कार्यों को समय रहते पूरा करें

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को शिमला से वर्चुअल माध्यम से जिला हमीरपुर के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जिला में कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि इन्हें समयबद्ध पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को बेसहारा जानवरों से जुड़ी समस्या का समाधान करने व किसानों को राहत देने के लिए गो-अभ्यारण्य के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने हमीरपुर-घुमारवीं, नादौन-अंब तथा भोटा-ऊना सड़कों के किनारे ई-चार्जिंग व्हीकल स्टेशन स्थापित करने के लिए स्थान चिन्हित करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नादौन ब्लॉक की ग्राम पंचायत हरेटा में 7 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले इको टूरिज्म परियोजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचयाती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह शिमला में उपस्थित रहे तथा उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारी हमीरपुर से वर्चुअली जुड़े।

# रबड़ स्टांप नहीं होना चाहिए कांग्रेस का नया अध्यक्ष : विक्रमादित्य सिंह

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर सोमवार को लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के पुनर्गठन का अंतिम निर्णय केंद्रीय नेतृत्व करेगा। केंद्रीय आलाकमान का ये विशेष अधिकार है, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष पद पर मजबूत नेतृत्व क्षमता वाले व्यक्ति को नियुक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए अध्यक्ष के रूप में ऐसे नेता को कमान मिलनी चाहिए जिसकी कम से कम 3-4 जिलों में मजबूत पकड़ हो।



कहा-मजबूत नेतृत्व वाले को मिले कमान

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कमजोर नेतृत्व वाले व्यक्ति की नियुक्ति संगठन के हित में नहीं होगी। प्रदेश अध्यक्ष रबड़ स्टांप नहीं होना चाहिए।(अनंत ज्ञान)

### विकास परियोजनाओं में तेजी लाने के प्रयास शुरू

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लोक निर्माण और शहरी विकास विभागों के तहत विकासात्मक परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए व्यापक रणनीति अपनाई जा रही है। हिमाचल प्रदेश प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के चरण-4 के तहत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अपलोड करने में देश में अग्रणी है। राज्य 1500 किलोमीटर सड़क निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कार्य कर रहा है। वहीं परियोजनाओं के कार्यान्वयन में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग के डिवीजनों को लाल, पीला, हरा और गैर-निष्पादित, चार वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ आरोप पत्र तय करने और ब्लैक लिस्ट में डालने सहित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि शहरी विकास विभाग के तहत शहरी चुनौती निधि के तहत 1200 करोड़ रुपए की परियोजनाएं प्रस्तावित है, जिसके तहत केंद्र और राज्य सरकार के माध्यम से 25 प्रतिशत धनराशि तथा शेष राशि बैंकों और बाजार के माध्यम से जुटाई जाएगी।

### काम पूरा न करने पर ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

**वहीं** उन्होंने अपने विभाग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में सड़कों के निर्माण व विकास का कार्य तेजी से हो रहा है। मंत्री ने कहा कि समय सीमा में काम पूरा न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को चार्जशीट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रिव्यू बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सभी अधिकारी समय पर काम पूरा करें और समय पर काम पूरा करने वाले अधिकारियों को सरकार इनाम भी देगी। लेकिन, जो अधिकारी समय पर काम पूरा नही करेंगे उन्हें किसी भी सूरत में नही बख्शा जाएगा।

### हिमाचल को विशेष श्रेणी में शामिल करने की मांग

**मंत्री** ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को विशेष श्रेणी राज्य का दर्जा प्रदान करने के लिए वह शीघ्र ही केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट करेंगे। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले के तीन महीनों के भीतर विकासात्मक परियोजनाओं को पूरा करना महत्वपूर्ण है, ताकि मानसून के दौरान सड़कों पर वाहन चलाते समय दिक्कत न आए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि तुर्की का खुल कर बहिष्कार होना चाहिए।

# ओपीएस के वादे से पीछे हट रही है सरकार : जयराम ठाकुर

**अनिल शर्मा, मंडी**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार अपने ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) के वादे से भी पीछे हट रही है। जिन चुनावी गारंटियों के दम पर कांग्रेस सत्ता में आई है। एक-एक करके उनसे किनारा कर रही है। मुझे यह बात स्पष्ट रूप से पता चली है कि अब मुख्यमंत्री सुक्खू ने अधिकारियों को ओपीएस की जगह केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का विकल्प तलाशने के निर्देश दिए हैं। सुक्खू सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने का फैसला किया था।



कैबिनेट के फैसले के बाद भी यह स्कीम पूरी तरह लागू नहीं हुई थी। कैबिनेट के फैसले में ही निगम और बोर्ड के कर्मचारियों को ओपीएस में पहले ही शामिल नहीं किया गया था। जिन विभागों को शामिल भी किया गया था, उनमें कोई स्पष्टता नहीं थी। प्रदेश के कर्मचारियों को भी इसका लाभ ढंग से नहीं मिल रहा था जिससे कर्मचारियों में ऊहापोह की स्थिति थी। ऐसे में सरकार द्वारा यूपीएस के लिए विकल्प तलाशने के लिए कहना समझ के परे है। यह सरकार का अपनी गारंटियों से मुंह मोड़ना और अपने फैसले से भागना है। यह सरकार खुद को कर्मचारियों हितैषी होने का दम भरती है, लेकिन सरकार की कारगुजारियां कर्मचारी विरोधी की है।

यह सरकार प्रदेश के लोगों को न कोई सुविधा दे पा रही है और न ही कर्मचारियों और पेंशनरों को समय से वेतन और पेंशन। कर्मचारियों का डीए लंबे समय से लंबित है। कर्मचारियों के मेडिकल बिलों का भुगतान भी नहीं हो रहा है। अब सुक्खू सरकार यूपीएस का विकल्प चुनकर अपनी लायबिलिटी केंद्र सरकार पर थोपना चाहती है। क्या यह प्रदेश के कर्मचारियों के साथ धोखा नहीं है?

जिन गारंटियों के दम पर कांग्रेस सत्ता में आई थी उन सभी गारंटियों से मुंह मोड़ लेना जनादेश का अपमान है। वहीं हर विधानसभा में स्वास्थ्य संस्थान और डे बोर्डिंग स्कूल खोलना दूर की बात सत्ता में आने के बाद स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए। (अनंत ज्ञान)

### तिरंगा यात्राओं में हों शामिल : बिहारी लाल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में पूरे देश भर में भारतीय जनता पार्टी के आग्रह पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि इसी कड़ी में सिटिजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी के बैनर तले इन तिरंगा यात्राओं का संचालन पूरे देश में व हिमाचल प्रदेश में किया जा रहा है।



बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि देश व सेना के सम्मान के लिए राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर सभी को इन तिरंगा यात्राओं में शामिल होना चाहिए और आम जनमानस को भी इन तिरंगा यात्राओं में सम्मिलत होकर देश व सेना के सम्मान को बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल में 171 मंडलों एवं 94 जिला परिषद वार्डों के तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

### लोहे की रॉड से युवक पर हमला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पुलिस थाना हमीरपुर में जान बूझकर गंभीर चोट पहुंचाने का मामला सामने आया है।

सदर थाना हमीरपुर में शिकायतकर्ता अवनीश कुमार पुत्र राज कुमार निवासी हीरानगर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि जब यह पक्का भरो में चिकन कॉर्नर कि शाप पर बैठा था तो अमित भारद्वाज व उसके साथ आए अन्य दो व्यक्तियों ने उसके साथ गाली-गलौच, लड़ाई-झगड़ा तथा लोहे की रॉड से मारपीट की है। थाना प्रभारी यादेश ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### भोरंज में युवक से 5.3 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पुलिस थाना भोरंज के तहत एक पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान साहिल गौतम पुत्र सुनील कुमार गांव तलाओ डा. फतेहपुर त. सरकाघाट जिला मंडी के कब्जा से 5.3 ग्राम चिट्टा व पारदर्शी लिफाफे बरामद किए हैं। थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ने बताया कि युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### व्यक्ति ने जहर खाकर जीवनलीला की समाप्त

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पुलिस थाना सुजानपुर के तहत मंडयार गांव के एक व्यक्ति ने रविवार को जहर निगलकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली है। जानकारी के अनुसार डॉ. राधा कृष्णन अस्पताल हमीरपुर से थाना सुजानपुर में सूचना प्राप्त हुई कुलदीप सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी मंड़यार तहसील टौणीदेवी ने जहरीली वस्तु निगली है तथा अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है। पुलिस की टीम मौके पर नियमानुसार कार्रवाई की गई तथा चिकित्साधिकारी द्वारा उक्त व्यक्ति को रविवार को ही टांडा के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन उक्त व्यक्ति की उपचार के दौरान टांडा में सोमवार को मृत्यु हो गई है। इस संदर्भ में स्थानीय पुलिस द्वारा हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

### लीट परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी, 25 को होगी परीक्षा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा 25 मई को आयोजित की जाने वाली लेटरल एंट्री टेस्ट (लीट) परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं।

लीट परीक्षा के माध्यम से प्रदेश के सरकारी व निजी बहुतकनीकी संस्थानों में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष के लिए प्रवेश प्रदान किया जाएगा। लीट के लिए दो हज़ार 50 उम्मीदवारों के लिए 13 केंद्र बनाए गए हैं। इस प्रवेश परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों ने बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से अपना पंजीकरण करवाया है, उनके एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उक्त अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।




उधर, तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव अशोक पाठक ने बताया कि लीट परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत फोन नंबर और ई-मेल आईडी पर उनके एडमिट कार्ड भेज दिए गए हैं। किसी कारणवश अगर कोई अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड वेबसाइट से डाउनलोड नहीं कर पाया है, तो वह बोर्ड को ई-मेल के माध्यम से सूचित करें, ताकि उसका एडमिट कार्ड संबंधित स्टेशन सेंटर को मेल किया जा सके। इसके अलावा अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट से भी अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड डालकर एडमिट कार्ड को डाउनलोड कर सकते हैं।

## धर्मशाला के जम्मू-कश्मीर बैंक में 5 करोड़ रुपए का हुआ घोटाला

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

धर्मशाला स्थित जम्मू-कश्मीर बैंक में 5 करोड़ के घोटाले का मामला सामने आया है। बैंक में हुए इतने बड़े घोटाले को लेकर हड़कंप मच गया है।




बताया जा रहा है कि बैंक के अधिकारियों व अन्य लोगों द्वारा फर्जी बैंक गारंटी बनाकर एक पार्टी को 5 करोड़ रुपए का लोन दे दिया। शिकायतकर्ता के आधार पर पुलिस ने बैंक में हुए इस घोटाले को लेकर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित व्यक्ति ने इस घोटाले को लेकर धर्मशाला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि उसके द्वारा लोन के लिए जमा किए गए दस्तावेजों का इस्तेमाल किसी अन्य व्यक्ति को लोन देने में किया गया। मामले में धारा 420 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता मदन लाल कपूर ने बताया कि 30 जुलाई, 2019 को जम्मू-कश्मीर बैंक के अधिकारियों और कावी होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों ने धोखाधड़ी की है। बैंक की औपचारिकताओं के नाम पर उनके खाली दस्तावेजों पर हस्ताक्षर लिए गए। इन दस्तावेजों का इस्तेमाल कर फर्जी बैंक गारंटी बनाई गई ओर अन्य व्यक्ति को 5 करोड़ का लोन दिया गया।

प्रथम जांच में बताया जा रहा है कि इस फर्जी गारंटी के आधार पर किसी अन्य व्यक्ति को 5 करोड़ का लोन दिया गया। इसके बाद शिकायतकर्ता की निजी संपत्तियों को अटैच कर दिया गया।

पीड़ित को तब मामले का पता चला जब उन्हें लोन न लेने के बावजूद कानूनी नोटिस मिलने लगे। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा शिकायतकर्ता के आरोपों की जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### महिला से बलात्कार करने वाला आरोपी पुलिस रिमांड पर

**अनिल, हमीरपुर।** महिला थाना हमीरपुर में रविवार को एक महिला के साथ बलात्कार करने व जान से मारने की धमकी में गिरफ्तार आरोपी को सोमवार को माननीय एसीजेएम हमीरपुर के न्यायालय में पेश किया गया, जिसको माननीय न्यायालय द्वारा उक्त व्यक्ति को 22 मई तक का पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। महिला द्वारा की गई शिकायत के अनुसार आरोपी ने महिला को लिफ्ट देने के बहाने जंगल में ले गया वहां पर महिला के साथ मारपीट व बलात्कार किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया था जिसे सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया।

इस मामले में आरएफएल मंडी की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया तथा महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं। इस बारे में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। (अनंत ज्ञान)

### बसों का किराया बढ़ाने को लेकर बवाल

## सीएम सुक्खू का फूंका पुतला चक्का जाम कर जताया विरोध



शिमला में एसएफआई के कार्यकर्ता सीएम का पुतला जलाते हुए।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बढ़ते किराये के खिलाफ एसएफआई हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी ने विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री का पुतला फूंक कर अपना कड़ा विरोध जताया। इस धरने को लेकर अपनी बात रखते हुए एसएफआई राज्य कमेटी के सदस्य अंकुश राणा ने कहा की प्रदेश सरकार ने जो किराया बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है, वह जनता विरोधी और छात्र विरोधी फैसला लिया गया है। राज्य सहसचिव उपेंद्र कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 28 मार्च को विधानसभा का सत्र खत्म हुआ। उसके बाद कांग्रेस सरकार की कैबिनेट की मीटिंग हुई, जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा बसों का मिनिमम किराया 10 रुपए करने का निर्णय लिया गया था।

प्रदेश सरकार ने बजट सत्र में घोषणा की थी कि 1000 सरकारी बस रूटों को प्राइवेट बस ऑपरेटर को दिया जाएगा। सरकारी रूटों को प्राइवेट बस ऑपरेटरों को देना एचआरटीसी का पूरी तरह से निजीकरण करने की साजिश है। एसएफआई का मानना है कि यह निर्णय विधायकों और मंत्रियों के बड़े हुए वेतन और भत्तों को पूरा करने के लिए लिया गया है, जिसे तुरंत प्रभाव से वापस करें।

**अनुमान** प्रदेश में आज भारी बारिश की चेतावनी, बारिश के साथ आएगा तूफान

## पांच जिलों में ऑरेंज अलर्ट, 24 तक मौसम खराब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में मंगलवार को भी भारी बारिश होगी। बारिश के साथ ओलावृष्टि, तूफान की भी चेतावनी जारी की गई है। पांच जिलों में ऑरेंज अलर्ट दिया गया है, जबकि सात अन्य जिलों के येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 24 मई तक प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। इस दौरान राज्य के पांच जिलों कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर में आंधी, बारिश व ओलावृष्टि होने का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि शेष सात जिलों में भारी बारिश व तूफान चलने का पूर्वानुमान है। यहां के लिए यलो अलर्ट जारी है। 20 मई को भारी बारिश बताई गई है। बीते 24 घंटों के दौरान भी पहाड़ों सहित मैदानी इलाकों में कई स्थानों पर गर्जन के साथ तूफान व बारिश रिकॉर्ड की गई है।

मैदानी इलाकों में तापमान में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं आया है।



अभी भी मैदानी इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन, शिमला, कुल्लू, मंडी व सिरमौर में कई स्थानों पर तूफान चलने की भी सूचना है।

अधिकतम तापमान में बीते रोज के मुकाबले कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं आंका गया है, जिससे अभी भी ऊना, पांवटा साहिब, सुंदरनगर, बिलासपुर, हमीरपुर व कांगड़ा में लोगों को दिन के समय जमकर गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी शिमला में भी मौसम में उतार चढ़ाव जारी है। यहां पर भी उमस भरी गर्मी सज लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

### किसानों को सतर्क रहने की सलाह

**मौसम** में इस अचानक बदलाव से सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड सकता है। मौसम विभाग ने किसानों को आगाह किया है कि वे अपनी फसलों की सुरक्षा पहले से सुनिश्चित कर लें। खास तौर पर सेब, टमाटर और सब्जियों की फसलें तेज हवाओं और ओलों की मार झेल सकती हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि वे खेतों में मजबूत टेंट या ढांचों का इंतजाम करें।

### हिमाचल पहुंच रहे पर्यटक

**जहां** एक तरफ पहाड़ों में मौसम ने करवट ले ली है, वहीं मैदानों में बढ़ती गर्मी से राहत पाने के लिए सैलानियों ने हिमाचल का रुख कर लिया है। बीते हफ्ते में शिमला, मनाली, कसौली और धर्मशाला जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ देखने को मिली। जून के लिए फिर से एडवांस बुकिंग जोरों पर है।

### कुलपति के सेवा विस्तार पर विवाद जारी

## प्रदेश युवा कांग्रेस ने राजभवन के समक्ष किया जोरदार प्रदर्शन



राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल युवा कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सोमवार को राजभवन के समक्ष एक विशाल प्रदर्शन आयोजित किया। यह प्रदर्शन डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कुलपति को दी गई अवैध अवधि विस्तार के खिलाफ था। यह विस्तार उच्च न्यायालय के उस आदेश की अवहेलना करता है, जिसमें कुलपति की नियुक्ति को अवैध घोषित किया गया था।

इस मुद्दे ने पूरे प्रदेश में व्यापक आक्रोश पैदा किया है, जिसे युवा कांग्रेस ने अपनी आवाज बुलंद कर व्यक्त किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस ने राजभवन को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें इस अवैध विस्तार को तत्काल रद्द करने की मांग की गई। युवा कांग्रेस अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर ने इस अवैध विस्तार को संवैधानिक मूल्यों और कानूनी मर्यादाओं पर प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में ऐसी अवैध नियुक्तियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि कुलपति का अवैध विस्तार तत्काल रद्द नहीं किया गया, तो युवा कांग्रेस आंदोलन तेज करेगी।

येषामर्थे काङ्क्षितं नो राज्यं भोगाः सुखानि च।
त इमेऽवस्थिता युद्धे प्राणांस्त्यक्त्वा धनानि च॥

**हमें** जिनके लिए राज्य, भोग और सुखादि अभीष्ट हैं, वे ही ये सब धन और जीवन की आशा को त्याग कर युद्ध में खड़े हैं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 20 मई 2025



# मनोकामना की सिद्धि का परिचायक शिमला का कालीबाड़ी मंदिर

## श्यामला माता के नाम से पड़ा शिमला का नाम

**बंगाल राज्य से आते सबसे ज्यादा श्रद्धालु**

**चंडी माता और दुर्गा माता की भी होती आराधना**

**देश- विदेश के लाखों श्रद्धालु टेकते माथा**

**200 साल पुराना मां का इतिहास**

इतिहास के पन्नों में मां आदि शक्ति की महिमा अपरंपार है। शक्ति स्वरूपा मां की अनंत शक्ति के अनंत रहस्य हैं। दुःखों को हरने वाली मां सुख के उजले पथ पर ले जाती हैं। ऐसी ही जगत माता का एक भव्य स्वरूप राजधानी शिमला स्थित विख्यात कालीबाड़ी मंदिर में मौजूद है, जहां पर हर वर्ष लाखों श्रद्धालु मां के दीदार को आते हैं। यहां पर देशभर से श्रद्धालु मां के दर्शन की चाहत लेकर पहुंचते हैं, विशेषकर पश्चिम बंगाल राज्य से सबसे ज्यादा श्रद्धालु मां के दर्शन को आते हैं, जिन्होंने कालांतर में मां के मंदिर स्थापना में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। करीब 200 साल से बंगाली परिवार के ब्राह्मण ही यहां पर मां की पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। पहाड़ों की रानी शिमला को उसके प्राचीन नाम श्यामला से भी जाना जाता है। यह नाम भी मां श्यामला अर्थात मां काली के नाम पर पड़ा है। शिमला के स्कैंडल प्वाइंट से कुछ ही दूरी पर स्थित मां काली के इस मंदिर का निर्माण कार्य 1823 में शुरू हो गया था, लेकिन कालीबाड़ी में जहां आज भी यह मंदिर स्थापित है, वहां इसका निर्माण कार्य 1845 में कुछ बंगाली लोगों ने किया

प्रस्तुति :- सत्यदेव भारद्वाज शिमला

### शिलाओं को फेंकने का दंड भुगतना पड़ा था ब्रिटिश अधिकारियों को

मान्यता है कि ब्रिटिशकाल में जब अंग्रेजों ने शिमला को अपनी ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया, तो उस समय शिमला के जाखू की पहाड़ियों पर एक साधु गुफा में मां काली की पूजा-आराधना करता था। यहां पर दो पत्थर की शिलाएं थीं, जिन्हें लोग मां श्यामला और मां चंडी के रूप में पूजा करते थे, लेकिन एक ब्रिटिश ने इन शिलाओं को उनके स्थान से नीचे फेंक दिया, जिसके बाद उसे सपने में मां काली के रौद्र रूप के दर्शन हुए और मां ने उसे दंडित करने की बात कही। मां की बात सुनकर अंग्रेजों ने इन शिलाओं को उठाकर मंदिर में स्थापित किया और फिर कालीबाड़ी मंदिर का निर्माण किया गया। मां काली की लकड़ी की मूर्ति के साथ ही मां श्यामला और मां चंडी की उन पत्थर की शिलाओं को भी मंदिर में स्थापित किया गया।

### बंगाली कारीगर ही बनाते नवरात्र में मूर्तियां

**कालीबाड़ी** मंदिर में हर साल नवरात्र में जो मूर्तियां बनाई जाती हैं, उसके लिए कारीगर विशेष रूप से बंगाल से पहुंचते हैं। इन मूर्तियों को बनाने के लिए करीब 15 दिन का वक्त लगता है। कारीगर जब मूर्ति बनाते हैं तो उस दौरान कुछ नहीं खाते। इसके अलावा माता की मूर्ति में सबसे अंत में आंखों को बनाया जाता है। ऐसा इसीलिए किया जाता है, क्योंकि आंखों के श्रृंगार के साथ माता का स्वरूप पूर्ण हो जाता है और मूर्ति देखने पर वह जीवंत नजर आती है। इस मूर्ति का निर्माण वैश्यालय से लाई गई मिट्टी का इस्तेमाल किए बिना अधूरा माना जाता है।



### बंगाली ब्राह्मणी ही करते पूजा पाठ : अमलन गोस्वामी

*कालीबाड़ी मंदिर के पुजारी पंडित अमलन गोस्वामी ने बताया कि कि वे मूल रूप से पश्चिम बंगाल राज्य के हैं और 2008 से यहां पर लगातार पूजा-अर्चना का काम कर रहे हैं। बंगालियों का यहां पर एक ट्रस्ट बना है, जिसमें बंगाली समुदाय के लोग ट्रस्टी के तौर पर शामिल हैं। 200 साल पहले भी बंगालवासियों ने इस मंदिर के निर्माण में अपना अहम योगदान दिया था। तब से लेकर अब तक इस राज्य के लोग सबसे ज्यादा यहां पर मां के दर्शन कै आते हैं। जो भी यहां पर भक्त अपनी मनोकामना लेकर आता है, मां उसकी मुराद अवश्य पूरी करती है। उन्होंने बताया कि बंगाली ब्राह्मण ही यहां पर सदियों से पूजा करते आ रहे हैं, उनके अलावा कोई भी यहां पर पूजा नहीं करते हैं, उनको ही मां की सेवा का मौका मिल रहा है।*

### वेश्यालयों की मिट्टी के हिस्से से बनाई जाती मूर्ति

**हिंदू** मान्यताओं के अनुसार, दुर्गा पूजा के लिए माता दुर्गा की जो मूर्ति बनाई जाती है, उसके लिए चार चीजें बहुत जरूरी होती हैं। पहली गंगा तट की मिट्टी, दूसरी गोमूत्र, गोबर और वेश्यालय की मिट्टी या किसी भी ऐसे स्थान की मिट्टी जहां जाना निषेध हो। इन सभी को मिलाकर बनाई गई मूर्ति ही पूर्ण मानी जाती है। ये रस्म कई सालों से चली आ रही हैं। इस पूरी रस्म के दौरान सबसे ज्यादा आश्चर्य में डालने वाली बात यह है कि अपवित्र माने जाने वाले वेश्यालय की मिट्टी से पवित्र दुर्गा मूर्ति का निर्माण किया जाता है।

### बंगाली लोगों ने की थी मंदिर की स्थापना

**इस** मंदिर की न केवल यहां के स्थानीय लोगों की आस्था है, बल्कि दूर-दूर से बंगाली लोग यहां मां काली के दर्शनों के लिए आते हैं। इन्हीं बंगाली लोगों ने ब्रिटिशकाल में मां काली के इस मंदिर की स्थापना शिमला में की थी।

### 1924 में जयपुर से लाई थी मूर्ति

**कालीबाड़ी** मंदिर में जो मूर्ति स्थापित की गई है, उसे 1924 में जयपुर से लाकर स्थापित किया गया है। वहीं, जाखू से लाई गई शिलाओं की स्थापना भी मंदिर में की गई है और उनकी भी मां काली के साथ नियमित पूजा-अर्चना की जाती है।

### ब्रिटिशकाल से आज तक हो रही नियमित आरती

**ब्रिटिशकाल** से आज तक यहां नियमित आरती की जा रही है। हालांकि, यहां होने वाली आरती पर ब्रिटिश अधिकारियों ने यह कहकर रोक लगाने की कोशिश की थी कि आरती के कारण बड़ा शोर होता है, लेकिन उस समय मंदिर के पुजारियों ने अंग्रेजों को शांत करने के लिए यह कह दिया कि अंग्रेजों की युद्ध में जीत हो, उस कामना से यह आरती की जाती है। ऐसा कहने के बाद से अभी तक लगातार ये आरती मंदिर में बिना किसी बाधा के होती आ रही है।

### माता काली की नीले रंग की लकड़ी की मूर्ति स्थापित

**यह** मंदिर पहाड़ों की रानी शिमला में स्थित कालीबाड़ी मंदिर लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। ये मंदिर मां 'देवी श्यामला' को समर्पित है। श्यामला देवी को देवी काली का ही अवतार माना जाता है। कहा जाता है कि शिमला का नाम पहले श्यामला ही था, जो मां श्यामला के नाम से रखा गया, लेकिन धीरे-धीरे बोल चाल की भाषा में श्यामला का नाम शिमला हो गया। मंदिर में काली माता की एक नीले रंग की लकड़ी की मूर्ति है। मां की मूर्ति के ऊपर चांदी का छत्र और उसके समीप ही फन फैलाए नाग देवता की कलात्मक मूर्ति है।

### 1823 में हुआ था कालीबाड़ी मंदिर का निर्माण

**मान्यता** के अनुसार, कालीबाड़ी मंदिर का निर्माण सन् 1823 में हुआ था। ब्रिटिशकाल में बने इस मंदिर के स्थान पर पहले एक गुफा हुआ करती थी। कहा जाता है कि शिमला कालीबाड़ी मंदिर का निर्माण राम चरण ब्राह्मण ने करवाया, जो एक बंगाली परिवार से था। कालीबाड़ी मंदिर में काली माता की मूर्ति के साथ एक तरफ श्यामला माता की शिला और दूसरी तरफ चंडी माता की शिला है। मंदिर निर्माण के बाद वर्ष 1885 में शिमला कालीबाड़ी प्रबंधन कमेटी का गठन हुआ, जिसके बाद 1903 में कालीबाड़ी मंदिर ट्रस्ट बना, जो इस मंदिर को चला रहा है, जिसके अधिकांश सदस्य बंगाली समुदाय से हैं।

### मां अपने भक्तों की करती सभी मनोकामनाएं पूरी

**कहा** जाता है कि मां काली उन लोगों की देखभाल करती हैं, जो पूरी आस्था के साथ उनकी पूजा करते हैं। ऐसे भक्त अपने जीवन में सदैव देवी की कृपा का अनुभव करते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि मां कालीबाड़ी जागती जोत है, जो अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। यह भी कहा जाता है कि यहां पर जो भी मनोकामना मांगता है, वो कभी खाली हाथ नहीं लौटता है। दीवाली, नवरात्र और दुर्गापूजा जैसे हिंदू त्योहारों के अवसर पर बहुत से भक्त यहां दर्शन के लिए आते हैं।

# अखंड सौभाग्य का प्रतीक वट सावित्री व्रत

**वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाया जाता है। यह व्रत सौभाग्य की कामना एवं संतान की प्राप्ति के लिए फलदायी माना जाता है। वट वृक्ष का पूजन और सावित्री-सत्यवान की स्मरण करने के विधान के कारण ही यह व्रत वट सावित्री के नाम से प्रसिद्ध हुआ। सौभाग्य की वृद्धि और पतिव्रत के संस्कारों को दर्शाता यह व्रत 'वट' और 'सावित्री' दोनों का विशिष्ट महत्व व्यक्त करता है। इस दिन सत्यवान सावित्री की यमराज सहित पूजा की जाती है। यह व्रत करने से स्त्री का सुहाग अचल रहता है। सावित्री ने इस व्रत को कर अपने मृतक पति सत्यवान को धर्मराज से जीत लिया था। इस दिन उपवासक को सुवर्ण या मिट्टी से सावित्री-सत्यवान तथा भैंसे पर सवार यमराज की प्रतिमा बनाकर धूप-चंदन, फल, रोली, केसर से पूजन करना चाहिए तथा सावित्री-सत्यवान की कथा सुननी चाहिए।**



## वट सावित्री व्रत कथा

**भद्र** देश के राजा अश्वपति के कोई संतान न थी। उन्होंने संतान की प्राप्ति के लिए अनेक वर्षों तक तप किया, जिससे प्रसन्न हो देवी सावित्री ने प्रकट होकर उन्हें पुत्री का वरदान दिया, जिसके फलस्वरूप राजा को पुत्री प्राप्त हुई और उस कन्या का नाम सावित्री ही रखा गया। सावित्री सभी गुणों से संपन्न कन्या थी, जिसके लिए योग्य वर न मिलने के कारण सावित्री के पिता दुःखी रहने लगे। एक बार उन्होंने पुत्री को स्वयं वर तलाशने भेजा। इस खोज में सावित्री एक वन में जा पहुंची, जहां उसकी भेंट साल्व देश के राजा द्युमत्सेन से होती है। द्युमत्सेन उसी तपोवन में रहते थे, क्योंकि उनका राज्य किसी ने छीन लिया था। सावित्री ने उनके पुत्र सत्यवान को देखकर उन्हें पति के रूप में वरण किया। इधर यह बात जब ऋषिराज नारद को ज्ञात हुई तो वे अश्वपति से जाकर कहने लगे- आपकी कन्या ने वर खोजने में भारी भूल की है। सत्यवान गुणवान तथा धर्मात्मा है, परंतु वह अल्पायु है और एक वर्ष के बाद ही उसकी मृत्यु हो जाएगी। नारद जी के वचन सुन राजा अश्वपति का चेहरा विवरण हो गया। 'वृथा न होहिं देव ऋषि बानी' ऐसा विचार करके उन्होंने अपनी पुत्री को समझाया की ऐसे अल्पायु व्यक्ति के साथ विवाह करना उचित नहीं है। इसलिए अन्य कोई वर चुन लो। इस पर सावित्री अपने पिता से कहती है कि पिताजी-आर्य कन्याएं अपने पति का एक बार ही वरण करती है तथा कन्यादान भी एक ही बार किया जाता है। अब चाहे जो हो, मैं सत्यवान को ही वर रूप में स्वीकार कर चुकी हूं। इस बात को सुन दोनों का विधि विधान के साथ पाणिग्रहण संस्कार किया गया और सावित्री अपने ससुराल पहुंचते ही सास-ससुर की सेवा में रत हो गई। समय बदला, नारद का वचन सावित्री को दिन-प्रतिदिन अधीर करने लगा। उसने जब जाना कि पति की मृत्यु का दिन नजदीक आ गया है तब तीन दिन पूर्व से ही उपवास शुरू कर दिया। नारद द्वारा कथित निश्चित तिथि पर पितरों का पूजन किया। नित्य की भांति उस दिन भी सत्यवान अपने समय पर लकड़ी काटने के लिए चला गया तो सावित्री भी सास-ससुर की आज्ञा से अपने पति के साथ जंगल में चलने के लिए तैयार हो गई। सत्यवान वन में पहुंचकर लकड़ी काटने के लिए वृक्ष पर चढ़ गया। वृक्ष पर चढ़ते ही सत्यवान के सिर में असहनीय पीड़ा होने लगी, वह व्याकुल हो गया और वृक्ष से नीचे उतर गया। सावित्री अपना भविष्य समझ गई और अपनी गोद का सिरहाना बनाकर अपने पति को लिटा लिया। उसी समय दक्षिण दिशा से अत्यंत प्रभावशाली महिषारुढ यमराज को आते देखा। धर्मराज सत्यवान के जीवन को जब लेकर चल दिए तो सावित्री भी उनके पीछे-पीछे चल पड़ी। पहले तो यमराज ने उसे देवी-विधान समझाया, परंतु उसकी निष्ठा और पति परायणता देख कर उसे वर मांगने के लिए कहा।सावित्री बोली-मेरे सास-ससुर वनवासी तथा अंधे हैं, उन्हें आप दिव्य ज्योति प्रदान करें। यमराज ने कहा ऐसा ही होगा और अब तुम लौट जाओ। यमराज की बात सुनकर उसने कहा कि भगवान मुझे अपने पतिदेव के पीछे पीछे चलने में कोई परेशानी नहीं है। पति के पीछे चलना मेरा कर्तव्य है। यह सुनकर उन्होंने फिर से उसे एक और वर मांगने के लिए कहा। सावित्री बोली-हमारे ससुर का राज्य छिन गया है, उसे वे पुनः प्राप्त कर सकें, साथ ही धर्मपरायण बने रहें। यमराज ने यह वर देकर कहा कि अच्छा अब तुम लौट जाओ परंतु वह न मानी। यमराज ने कहा कि पति के प्राणों के अलावा जो भी मांगना है, मांग लो और लौट जाओ। इस बार सावित्री ने अपने को सत्यवान के सौ पुत्रों की मां बनने का वरदान मांगा। यमराज ने तथास्तु कहा और आगे चल दिए, सावित्री फिर भी उनके पीछे पीछे चलती रही। उसके इस कृत्य से यमराज नाराज हो जाते हैं। यमराज को क्रोधित होते देख सावित्री उन्हें नमन करते हुए उन्हें कहती है कि आपने मुझे सौ पुत्रों की मां बनने का आशीर्वाद तो दे दिया, लेकिन बिना पति के मैं मां किस प्रकार से बन सकती हूं, इसलिए आप अपने तीसरे वरदान को पूरा करने के लिए अपना कहा पूरा करें। सावित्री की पतिव्रत धर्म की बात जानकर यमराज ने सत्यवान के प्राण को अपने पाश से मुक्त कर दिया। सावित्री सत्यवान के प्राणों लेकर वट वृक्ष के नीचे पहुंची और सत्यवान जीवित होकर उठ बैठे। दोनों हर्षित होकर अपनी राजधानी की ओर चल पड़े, वहां पहुंच कर उन्होंने देखा कि उनके माता-पिता को दिव्य ज्योति प्राप्त हो गई है। इस प्रकार सावित्री-सत्यवान चिरकाल तक राज्य सुख भोगते रहे। वट सावित्री व्रत करने और इस कथा को सुनने से उपवासक के वैवाहिक जीवन या जीवन साथी की आयु पर किसी प्रकार का कोई संकट आया भी हो तो टल जाता है।

## कर्मफल का हिसाब करके ही छोड़ते हैं

# न्याय के देवता शनिदेव

ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष को शनि जयंती मनाई जाती है। शनिदेव का जन्म ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को हुआ है। शनिदेव को न्याय का देवता कहा जाता है और यह परम वैष्णव कृष्ण भक्त हैं। शनिदेव हर क्षण कृष्ण-कृष्ण का जाप करते हुए भक्ति में लीन रहते हैं। शनि देव श्याम वर्ण हैं और इन्हें काला रंग अधिक प्रिय है। शनि काले देव वस्त्रों में सुशोभित हैं। शनि देव योगी, तपस्वियों की सहायता करते हैं। शनि, सूर्य देव और उनकी पत्नी छाया के पुत्र हैं। यम और यमुना इनके भाई बहन हैं, जो मनुष्य यम द्वितीया को वृंदावन में यमुना में स्नान करता है, उसे यम पीड़ा नहीं होती है। मनुष्य के जीवन में जब भी शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या, शनि की महादशा, अंतर्दशा व प्रत्यंतर दशा आदि आती है, तो मनुष्य लाख जतन करने पर भी अपने अच्छे बुरे कर्मों के फल से बच नहीं सकता है। शनिदेव न्याय करते हैं और किसी भी मनुष्य की ओर से किसी का शोषण, पीड़ा देना या ठगना, मजदूरों, कर्मचारियों से अधिक कार्य लेने पर शनिदेव सारा हिसाब करते हैं। इनकी दशा में जो धृतराष्ट्र जैसी भूमिका निभाते हैं या बुरे कर्म के लिए हां में हां मिलाते हैं, वह भी दुर्दशा का फल भोगते हैं। ऐसी स्थिति कोई भी उपाय कर्म भोक्ता को बचा नहीं सकता है। वर्तमान में पूरे विश्व में आस्थावान लोग शनिदेव की पूजा अर्चना अवश्य करते हैं, लेकिन अपने कर्मों में सुधार नहीं करते, वह भी दंड से बच नहीं सकते हैं।


शनि जयंती पर विशेष

## कथा

*पौराणिक कथा के अनुसार शनि, सूर्य देव और उनकी पत्नी छाया के पुत्र हैं। सूर्य देव का विवाह राजा दक्ष की पुत्री संज्ञा के साथ हुआ। कुछ समय पश्चात संज्ञा ने वैवस्वत मनु, यमराज और यमुना नाम की तीन संतानों को जन्म दिया। संज्ञा सूर्यदेव के तेज को सहन नहीं कर सकी और अपनी शक्ति से अपना प्रतिरूप छाया को प्रकट कर बच्चों की जिम्मेदारी देकर अपने पिता के घर चली गई। छाया ने भी सूर्यदेव की तीन संतानों मनु, शनि देव और भद्रा को जन्म दिया।*

-अनिल शर्मा, नौबाही मंडी।

## समस्त पापों का नाश करे

# अपरा एकादशी

***ज्येष्ठ मास के कृष्ण को अपरा एकादशी व्रत किया जाता है। यह व्रत पाप नाश, पुण्य प्राप्ति व मोक्ष की प्राप्ति के लिए किया जाता है। इस व्रत को करने से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और वह ईश्वर की कृपा का पात्र बनता है।***

*पद्म पुराण, स्कंद पुराण और ब्रह्मवैवर्त पुराण में इस एकादशी का विशेष वर्णन है। एक कथा के अनुसार, पूर्वकाल में महीध्वज ने एक धर्मात्मा राजा को बुलाया था, जिसे उसके ही छोटे भाई ने मार डाला था और उसकी आत्मा प्रेतयोनि में भटकने लगी थी। महर्षि धौमी ने राजा के भाई को अपरा एकादशी व्रत करने की सलाह दी। व्रत का प्रभाव प्रेत योनि से मिला और स्वर्ग उसे प्राप्त हुआ। एकादशी व्रत की तैयारी दशमी तिथि में ही प्रारंभ होती है। दशमी की रात्रि को सात्विक भोजन करना चाहिए। रात्रि को ब्रह्मचर्य का पालन करने से तृतीय रात्रि व्रत की शुरुआत होती है और सूर्योदय से पूर्व ब्रह्मचर्य स्नान करना और शुद्ध वस्त्र धारण करना चाहिए। भगवान विष्णु की प्रतिमा या चित्रों के सामने दीपक जलाएं, पुष्प जल बनाएं और धूप से पूजन करें। पीले वस्त्रों में श्रीहरि की मूर्ति को सजाना चाहिए और तुलसी पत्र में निमंत्रित करना चाहिए। 'नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करना चाहिए। उपवास और भजन-कीर्तन करना चाहिए। दिनभर व्रती को अन्न ग्रहण नहीं करना चाहिए। फलाहार या जल ग्रहण किया जा सकता है।*



## न्यूज ब्रीफ

### 10 ग्राम हेरोइन के साथ दो बेटों सहित मां-बाप काबू

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस ने रविवार रात को नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस टीम ने एक घर में छापेमारी करके हेरोइन व नकदी के साथ पति, पत्नी व उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया है। एसपी अशोक रतन ने बताया कि छन्नी गांव में पवन कुमार व उसके पिता गुरभजन के घर में छापेमारी करके 10.02 ग्राम हेरोइन, 13,200 रुपए बरामद किए। पुलिस ने घर में मौजूद पवन कुमार पुत्र गुरभजन, गुरभजन पुत्र अमरनाथ, राहुल पुत्र गुरभजन, संतोष पत्नी गुरभजन को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ जिला पुलिस नूरपुर का अभियान जारी रहेगा।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक, व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पंजपुली से थोड़ा पीछे 53 मील की तरफ रविवार देर रात एक बाइक सड़क के बीचोंबीच खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान शशि पाल पुत्र सुभाष चंद निवासी बडाई, नगरोटा बगवां के रूप में हुई है। नगरोटा बगवां के थाना प्रभारी नवनीत सैनी ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### डीएमई को अतिरिक्त प्रभार से करें मुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश मेडिकल एसोसिएशन इकाई कांगड़ा के अध्यक्ष डॉ. उदय सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा निदेशालय डीएचएस का अतिरिक्त प्रभार वर्तमान में चिकित्सा शिक्षा निदेशक डीएमई को सौंपा गया है। इससे दोहरी जिम्मेदारी वर्तमान अधिकारी पर महत्वपूर्ण बोझ डाल सकती है। डीआईएस मुख्य रूप से सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं और क्षेत्र संचालन से संबंधित है और डीएमई चिकित्सा शिक्षाए प्रशिक्षण और संस्थागत शासन पर ध्यान केंद्रित करता है। अतिरिक्त जिम्मेदारियां दोनों निदेशालयों की दक्षता और प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं, जो अंततः राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं। सरकार से मांग की कि विभाग डीएमई को डीएचएस के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करें।

### बाबा कांशीराम स्कूल डाडासीबा का परिणाम बेहतर

**पिंकी, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमक पाठशाला डाडासीबा का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। आर्ट्स वर्ग में कनिका भारती ने 462 अंक प्रथम, स्नेहा 457 अंक लेकर द्वितीय, ईशा ठाकुर 417 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। साइंस में प्रिया ने 445, अनवी 442, जानवी शर्मा ने 431 अंक हासिल किए। कामर्स में अनामिका ने 417, खुशी ने 411, जन्नत ने 407 अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार सभी बच्चों को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

### सीएम सुक्खू लें चामुंडा मंदिर के कार्य का जायजा



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** समाजसेवा में समर्पित इंसाफ संस्था ने पंचायत बड़सर के सहयोग से शिखर पहाड़ी पर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ माता आदि हिमानी चामुंडा मंदिर के रास्ते पर द्वितीय चर्ण में 50 और सोलर लाइटें लगाने का कार्य पूरा कर लिया है। जन सहयोग योजना के तहत धनराशि स्वीकृत करने के लिए इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने डीसी हेमराज बैरवा का धन्यवाद किया। वहीं, दस किलोमीटर लंबे इस मंदिर को जाने वाले पैदल रास्ते पर इन लाइटों को मूर्त रूप देने लिए परियोजना अधिकारी हिम ऊर्जा रमेश ठाकुर का आभार जताया है। वहीं, पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि वे माता के दर्शन एवं निर्माणाधीन मंदिर के कार्य का जायजा लें। मंदिर से थोड़ी ही दूरी पर हेलिपैड बना है। मुख्यमंत्री के प्रवास से बहुत सी समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

### 546 परीक्षा केंद्रों में आज होगी छात्रवृत्ति परीक्षा

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के हर विधानसभा क्षेत्र में 20 मई को छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के लिए जिलेभर में 546 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें छठी से बारहवीं कक्षा तक के सरकारी व निजी स्कूलों के करीब 60 हजार बच्चे परीक्षा देंगे। परीक्षा का आयोजन शिक्षा विभाग की ओर से क्रैक अकादमी के सहयोग से करवाया जा रहा है। चयनित बच्चों में से हर विधानसभा क्षेत्र में पहले सौ टॉपर बच्चों को सौ फीसदी, अगले 200 बच्चों को 75 फीसदी, जबकि अगले 500 बच्चों को 50 फीसदी छूट शिक्षा में दी जाएगी। इस परीक्षा में निजी स्कूलों के 8 से 9 हजार, जबकि सरकारी स्कूलों के करीब 50 हजार बच्चे भाग लेंगे, जिनकी सूची तैयार करके शिक्षा विभाग को भेज दी गई है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### मसरेहड़ और भड़वाल में आज बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल नं-2 के सहायक अभियंता रमेश धीमान ने बताया कि 11 केवी मंडल फीडर के तहत 20 मई को विद्युत लाइन के सामान्य रखरखाव के चलते मंडल, मसरेहड़, भड़वाल, त्रैंबलू, हरनेड़, घियाना खुरद, डगवार, खटेड़, अपर मनेड़, मट, अप्पर बगली, कोहाला, मटौर तथा साथ लगते क्षेत्रों में प्रातः 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे या कार्य की समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। मौसम खराब रहने पर अगले दिन कार्य किया जाएगा।

मेरा युवा भारत द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

### सुरानी गांव में 61 यूनिट ब्लड एकत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मेरा युवा भारत कार्यालय कांगड़ा के उपनिदेशक ध्रुव डोगरा ने बताया कि मेरा युवा भारत कांगडा की ओर से विकास खंड ज्वालाजी के सुरानी गांव में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें पूर्व मंत्री व विधायक रविंद्र सिंह रवि ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। शिविर में 80 युवाओं ने भाग लिया। टांडा ब्लड बैंक से डॉ. गरिमा ने बताया कि शिविर में 61 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। खुंडियां के सहायक एसएचओ रघुजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

### 27 व 28 को उपरोजगार कार्यालय में साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि औरो टेक्सटाइल (बर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड की एक इकाई) साईं रोड बद्दी की ओर से अंप्रेंटिसेस, मशीन ऑपरेटर, आईटीआई तकनीशियन के 200 पद भरेगी। इन पदों के लिए पुरुष एवं महिला दोनों ही आवेदक पात्र होंगे व शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बाहरवीं और आईटीआई पास तथा आयु 18 से 26 वर्ष रखी गई है। चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को 12750 रुपए से 18000 रुपए प्रति माह वेतन दिया जाएगा। अभ्यार्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूलप्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी के साथ 27 मई को उपरोजगार कार्यालय देहरा, 28 मई को उपरोजगार कार्यालय कस्बा कोटला में उपस्थित हो सकते हैं।

# न्यूगल खड्ड प्रदूषण मामले की हाईकोर्ट ने बंद की जनहित याचिका

**कोर्ट बोला- भविष्य में संयंत्र संचालन में लापरवाही सामने आई तो दोबारा कर सकते याचिका दाखिल**

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



कचरे से निकलने वाले तरल को रोकने के लिए विकसित की है विशेष ड्रेनेज प्रणाली।

**न्यूगल** खड्ड के किनारे कचरे की डंपिंग की जनहित याचिका पर प्रदेश हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी करते हुए मामले को बंद कर दिया है। यह याचिका एक समाचार रिपोर्ट के आधार पर 'कोर्ट ऑन इट्स ओन मोशन' के तहत स्वतः संज्ञान लेते हुए शुरू की गई थी।

हाईकोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र पालमपुर की ओर से किए गए प्रदूषण पर चिंता जताते हुए कई बार निरीक्षण और स्टेटस रिपोर्ट्स मंगवाईं। प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि संयंत्र से निकलने वाला तरल अपशिष्ट वर्षा जल के साथ मिलकर सीधे न्यूगल खड्ड में जा रहा था, जिससे पानी प्रदूषित हो रहा था, लेकिन समय के साथ अदालत के निर्देशों के अनुपालन में पालमपुर नगर निगम ने ठोस कदम उठाए। संयंत्र में ऑर्गेनिक वेस्ट कन्वर्टर मशीनें और ट्रॉमेल मशीन को सक्रिय किया गया, नालियों और गड्ढों का निर्माण हुआ और कचरे से निकलने वाले तरल को रोकने के लिए विशेष ड्रेनेज प्रणाली विकसित की गई। रिपोर्ट के अनुसार, अब संयंत्र लगभग 2500 मीट्रिक टन कचरा साफ कर चुका है और 1100 मीट्रिक टन आरडीएफ सीमेंट फैक्ट्रियों को भेजा जा चुका है। विधायक आशीष बुटेल ने पालमपुर की स्वच्छता व्यवस्था में सुधार के लिए महापौर, सभी पार्षदों और सफाई कर्मचारियों की टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक प्रयास पालमपुर को एक स्वच्छ और हरित नगर बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

नगर निगम की कार्यशैली आज उदाहरण बन रही है। मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और न्यायमूर्ति रंजन शर्मा की खंडपीठ ने कहा कि अब चूंकि याचिका का उद्देश्य पूरा हो चुका है, इसलिए इसे बंद किया जाता है। हालांकि, अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में संयंत्र संचालन में कोई लापरवाही सामने आती है, तो प्रभावित लोग दोबारा याचिका दाखिल कर सकते हैं।

## नूरपुर स्कूल के बच्चों को बताए प्लास्टिक से होने वाले नुकसान



स्टूडेंट्स को स्टील की बोतलें इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया गया।

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

**पॉपुलर** ईको क्लब पीएम श्री बीटीसी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नूरपुर के तत्वावधान में प्रधानाचार्य केसी दियोल एवं प्रभारी ईको क्लब नीतू सिंह की देखरेख में बच्चों को प्लास्टिक के नुकसान के बारे में समझाया गया। बच्चों को जानकारी दी गई कि किस तरह इस्तेमाल की जाने वाली बोतलें उनके स्वास्थ्य को प्रतिदिन प्रभावित कर रही हैं।

इसी विषय को ध्यान में रखकर बच्चों को स्टील की बोतलें इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय में प्लास्टिक की बोतलें बैन कर दी गई हैं।

## एसडीएम संकल्प ने किया महाकाल व बैजनाथ शिव मंदिर का निरीक्षण

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

**उपमंडलाधिकारी** बैजनाथ संकल्प गौतम ने महाकाल मंदिर तथा बैजनाथ शिव मंदिर का निरीक्षण किया। वहीं, मंदिर में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने महाकाल मंदिर ट्रस्ट व शिव मंदिर बैजनाथ समिति के साथ बैठक भी की। बैठक में मंदिरों में चल रहे कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाकाल मंदिर में निर्मित जल कुंडों की सफाई व स्नानागार में टाइल लगाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रांगण में स्थापित हाई मास्क लाइट को बदलने मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए चर्चा की। उन्होंने शिव मंदिर बैजनाथ में पूजा-अर्चना की तथा मंदिर में किए जाने वाले सुधारों के बारे में चर्चा की। मंदिर प्रांगण की सुंदरता को बढ़ाने पर चर्चा की। मंदिर में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मंदिरों में रोजाना हजारों श्रद्धालु आते हैं और उनकी सुविधा के लिए प्रशासन तत्पर है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार बैजनाथ गुरमुख सिंह तथा मंदिर समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



बैजनाथ मंदिर का निरीक्षण करते उपमंडलाधिकारी संकल्प गौतम।

## शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए रोज पब्लिक स्कूल को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार




हैदराबाद में पुरस्कार प्राप्त करते प्रिंसिपल संजय शर्मा।

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** रोज पब्लिक स्कूल ने देशभर के 3 हजार से ज्यादा लीड पार्टनर स्कूलों को पीछे छोड़ते हुए प्रतिष्ठित शिक्षा अवॉर्ड जीता है। यह अवॉर्ड लीड ग्रुप की ओर से आयोजित समारोह में हैदराबाद में दिया गया। इस सम्मान के लिए स्कूलों का मूल्यांकन शिक्षा, नवाचार और समग्र छात्र विकास के आधार पर किया गया। रोज पब्लिक स्कूल को यह पुरस्कार उसकी नई शिक्षण पद्धतियों, कक्षा में तकनीक के उपयोग और मूल्य आधारित शिक्षा के लिए मिला। प्रिंसिपल संजय शर्मा और उनकी पत्नी बबीता शर्मा ने यह पुरस्कार शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में प्राप्त किया।

प्रिंसिपल ने कहा कि यह पुरस्कार हमारे प्रयासों की नहीं, हमारी सामूहिक भावना की पहचान है। इसमें शिक्षकों की मेहनत, छात्रों का उत्साह और अभिभावकों का विश्वास शामिल है। लीड ग्रुप का शिक्षा अवॉर्ड शिक्षा क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है। इसके लिए कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाई जाती है।

## माजरा के लोगों ने टोल टैक्स बैरियर के खिलाफ खोला मोर्चा

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



ढांगू-माजरा मार्ग पर लगे हिमाचल टोल टैक्स बैरियर को लेकर ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन करते गांववासी।

**ढांगू**-माजरा मार्ग पर लगे हिमाचल टोल टैक्स बैरियर को लेकर माजरा गांववासियों ने पवन कुमार पम्मा के नेतृत्व में हिमाचल एंट्री टैक्स ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पवन ने बताया कि माजरा गांव के साथ-साथ डमटाल, मोहटली, सिरत आदि पंचायतों की भी हद आती है। पिछले कुछ दिनों से टोल टैक्स बैरियर के ठेकेदार ने कर्मचारियों को हिदायत दी गई है कि गांव में जाते सभी प्रकार के निजी तथा सार्वजनिक वाहनों से एंट्री टैक्स के पैसे वसूल किए जाएं, जबकि हिमाचल सरकार की टोल टैक्स बैरियर की नोटिफिकेशन में साफ-साफ लिखा है कि पांच किलोमीटर के अंदर आते सभी गांवों को सभी प्रकार के टोल टैक्स बैरियर की छूट दी गई है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ठेकेदार की मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

टोल टैक्स के उच्च अधिकारियों की ओर से ठेकेदार के खिलाफ एक्शन न लिया तो वह चक्का जाम करेंगे। एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग के उच्च अधिकारियों ने बताया कि वे इस समय शिमला में हैं। उन्होंने कहा कि पांच किलोमीटर के दायरे में आते ग्रामीणों को टोल टैक्स से पूरी तरह छूट है और किसी तरह की वसूली नहीं की जा सकती। वहीं, दूसरी तरफ ठेकेदार की ओर से इस बैरियर पर पहले भी ट्रक वालों से ओवर चार्जिंग वसूली की काफी शिकायतें मिल चुकी हैं और मौजूदा समय में ट्रक वालों से ओवर चार्जिंग वसूली बदस्तूर जारी है। प्रदेश सरकार की नोटिफिकेशन के अनुसार, 25 टन भार क्षमता वाली गाड़ी से सरकार की ओर से 570 रुपए निर्धारित किए गए, जबकि उनसे 720 रुपए वसूल किया जा रहे हैं। ट्रैक्टर ट्राली से 70 की बजाए 170 रुाए वसूले जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## डमटाल-पठानकोट मार्ग पर ट्रक से टकराई स्कूटी, महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस थाना डमटाल के तहत डमटाल-पठानकोट मार्ग पर ट्रक (पीबी 10एच 3877) से एक स्कूटी की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई। ट्रक पठानकोट की तरफ जा रहा था कि अचानक पीछे से पिंकी खन्ना पत्नी जगदीश निवासी सुंदरनगर, जो पठानकोट निवासी है, उसकी स्कूटी ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में पीछे बैठी पिंकी खन्ना की ट्रक के टायर के नीचे आने से दर्दनाक मौत हो गई। डमटाल पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एएसपी धर्मचंद वर्मा नूरपुर ने पुष्टि की है।

## हैप्पी बर्थडे



परौर के विकल्प और पुराना कांगड़ा की आकांक्षा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### तरुण राणा ने चमकाया स्कूल का नाम



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में इंदिरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल इंदौरा के तरुण सिंह राणा ने 98.43 हासिल कर टॉप-10 की सूची में आठवां स्थान हासिल किया है। तरुण के पिता जितेंद्र सिंह राणा मंड क्षेत्र में साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हैं। तरुण राणा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

### ट्रक चालक से वसूला 25,000 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** कंडवाल-भदरोया मार्ग पर गश्त के दौरान डमटाल पुलिस ने एक ट्रक जो पत्थर लेकर पंजाब की तरफ जा रहा है, उसे रोका। ट्रक चालक दस्तावेज दिखने में नाकाम रहा, जिसके चलते डमटाल थाना पुलिस ने चालक से 25,000 रुपए का जुर्माना वसूल किया। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि मंड, माजरा क्षेत्र तथा चक्की दरिया में अवैध खनन की काफी शिकायत मिल रही हैं। जल्द ही अभियान चलाकर शिकंजा कसा जाएगा।

### आधुनिक स्कूल के छात्रों ने निकाला मार्च

**मनोज चंदेल, योल।** आधुनिक पब्लिक स्कूल सिद्धबाड़ी धर्मशाला के 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के प्रति एकजुटता दर्शाते हुए मार्च निकाला। यह मार्च योल होते हुए नरवाना तक और फिर वापस स्कूल तक संपन्न हुआ। बच्चों को हाथों में तिरंगा और तख्तियां पर देशभक्ति के नारे लिखे हुए थे। प्रिंसिपल अंजलि डोगरा ने बताया कि इस मार्च का उद्देश्य नई पीढ़ी में देश सेवा के प्रति भावना जागृत करना है। मार्च के दौरान छात्रों ने देशभक्ति के नारों और पोस्टरों के माध्यम से भारतीय सेना के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की। (अनंत ज्ञान)

### पुड़बा स्कूल के होनहारों ने चमकाया नाम

**राकेश डोगरा, डरोह।** पुड़बा स्कूल का 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। दसवीं की संचिता 96%, आस्था धीमान ने 93%, सेजल कुमारी ने 92% अंक हासिल क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। 12वीं कक्षा में मानसी ने 88%, हर्षिता वालिया ने 87.6%, शौर्य ने 84.6% अंकर लेकर क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य बीआर भट्ट के साथ सभी अध्यापकों ने दोनों कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### नशा करता पूरे समाज को कमजोर : राहुल

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** आईडिया ऑफ भारत फाउंडेशन के अध्यक्ष राहुल शर्मा बताया कि गांव-गांव जाकर युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन को रोकने और युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से फाउंडेशन ने नूरपुर की सभी पंचायतों में विशेष नशा विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत स्थानीय नागरिकों, युवाओं, महिलाओं तथा पंचायत प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। राहुल ने अभियान के दौरान नशे से होने वाले दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला और जनजागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को कमजोर करता है।

### 18 साल से कम आयु के बच्चों को न दें वाहन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस थाना संसारपुर टैरेस के एसएचओ संजय शर्मा और उनकी टीम ने सोमवार को नाकाबंदी कर बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन न चलाने और 18 साल से कम उम्र के बच्च्चों वाहन न देने की हिदायत दी है। उन्होंने नाका लगाकर आने-जाने वाले हर वाहन की जांच की और जो बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। उन्होंने बच्चों के माता-पिता से आग्रह किया है की 18 साल से कम उम्र के बच्चों को वाहन न दें।

### मसरेहड़ में दुकान से हजारों के आभूषण चोरी

**अनंत ज्ञान, गगल।** मसरेहड़ में रविवार को चार बजे के लगभग चोरों ने सुनार की दुकान को अपना निशाना बनाया। चोरों ने सुनार संजय वर्मा की दुकान से 3 ग्राम सोने की अंगूठी, एक जोड़ा चांदी के कंगन, दो जोड़ा चांदी के पायल और कुछ चांदी के सिक्के की दुकान से दिनदिहाड़े चोरी कर लिए। एएसआई प्रमोद सिंह ने बताया कि दो युवक आदित्य और दीपक चोरी को अंजाम दिया। जब चोरी कर रहे थे संजय की बेटी शिखा वर्मा ने उन्हें देख लिया और फोटो भी खींच ली थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर गंगभैरो के पास स्कूटी पर जा रहे इन चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

### घट्टा के पास चलती कार पर गिरा पत्थर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल के तहत घट्टा के समीप एक कार पर पहाड़ी से पत्थर गिरने से चालक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि गाड़ी को नुकसान पहुंचा है। कार चालक बैजनाथ से जोगिंद्रनगर की ओर जा रहा था। जब घट्टा के पास पहुंचा तो पहाड़ी से कार की छत पर पत्थर गिर गया। गनीमत यह रही कि पत्थर ज्यादा बड़ा नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## तिरंगा यात्रा भाजपा का राजनीतिक ढकोसला : सपन

**अनंत ज्ञान, देहरा गोपीपुर।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत की तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया है। जिला कांगड़ा कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता सपन सूद ने सीजफायर के बाद भाजपा की ओर से पूरे देश में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा को भाजपाइयों का छद्म देश प्रेम बताया है। उन्होंने कहा कि देश की आन, बान व शान तिरंगे झंडे को भाजपा ने अपनी राजनीतिक ढाल बनाकर सेना के शौर्य गाथा को वोट बैंक बनाने की घिनौनी राजनीति का षड्यंत्र ऑपरेशन सिंदूर की आड़ में रच दिया है। तिरंगा झंडा बेचने वाली भाजपा ने वोट बैंक की लोभग्रस्त राजनीतिक लाभ उठाने के लिए तिरंगा यात्रा का देश में चल रही वर्तमान घटनाक्रम को मद्देनजर रखकर अपना राजनीतिक हथियार बना लिया है। सपन ने कहा कि सेना देश का गौरव है व उसके पराक्रम पर किसी भी राजनीतिक दल को वोट बैंक बनाने वाले की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने तिरंगा यात्रा भाजपा का राजनीतिक ढकोसला है।

**सराहनीय** समिति का गठन कर बच्चों को छोड़ने व लाने के लिए किया बस का प्रावधान

# जालग स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने को अनूठी पहल



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जालग के स्टूडेंट्स और स्टाफ तथा अन्य लोग।

**अजय पाल, पालमपुर**

**जयसिंहपुर** विधानसभा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जालग के स्टाफ व स्थानीय लोगों ने छात्रों की संख्या को बढ़ाने को लेकर अनूठी पहल की है।

दूरदराज से आने वाले छात्रों को बस सुविधा लगाकर हिमाचल के सरकारी स्कूलों को एक प्रेरणा दी है। जालग के स्थानीय लोगों ने जय मां आशापुरी जन कल्याण समिति का गठन कर स्कूल में बच्चों को लाने व छोड़ने के लिए बस के खर्च को वहन करने का जिम्मा उठाया है। समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश धीमान ने बताया कि जालग स्कूल 1916 से चल रहा है। यहां से पढ़ाई कर कई लोग ब्रिगेडियर, कर्नल, डॉक्टर, इंजीनियर जैसे ऊंचे पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। जागीर सिंह रंधावा जैसे इंटरनेशनल लेवल के वॉलीबाल खिलाड़ी भी इसी स्कूल की देन हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में छात्रों की कम होती संख्या चिंता का विषय बन गया था। स्कूल में कुल 65 छात्र ही रह गए थे, जिसमें 13 छात्रों ने 12वीं की परीक्षा दी थी। जालग के लोगों ने एक गैर राजनीतिक समिति का गठन किया व पूरे इलाके में घर-घर जाकर बच्चों के अविभावकों से जालग स्कूल में बच्चों का दाखिला करवाने को कहा। सभी अविभावकों का कहना था कि अगर बस सुविधा हो जाए, तो हम बच्चों को दाखिल करवा सकते हैं।

सभी समिति मेंबरों व स्कूल स्टाफ के सहयोग से हमने बस का प्रावधान किया व आशापुरी से चठ, अमोटू, सुभाष नगर, दरमन होते हुए जालग तक छात्रों को बस सुविधा मुहैया करवाई। (अनंत ज्ञान)

### बस सुविधा शुरू होते ही 40 बच्चों ने लिया दाखिला

**बस** सुविधा मिलने पर लगभग 40 विद्यार्थियों ने स्कूल में दाखिला लिया है। ओम प्रकाश धीमान ने बताया कि बस सुविधा मिलने से लगभग 30 किलोमीटर तक के बच्चे स्कूल आ रहे हैं। धीमान ने सभी स्कूल स्टाफ व समिति सदस्यों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। स्कूल के वायस प्रिंसिपल सुशील कुमार ने कहा कि स्कूल में छात्रों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों को गुणात्मक शिक्षा देना भी हमारा लक्ष्य है। इस बार भी हमारे स्कूल का 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। 12वीं के सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस मौके पर उपाध्यक्ष रतन चंद, उपाध्यक्ष अशोक पटियाल, सचिव रविंद्र जम्वाल, कोषाध्यक्ष स्वरूप धीमान, कुलदीप पटियाल, जगदीश चंद व बहुत से लोग उपस्थित रहे।

## उपमंडल नगरोटा बगवां में तूफान से 40 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** उपमंडल नगरोटा बगवां में तूफान से जहां दो व्यक्तियों की जान चली गई, वहीं बिजली विभाग के मुताबिक, करीब 40 लाख का नुकसान हुआ है। नगरोटा तथा बड़ोह क्षेत्र के करीब 275 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। विभाग ने दिनभर की कड़ी मशक्कत के बाद 200 ट्रांसफार्मरों को चालू कर दिया, जबकि समलोटी, डाढ़, चामुंडा, मूंदला, लिली, आमतराड, सद्दू, सुन्हीं, सरोत्री, कोठियां आदि इलाकों में बिजली बहाल नहीं हो पाई है।

बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता कमल कुमार ने बताया कि उपमंडल में आए तूफान से कई पोल उखड़ने गए, जबकि कई जगह बिजली की लाइनें टूट गई हैं, जिसके चलते बिजली सप्लाई चालू करने में समय लग सकता है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है। वहीं, तूफान से कई क्षेत्रों में मकानों की छते उड़ने का भी समाचार मिला है।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल में जून में लगेगा एनसीसी रेजिडेंशियल कैंप



कमांडिंग ऑफिसर सीडीआर एन. निशांत ने निरीक्षण कर लिया सुविधाओं का जायजा।

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**प्रताप** वर्ल्ड स्कूल में नेवल एनसीसी रेजिडेंशियल कैंप आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है, जिसे 2 पीबी नेवल यूनिट एनसीसी, अमृतसर की ओर से संचालित किया जाएगा। यह प्रस्तावित कैंप जून में आयोजित किया जाएगा और क्षेत्र को राज्य स्तर की एनसीसी प्रशिक्षण सुविधाएं और व्यापक अनुभव प्रदान करेगा। हाल ही में कमांडिंग ऑफिसर सीडीआर एन. निशांत की ओर से तीन दिवसीय निरीक्षण यात्रा की गई, जिसमें उन्होंने स्वयं स्कूल की बुनियादी संरचना, आवासीय सुविधाओं और आस-पास की सुविधाओं का जायजा लिया।

सीडीआर एन. निशांत और स्कूल प्रबंधन ने पठानकोट के उपायुक्त आदित्य उप्पल और जिला प्रशासन से भेंटकर उनके निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। इसके अलावा उन्होंने रंजीत सागर डैम और छमरौड़ क्षेत्र का भी दौरा किया और ई. वीरेंद्र सिंह, मुख्य अभियंता, आरएसडी डैम प्रोजेक्ट का योजना निर्माण के दौरान सहयोग और समर्थन के लिए आभार प्रकट किया।

## न्यूज ब्रीफ

### ठियोग में पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, 3 घायल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** ठियोग उपमंडल के बलग क्षेत्र में सोमवार सुबह एक पिकअप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा पिकअप के अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटने के कारण हुआ। वाहन में तीन लोग सवार थे जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की पहचान सूरज (24), गौरव (25) और रितिका (18) के रूप में हुई है। सभी घायलों को उपचार के लिए तुरंत सिविल अस्पताल ठियोग पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य में स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। ठियोग पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### आधार कार्ड बनाने के लिए कल लगेगा कैंप

**बाबू राम, जुन्गा।** मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर की ग्राम पंचायत पीरन के भवन में आगामी 21 मई को डाक विभाग सोलन मंडल व ग्राम पंचायत पीरन के संयुक्त तत्वावधान में आधार कार्ड अपडेट के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नए आधार बनाने तथा पुराने अपडेट करने के अतिरिक्त डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं बारे लोगों को जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी निरीक्षक डाक विभाग सोलन सुशील दत्त शर्मा ने दी है। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01792-225320 पर संपर्क करें। (अनंत ज्ञान)

### चौपाल कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** प्रदेश के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर सत्र 2025-26 में प्रदेश के महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश की तिथियां निर्धारित हो चुकी है। जारी के गई अधिसूचना के अनुसार एक जून से 19 जून तक नए सत्र के लिए प्रवेश जारी रहेगा,जबकि इस दौरान 19 मई से 12 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। नए सत्र के लिए राजकीय महाविद्यालय चौपाल ने भी अपना शेड्यूल जारी कर दिया है। महाविद्यालय की प्रेस सचिव बबिता ने बताया कि शिक्षा विभाग कि प्रवेश के लिए फॉर्म जमा करवाने के लिए अंतिम तिथि 19 जून निर्धारित की गई है, जबकि उपरोक्त निर्धारित तिथियों के बीच महाविद्यालय में 13 जून से 19 जून के मध्य प्रवेश पूर्व परामर्श तिथि निर्धारित की गई है। इन तिथियों के बीच किसी भी कार्य दिवस में चौपाल महाविद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र अथवा उनके अभिभावक प्रवेश सम्बंधित परामर्श ले सकते है। प्रवेश से सम्बंधित जानकारी के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य रविंदर चौहान के मोबाइल नंबर 9418106966, सहायक आचार्य कन्या नेगी के मोबाइल नंबर 8626999338 एवं महाविद्यालय के अधीक्षक सोमेश्वर ठाकुर के मोबाइल नंबर 9805250764 पर भी संपर्क किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### शिक्षा मंत्री कल करेंगे संपर्क मार्ग का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 21 और 23 मई को कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी जारी बयान में एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि रोहित ठाकुर 21 मई को प्रातः 11 बजे धनसार में ग्राम पंचायत झाल्टा के शिलोली संपर्क मार्ग का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे। शिक्षा मंत्री 23 मई को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत बरथाटा के गरुंग में केलवी गरुंग बलाई सड़क का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे। इसके पश्चात वह दोपहर 1 बजे बलाई में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे।

### भूमिका ने परीक्षा में झटके 91 प्रतिशत अंक

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुन्गा का 12वीं कक्षा की बोर्ड की परीक्षा परिणाम काफी संतोषजनक रहा। प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने बताया कि पाठशाला की छात्रा भूमिका ने 91 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि रितिका ने 86 प्रतिशत लेकर दूसरा तथा निहारिका ने 85 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। उन्होने बताया कि पाठशाला का ओवरऑल परिणाम 76 प्रतिशत रहा है।

# ननहार में 30 को होगा 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम : उपायुक्त

## शिक्षा मंत्री रोहित करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता, लोगों की समस्याओं का होगा समाधान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

**सुक्खू** सरकार ने 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के प्रयास तेज कर दिए हैं, जिसके लिए ग्रामीण व पंचायत स्तर तक सरकार की सीधी पहुंच सुनिश्चित की जा रही है, ताकि ऑन द स्पॉट ग्रामीण समस्याओं से अवगत हुआ जाए और उसके समाधान के लिए त्वरित एक्शन लिया जाए। इसी कड़ी में चौपाल के तहत ननहार पंचायत में 30 मई को एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर करेंगे।

जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि एसडीएम चौपाल को निर्देश दिए गए हैं कि कि आगामी दो दिनों में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के लिए स्थान चयनित करें। इसके अलावा उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए है कि कार्यक्रम के दौरान सभी की मौजूदगी अनिवार्य है, जो आदेशों की पालना नहीं करेगा। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उपायुक्त एक विशेष बैठक आयोजित कर कहा कि सभी विभाग अपने अपने विभाग में चल रही विभिन्न सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को कार्यक्रम से पूर्व जागरूक करें। इसके अलावा योजना के क्रियान्वयन की यथास्थिति भी रखेंगे। (अनंत ज्ञान)



### होनहार विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**बैठक** में फैसला लिया गया है कि क्षेत्र के स्कूली विभिन्न परीक्षाओं में होनहार विद्यार्थियों को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया जाएगा, ताकि होनहार विद्यार्थियों का हौसला बढ़ सके और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन सके।

### चौपाल में बैठेगा मेडिकल बोर्ड

**चौपाल** अस्पताल में आगामी कुछ दिनों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल बोर्ड बैठेगा, ताकि चौपाल विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांग लोगों को प्रमाण पत्र वहीं पर जारी हो सके। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को शिमला आना पड़ता है। सरकार गांव के दौरान कार्यक्रम से पूर्व ही बोर्ड अस्पताल में बैठगा।

### ऑनलाइन होंगी शिकायतें अपलोड

**सरकार** गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान प्राप्त जन शिकायतें इस बार मुख्यमंत्री सेवा संकल्प 1100 पर अपलोड की जाएगी। इससे पहले ये शिकायतें यहां पर अपलोड नहीं की जाती थी। इस बार इस योजना को लागू किया जा रहा है।

# प्रदेश विश्वविद्यालय में छात्र मांगों को लेकर गरजी विद्यार्थी परिषद



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**एबीवीपी** ने प्रदेश विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का मकसद विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति की नियुक्ति एवं छात्रों के लिए नई बसों की सुविधा, गैर शिक्षक पदों की भर्तियां, छात्र संघ चुनाव की बहाली एवं नए छात्रावासों की निर्माण की मांग की गई। लंबे समय से मांग करने के बाद भी अभी तक विश्वविद्यालय को स्थाई कुलपति नहीं मिल पाया है, जोकि एक शर्मनाक विषय है। विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए नई बसों की सुविधा की मांग इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से रखी गई। लंबे समय से पर्याप्त संख्या में बसों की सुविधा न होने के कारण छात्र काफी परेशानियों से जूझ रहा है। लगभग 7 से 8 हज़ार छात्रविश्वविद्यालय में पड़ते है, लेकिन सिर्फ तीन बसें विश्वविद्यालय में सेवा में है।

गैर शिक्षकों की भर्ती भी जल्द से जल्द हो। साथ ही साथ विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्र संघ चुनाव को बहाल करने की मांग इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से रखी गई।

### नए छात्रावासों के निर्माण की उठाई मांग

**इसके** अलावा परिषद ने नए छात्रावासों की निर्माण करने की मांग उठाई है। विद्यार्थी परिषद का कहना है की सरकार को इन मांगों के ऊपर जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए ताकि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

### खेलों से होता है बच्चों का शारीरिक विकासः चंद्र प्रभा

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय तत्तापानी में खेल दिवस का आयोजन मेला मैदान तत्तापानी में किया गया। इस में वर्गानुसार और सदन अनुसार खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। प्रधानाचार्या चंद्र प्रभा शर्मा ने बताया कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा विद्यालय स्तर पर वर्ष भर में 7 अनिवार्य कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं जिसमें खेल दिवस भी एक कार्यक्रम अनिवार्य रखा गया है तथा खेलो के माध्यम से बच्चों में अनुशासन की भावना उत्पन्न होती है। खेलों से बच्चों का शारीरिक विकास होता है। खेल दिवस न केवल खेल और शारीरिक सौष्ठव के महत्व को बढ़ावा देता है। खेल दिवस में विभिन्न पारंपरिक खेल, मैदानी खेलों के साथ साथ इनडोर खेल भी करवाएं गए। विजेता रहे बच्चों को विद्यालय वार्षिकोत्सव में सम्मानित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# एफआरए के बारे में किया जागरूक

## रामपुर के चारों जिप वार्डों की बनाई एक टीम: प्रेम सिंह धरैक

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर



**पूर्व** प्रशासनिक अधिकारी आईएएस प्रेम सिंह धरैक ने सोमवार को रामपुर के लिटिल शैफ होटल में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने वन अधिकार अधिनियम 2006 बारे लोगों को जागरूक किया, ताकि सरकार की ताजा पॉलिसी के अनुसार वन भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को रेगुलर करने में आसानी हो सके।

उन्होंने एफआरए के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि रामपुर उपमंडल में चारों जिला परिषद वार्डों के चुनिंदा कार्यकर्ताओं की एक टीम बनाई गई है। यह टीम स्वयंसेवक के रूप में काम करते हुए उपमंडल की सभी पंचायत में जाकर अवैध कब्जा की रेगुलराइजेशन करने बारे और एफआरए संबंधी जानकारी लोगों को देगी उन्होंने बताया हर जिला परिषद वार्ड से चार-चार लोगों को इस टीम में शामिल किया गया है। क्योंकि जब तक लोग को जागरूक नहीं होंगे तब तक इस कानून का लाभ आम आदमी को नहीं मिल पाएगा।

उन्होंने रेगुलराइजेशन के फॉर्म को भरने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी ताकि आम आदमी उसका लाभ उठा सके। उन्होंने बताया कि मैं एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते लोगों को जागरुक कर रहा हूं। एफआरए में लोगों को कुछ अधिकार दिए गए हैं। इस मौके पर ईश्वर दास मेहता, दीवान सिंह, संजीव कुमार, शंकर लाल, प्रीतम देव, बाबूराम, देवी सिंह बुसहरी, बीरबल, केश्वर प्रसाद, ठाकुरदास राठी, सुरेश और सत्यदेव शर्मा आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### साक्ष्य के साथ कागज करें प्रस्तुत

**यदि** स्थानीय निवासी पुश्तैनी समय से यहां रहता है और 13 दिसंबर 2005 से पूर्व वह वन भूमि पर किसी भी रूप से काबिज है, तो उसे साक्ष्य और सभी कागजात लगाकर फॉर्म भरकर व्यक्तिगत रूप से देना है। पंचायत की आम सहमति के बाद फार्म प्रक्रिया में जाएगा।

# एसएफआई ने बस किराया बढ़ने पर किया विरोध, पुलिस के साथ हुई धक्का-मुक्की

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**प्रदेश** में बस किराये में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी के विरोध में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने प्रदेश की सुक्खू सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिमला में एसएफआई ने सोमवार को प्रदेश विश्वविद्यालय चौक पर प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया है। इस दौरान छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई।

एसएफआई नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने चुनाव के दौरान किए गए वादों के विपरीत काम कर रही है। बस किराये में बढ़ोतरी से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। एसएफआई नेताओं ने कहा कि सरकार को अपने चुनावी वादों को पूरा करना चाहिए। न कि इस तरह के जन विरोधी फैसले लेकर जनता पर आर्थिक बोझ डालने का काम करें।

### एसएफआई ने मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

**वहीं** एसएफआई के राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बस किराया बढ़ोतरी वापस नहीं ली गई तो छात्र संगठन बड़ा आंदोलन करेगा। इस आंदोलन में छात्र, नौजवान, महिलाएं और विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। उन्होंने सचिवालय का घेराव करने में भी गुरेज नहीं करेगी।

# झरेडी गांव में लैंडस्लाडिंग के तीन साल बाद भी नहीं लग पाया डंगा

## कई घरों को खतरा, लोग बोले- विभाग होगा जिम्मेदार

गोपाल कपिल, झंडूता

**विकास** खंड झंडूता के तहत बड़गांव पंचायत के झरेडी गांव में तीन साल पूर्व बरसात के कारण लैंडस्लाइड होने से गिरा डंगा अभी तक नहीं बन पाया है। इस कारण लोगों ने विभाग व प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया है। बड़गांव-सुन्हाणी मुख्य सड़क से झरेडी गांव के लिंक रोड पर गिरा यह डंगा घरों के लिए भी खतरा बन गया है। डंगे के साथ में ही ऊपर की तरफ घर बने हुए हैं।

डंगे के गिरने के कारण घरों में दरारें आ चुकी हैं। ग्रामीण दिलु राम, पवन, जानकी देवी, सुरेंद्र कुमार, दामोदरी देवी सहित अन्य ने बताया कि बरसात शुरू होने वाली है, जिस कारण घरों को खतरा बना हुआ है। लोगों ने कहा कि यदि डंगा लग जाता तो लैंडस्लाइडिंग से बचा जा सकता है, लेकिन अभी तक डंगा नहीं लगाया गया है। लोगों का कहना है कि यदि घरों को कोई नुकसान होता है तो विभाग जिम्मेदार होगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व प्रदेश सरकार से मांग की है कि उनकी जान-माल की सुरक्षा को देखते हुए वहां पर डंगा निर्माण किया जाए, ताकि लोग सुरक्षित रह सकें। सहायक अभियंता बरठी सुरजीत कैथ ने बताया कि अभी तक मामला हमारे संज्ञान में नहीं है। इसकी छानबीन की जाएगी। यदि ऐसा होगा तो कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



झरेडी गांव में तीन साल पहले बरसात में लैंडस्लाइड होने से गिरा डंगा।

# पंजाब रोडवेज की बस से 576.72 ग्राम चरस के साथ यात्री गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**बरमाणा** थाना पुलिस ने अलसु पुल के पास नाकाबंदी के दौरान मनाली से लुधियाना जा रही पंजाब रोडवेज की बस (नं. पीबी 07 बीक्यू-5439) को जांच के लिए रोका। पुलिस ने जब बस में सवार एक यात्री की तलाशी ली तो उसके पास से 576.72 ग्राम चरस बरामद हुई।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान खेमराज डांगी (40) पुत्र बारत कुमार डांगी, निवासी गांव बुद्ध शांति पालिका, नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। खबर की पुष्टि बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने की है।

### मंगरोट गांव में श्रीमद्भागवत कथा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के मंगरोट गांव के शिव मंदिर में सात दिवसीय श्रीममद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। सभी क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन सभी भक्तों के लिए प्रभु भक्ति, सत्संग और पुण्य अर्जन का एक उत्तम अवसर है। कथा वाचन सुप्रसिद्ध पंडित प्रकाश चंद शैल (साई खारसी वाले) की ओर से किया जा रहा है, जिनकी वाणी और ज्ञान से क्षेत्र पहले भी कई बार लाभान्वित हो चुका है। मंदिर कमेटी एवं समस्त इलाका निवासियों ने समस्त समिति की ओर से सभी प्रभु प्रेमी श्रद्धालुजनों से निवेदन किया है कि वे इस पवित्र आयोजन में भाग लें।

### जयराम और बिंदल कर रहे प्रवक्ता जैसा व्यवहारः संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। भाजपा की अंदरुनी हालत तो पांच धड़े, 500 बीमार, 50 अनार जैसी हो गई है। भाजपा में प्रतिस्पर्धा का आलम यह हो गया है कि जयराम हों या बिंदल नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष न होकर भाजपा के प्रवक्ता जैसा व्यवहार कर रहे हैं और ऐसे में भाजपा के प्रवक्ता परजीवियों के वक्ता बन गए हैं। उन्होंने कहा कि पॉलीटिकल क्राइसिस से गुजर रही भाजपा के पास न मुद्दा, न नेता है, अगर नेता प्रतिपक्ष हिमाचल का है, तो अध्यक्ष हरियाणा से तो संगठन मंत्री बंगाल का है, ऐसे में खुद भाजपा के कार्यकर्ता यही तय नहीं कर पा रहे कि उनको भाषा कौन सी सीखनी चाहिए। भाजपा में प्रतिस्पर्धा का आलम यह है की उसके हर नेता और कार्यकता को प्रदेश सरकार पर टिप्पणी करनी है, ताकि वह अपने आप को जीवित रख सके। स्वास्थ्य मंत्री पर टिप्पणी करने से पूर्व भाजपा के लोग सैनिटाइजर घोटाले पर बोलने से क्यों घबराते हैं, तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री चाहे विपिन परमार रहे हो या डॉ राजीव सहजन उनकी खामोशी पूर्व की भाजपा सरकार में घोटाले में हुए और भ्रष्टाचार को साबित करती है।

### पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने नवाजे होनहार



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में घुमारवीं क्षेत्र के मेधावी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप टेन मेरिट सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इन होनहार स्टूडेंट्स की उपलब्धियों पर उन्हें पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने उनके घर जाकर होनहार को टोपी व शॉल पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### केरल भ्रमण से लौटी छात्राओं ने साझा किए अनुभव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** डंगार स्कूल में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर गई डंगार स्कूल की 12वीं कक्षा की तीन छात्राओं प्रेरणा, रिशिता तथा कशिश ने केरल भ्रमण पर अपने अनुभव साझा किए गए। उन्होंने शिक्षा विभाग, प्रधानाचार्या रेखा शर्मा तथा समस्त अध्यापकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत हिमाचल और केरल के भू दृश्य पर छठी से लेकर 12वीं कक्षाओं तक चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई। चित्रकला प्रतियोगिता में अंजलि, कुसुम, अंकिता, यशस्वी, तनवी, कृतिका, साक्षी, शुभम राज, कृतिका, कोमल, अंकिता, तनीषा ने बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया गया। प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने केरल शैक्षणिक भ्रमण से लौटी 12वीं कक्षाओं की तीनों छात्राओं को बधाई दी।

### तलाई स्कूल को भेंट किया वाटर कूलर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** दुर्गा दास ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलाई को एक वाटर कूलर व ग्रीन बोर्ड भेंट किया। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक ने बताया कि दुर्गा मार्वल शाहतलाई के मालिक दुर्गा दास ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलाई को एक वाटर कूलर व एक ग्रीन बोर्ड दिया, जिनकी कीमत लगभग 70,000 रुपए है। प्रधानाचार्य राजकुमार डोगरा व समिति के अध्यक्ष अशोक कौशल व पाठशाला के स्टाफ ने दुर्गा दास का आभार व्यक्त किया है।

# ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ दधोल स्कूल ने उखाड़े भांग के पौधे

बलवंत कमल, दधोल




भांग के पौधों को उखाड़ती ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन

**ओल्ड** स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल ने समाज में नशे के खिलाफ अपनी जागरूकता मुहिम को आगे बढ़ाते हुए एक सराहनीय कदम उठाया। हाल ही में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित एक खबर के आधार पर एसोसिएशन ने संज्ञान लेते हुए स्कूल परिसर से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग-103 के किनारे तक उगी भांग की झाड़ियों को उखाड़ने का कार्य किया।

खबर में बताया गया था कि एनएच-103 के किनारे भांग की झाड़ियां इस प्रकार उग आई थीं, जैसे वहां इसकी बाकायदा खेती की जा रही हो, लेकिन किसी भी संस्था ने इसे हटाने में रुचि नहीं दिखाई। यह बात ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पेनियल को चिंतित कर गई। उन्होंने इस विषय को संस्था की बैठक में उठाया और निर्णय लिया कि इस दिशा में स्वेच्छा से कार्य किया जाएगा। संस्था के सदस्यों ने एक कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल के आसपास एवं एनएच-103 के दोनों ओर लगभग 200-200 मीटर की दूरी तक फैली भांग की झाड़ियों को साफ किया। इस स्वच्छता अभियान में संस्था के महासचिव सुरेश भारद्वाज, मुख्य सलाहकार देशराज शर्मा, सलाहकार राजेश शर्मा एवं राजेंद्र प्रसाद, सदस्य नंदलाल शर्मा, विक्की राणा ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संस्था के अध्यक्ष सुरेश ने बताया कि यह अभियान नशा विरोधी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और समाज को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने के उद्देश्य से चलाया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भी ऐसे सामाजिक कार्यों में भाग लें और नशा मुक्त समाज की दिशा में योगदान दें। (अनंत ज्ञान)

# मिनर्वा ग्रुप देगा सैनिकों के बच्चों को ट्यूशन फीस में 25% छूट

नीरज शर्मा, घुमारवीं

**मिनर्वा** ग्रुप घुमारवीं ने एक खास पहल की है। इस पहल के तहत रक्षा क्षेत्र में कार्यरत या सेवानिवृत्त जवानों के बच्चों को नीट, जेईई और एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं व धर्मशाला में ट्यूशन फीस पर 25 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। यह विशेष छूट मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं व धर्मशाला में ड्रॉपर बैच के लिए उपलब्ध रहेगी। संस्थान के संस्थापक प्रवेश चंदेल व राकेश चंदेल का कहना है कि भारतीय सेना के अदम्य साहस एवं बलिदान के जज्बे को प्रणाम करने को समर्पित यह पहल उन परिवारों के प्रति कृतज्ञता का एक छोटा सा प्रयास है, जो हर दिन देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य स्टूडेंटस को पढ़ाई व खेलों में ही नहीं बल्कि एक अच्छा इंसान बनाना भी है। (अनंत ज्ञान)

### दसलेहड़ा छिंज कमेटी की नई कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** छिंज कमेटी दसलेहड़ा की कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें पुरानी कार्यकारिणी का भंगकर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कमेटी के वाइस चेयरमैन एवं मीडिया प्रभारी कैप्टन योगिंदर पाल ने बताया कि नई कमेटी में चेयरमैन लाला बिसेसर दास, अध्यक्ष नीलेश कुमार शेखर, उपाध्यक्ष अनिल शेखर, सचिव करतार सिंह धीमान, सह सचिव राकेश वालिया, कोषाध्यक्ष रजनीश शर्मा, मुख्य सलाहकार मदन लाल शेखर, अमृत लाल कपूर, राम सांख्यान, ऑब्जर्वर राज कुमार शर्मा, सोहन लाल सोनी, अनिल शेखर को बनाया गया। इसके अलावा दसलेहड़ा पंचायत के सभी वार्डों से 5-5 लोगों को सदस्य बनाया गया। उन्होंने बताया कि नई कमेटी का कार्यकाल 5 वर्ष का होगा। उन्होंने बताया कि बदलाव की स्थिति में कभी भी बदलाव किया जा सकता हैं।

# झंडूता में आम की फसल पर मंडराया 'होपर कीट' का खतरा

अनंत ज्ञान, झंडूता

**उद्यान विभाग ने किसानों को सतर्क रहने की सलाह, जारी की एडवाइजरी**

**आम** की फसल को नुकसान पहुंचाने वाले प्रमुख कीटों में आम होपर एक महत्वपूर्ण कीट है, जो विशेषकर फूलों, कोमल पत्तियों और नई टहनियों का रस चूसकर फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों को प्रभावित करता है। बिलासपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों की जलवायु आम होपर की सक्रियता के लिए अनुकूल मानी जाती है। उद्यान विभाग झंडूता केअधिकारी अरविंद गौतम ने किसानों को इस कीट से बचाव के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी है।

उन्होंने बताया कि आम होपर छोटे आकार के भूरे या हरे रंग के कीट होते हैं, जो जनवरी से अप्रैल के बीच सक्रिय रहते हैं, खासकर फूल आने के समय। ये कीट पौधों का रस चूसते हैं और मधु स्राव (हनीड्यू) छोड़ते हैं, जिस पर काली फफूंदी विकसित हो जाती है। इसके कारण पुष्पगुच्छों का झड़ना, फल बनने की दर में कमी और पत्तियों के मुरझाने जैसी समस्याएं सामने आती हैं।

### रासायनिक नियंत्रण उपायों को अपनाएं : अरविंद

**होपर** की रोकथाम के लिए अरविंद गौतम ने जैविक तथा रासायनिक नियंत्रण उपायों को अपनाने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि बाग की समय-समय पर सफाई करना, सूखी व संक्रमित टहनियों की छंटाई करना और पौधों में वायु संचार बनाए रखना जरूरी है। इसके साथ ही जनवरी से कीटों की निगरानी शुरू कर देनी चाहिए। यांत्रिक नियंत्रण के अंतर्गत संक्रमित टहनियों और फूलों को तोड़कर नष्ट करना चाहिए तथा रात के समय प्रकाश प्रपंच का उपयोग करना लाभकारी रहेगा। कीटनाशकों का छिड़काव सुबह या शाम के समय ही करें। फूल आने की अवस्था में विशेष सतर्कता बरतें और मधुमक्खियों की सुरक्षा के लिए अत्यधिक रसायनों से परहेज करें। छिड़काव करते समय सुरक्षात्मक वस्त्र अवश्य पहनें और एक ही कीटनाशक का बार-बार प्रयोग न करें।

## न्यूज ब्रीफ

### भक्ति का कोई निश्चित स्थान नहीं होता : सुनीता

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें बहन सुनीता ने प्रवचन करते हुए कहा कि भक्त हर वक्त निरंकार प्रभु के अहसास में जीवन जीते हैं। युगों-युगों से और आज भी यही संदेश दिया जा रहा है कि इंसान जीते जी अपने जीवन को संवार ले और इस सत्य की रोशनी से जुड़ जाए। वास्तव में परमात्मा की जानकारी से ही हमारा मनुष्य जीवन सफल होगा। संतों ने कभी भी यह नहीं कहा कि सामाजिक जिम्मेदारियों से भाग कर भक्ति करनी है बल्कि यही बताया है कि घर, परिवार और समाज का हिस्सा बनकर भक्ति करनी है। भक्ति का कोई निश्चित समय या स्थान नहीं होता, यह जीवन के हर क्षण में हो सकती है। बहन सुनीता ने कहा जैसे एक फूल अपनी खुशबू हर समय बिना किसी प्रयास के चारों ओर फैलाता है, वैसे ही भक्ति का वास्तविक अनुभव बिना किसी दिखावे के आत्मसात किया जाता है। भक्ति केवल क्रिया नहीं बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में परमात्मा की उपस्थिति का अहसास है।

### सावित्री देवी को चुना एसएमसी का प्रधान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएमश्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंदर नगर में सोमवार को स्कूल प्रबंधन समिति की आमसभा प्रधानाचार्य मनोज चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस सभा में 150 से अधिक अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। सभा के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के नए प्रधान का चुनाव भी हुआ, जिसमें सावित्री देवी को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने स्कूल की दो मेधावी छात्राओं अनामिका ठाकुर और वंशिका को सम्मानित किया। दोनों छात्राओं ने 10+2 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया। अनामिका ठाकुर ने बोर्ड में सातवां स्थान और वंशिका ने दसवां स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम पूरे क्षेत्र में रोशन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्कूल प्रबंधन छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहता है। उन्होंने दोनों छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# एक डॉक्टर के सहारे 24 पंचायतें

## डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रहा धरवाला का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी

**आरके सहगल, चंबा**

**जिला** के अंतर्गत धरवाला क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी एक गंभीर संकट से गुजर रहा है। यह हिमाचल प्रदेश का एकमात्र सीएचसी है जहां केवल एक डॉक्टर का पद स्वीकृत है। इस डॉक्टर पर पूरे केंद्र की जिम्मेदारी है, जो कि 24 पंचायतों की करीब 60,000 आबादी की स्वास्थ्य देखभाल के लिए अत्यंत अपर्याप्त है।

ग्राम पंचायत लोथल, सुनारा, ब्रेही, राडी, प्रीणा, गाण, कुनेड, किलोड, डुलाड़ा, गुराड, लेच, बलौठ, खुदेल, धिमला, बकाण, दाडवी समेत 24 पंचायतों के लोगों को चिकित्सा सुविधा के लिए केवल सीएचसी चूड़ी पर निर्भर रहना पड़ता है। लेकिन यहां केवल एक डॉक्टर कार्यरत है, जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सीएचसी सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक ही कार्य करता है।

इसके बाद किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को 25–30 किलोमीटर दूर चंबा मेडिकल कॉलेज तक पहुंचना पड़ता है, जिससे समय और साधनों की भारी बर्बादी होती है। स्थानीय ग्रामीणों संजय राजपूत, विक्रांत ठाकुर, रवि ठाकुर, हाकम चंद, कुलदीप कुमार, तिलक राज, गोपाल शर्मा, श्रवण कुमार, देव राज, पवन शर्मा, प्रवीन शर्मा, नरेश महाजन, बालक राम आदि ने सरकार से मांग की है कि सीएचसी चूड़ी में कम से कम 5 डॉक्टरों के पद तुरंत स्वीकृत किए जाएं, ताकि जनता को स्वास्थ्य सेवाएं समय पर और सुलभ रूप में मिल सकें। ग्रामीणों का कहना है कि हिमाचल प्रदेश में लगभग सभी सीएचसी में 5 से 8 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं, जिससे वहां की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। लेकिन चूड़ी ऐसा एकमात्र केंद्र है जहां स्वास्थ्य सेवाएं एक डॉक्टर के भरोसे हैं। (अनंत ज्ञान)



ग्रामीणों ने जताया रोष, 5 डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग की

### सरकार को कई बार लिखे पत्र : बीएमओ

**खंड** चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) चूड़ी हरिंद्र पाल सिंह ने भी इस गंभीर मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि सीएचसी चूड़ी में लंबे समय से केवल एक डॉक्टर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि कई बार सरकार को पत्र लिखकर डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने की मांग की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# 13,570 फुट की ऊंचाई पर स्थित बूथ चसक भटौरी में निकाली तिरंगा यात्रा



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पांगी-भरमौर** विधानसभा क्षेत्र की बर्फीली वादियों में आज देशभक्ति की एक अनोखी मिसाल कायम हुई। समुद्रतल से 13,570 फुट की ऊंचाई पर स्थित बूथ चसक भटौरी (29) में स्थानीय निवासियों, युवाओं और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया।

इस ऐतिहासिक यात्रा की अगुवाई भरमौर-पांगी के विधायक डॉ. जनकराज ने की। उन्होंने कहा कि ऐसा दुर्लभ दृश्य शायद ही कहीं और देखने को मिले। जहां एक ओर हिमाच्छादित चोटियां हैं और दूसरी ओर दिलों में देश के लिए उमड़ता जोश। यह हमारे वीर क्षेत्र की पहचान है। तिरंगे की शान के लिए हमारे लोग हर कठिनाई को पार कर सकते हैं।

बर्फ से ढकी ऊंचाइयों पर गूंजते 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों ने पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। स्थानीय युवाओं ने हाथों में तिरंगा थामे बर्फीले रास्तों पर पैदल चलकर यह संदेश दिया कि देशप्रेम सिर्फ मैदानों तक सीमित नहीं, वह हिमालय की चोटियों पर भी पूरी शिद्दत से जीया जा रहा है।

# हिंदू परिवार से मारपीट मामले में किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** शहर के स्कूल बाजार में गत मंगलवार को बावड़ी की पाइप से पानी भरने को लेकर एक मंडी हिंदू परिवार की मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा की गई पिटाई के विरोध में सोमवार को आयोजित हिंदू संगठनों के धरना प्रदर्शन में यह चेतावनी विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय मंत्री लेखराज राणा ने कही।

उन्होंने कहा कि भगत राम चौहान के पत्नी व बेटे पर 15 से 20 मुस्लिम लोगों ने पानी भरने के लिए हमला कर घायल कर दिया, लेकिन जब मामला दर्ज करने की बात आई तो पुलिस ने आरोपियों को प्राथमिकता दी व पीड़ित को बाहर बिठाया। पुलिस के हाल यह हैं कि परिवार पर हेलमेट से हमला करने वाले व्यक्ति को पुलिस पकड़ नहीं पाई है। केवल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बाहर से आकर यह प्रवासी यहां काम करते हैं और दुकानों के लिए लाखों रुपए देते हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। कोटली से भगाए गए व्यक्ति की यहां भी गतिविधियां संदिग्ध है। उन्होंने उसकी जांच की भी मांग उठाई।

पंडित पंकज शर्मा ने कहा कि पूर्व में मंडी में हुए तेजाब कांड, गोलीकांड और लूटपाट करने के मामलों में इसी समुदाय के लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोग इन पर दया करके कमरे किराए पर देते हैं और यह लूटपाट करते हैं। इसके बाद शहर भर में रैली निकालने के बाद उपायुक्त अपूर्व देवगन के माध्यम से मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया।




### बदला जाए पुलिस चौकी मंडी का स्टाफ

**धरना** प्रदर्शन के दौरान पुलिस के खिलाफ लोगों में नाराजगी दिखी। मंडी पुलिस पर मामले में लापरवाही बरतने पर पुलिस चौकी मंडी के स्टाफ को बदलने की मांग की गई। परिषद के घनश्याम ने कहा कि मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। वहीं लेखराज राणा ने कहा कि सुंदरनगर में हुए लूटपाट मामले में भी योगी पुलिस ने आरोपियों को गोली मारी। मंडी पुलिस उनको नहीं पकड़ पाई।

# शिक्षण संस्थानों को मिलेगा तंबाकू मुक्त वातावरण

## तंबाकू उत्पादों पर नियंत्रण और युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए डीसी ने कसी कमर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** चंबा में तंबाकू उत्पादों पर लगाम कसने और युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल के नेतृत्व में एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षण संस्थानों की 100 गज की परिधि में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों को 31 मई तक तंबाकू मुक्त संस्थान घोषित करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। इस दौरान 'सेल्फ सर्टिफिकेशन' प्रमाण पत्र तैयार कर संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को भेजे जाएंगे। प्राथमिक पाठशालाओं में तंबाकू निषेध बोर्ड लगाए जाने के भी निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कोटपा अधिनियम के कड़ाई से पालन, पुलिस विभाग को विशेष निगरानी और विद्यालय प्रबंधन समितियों के सहयोग से बाजारों में छापेमारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला और खंड स्तरीय उड़न दस्तों को प्रभावी और सक्रिय बनाया जाएगा।

उन्होंने पंचायत स्तर पर भी तंबाकू नियंत्रण व्यवस्था को मजबूत बनाने पर बल देते हुए बताया कि तंबाकू मुक्त पंचायत घोषित होने पर सरकार द्वारा पांच लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिला विकास अधिकारी और जिला पंचायत अधिकारी को भी समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर ने विभागीय गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जबकि जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. करण हितेषी ने कार्यवाही का संचालन किया। बैठक में पुलिस उप अधीक्षक जितेंद्र चौधरी, उपनिदेशक उच्च शिक्षा भाग सिंह, प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बलवीर सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन एवं मनोचिकित्सक डॉ. कृति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में डॉ. करण हितेषी ने तंबाकू सेवन के कारण होने वाले कैंसर जैसे गंभीर रोगों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, चंबा में तंबाकू की लत छुड़वाने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएं एवं परामर्श केंद्र सक्रिय हैं। इस मौके पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे के अवसर पर 16 जून तक चलने वाले मासिक जागरूकता कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया।



हाइपरटेंशन जागरूकता अभियान का भी शुभारंभ

## दिनेश ने नेहरू युवा केंद्र संगठन का नाम बदलने पर जताया रोष

**ओपी शर्मा, भरमौर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया समन्वयक एवं प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग के समन्वयक डॉक्टर दिनेश कुमार ने भारत सरकार के केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा नेहरू युवा केंद्र संगठन का नाम बदलकर मेरा युवा भारत कर दिया जाने पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने इसे राजनीति की एक ओछी सोच बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए और भारत वर्ष के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उन्हें केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय को पूर्व वत नाम नेहरू युवा केंद्र संगठन बहाल करने के आदेश पारित कर भूल का सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को अपनी लोकप्रियता और विश्वास बेहतर काम करके साबित करनी चाहिए न कि पूर्व की सरकारों के कार्य क्रम व स्कीमों के नाम बदलने चाहिए। (अनंत ज्ञान)



# पीएमश्री रायपुर स्कूल बना वर्षा जल संचयन का आदर्श मॉडल

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

**प्रदेश** के जिला चंबा स्थित पीएमश्री जीएसएसएस रायपुर विद्यालय ने एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक क़दम उठाते हुए वर्षा जल संचयन के क्षेत्र में नया मील का पत्थर स्थापित किया है। वर्तमान समय में जब जल संकट वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है, ऐसे में इस विद्यालय की यह पहल न केवल जल संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव है, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए एक जीवंत उदाहरण भी है।

विद्यालय परिसर में वर्षा जल संचयन प्रणाली की स्थापना की गई है, जिससे वर्षा के जल को संचित कर पुनः उपयोग में लाया जा सकेगा। यह पहल हिमकॉस्टे (हिमाचल विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद) और ज़िला प्रारंभिक शिक्षा विभाग, चम्बा के सहयोग से पूर्ण हुई है। इस परियोजना के सफल संचालन के पीछे विद्यालय की प्रधानाचार्या राजकुमारी की दूरदृष्टि और विज्ञान पर्यवेक्षक गौरव वैद का मार्गदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा।

ईको क्लब के प्रभारी राजीव कुमार, प्रवक्ता (भौतिक शास्त्र) ने समर्पित शिक्षकों एवं ईको क्लब के विद्यार्थियों के साथ मिलकर इस प्रणाली का निर्माण किया। यह प्रणाली अब न केवल विद्यालय के लिए जल का स्रोत बनेगी, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षिक प्रयोगशाला भी होगी, जहाँ वे पर्यावरण संरक्षण की अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप से समझ सकेंगे। इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने जल संकट और उसके समाधान को अपने रंगों और शब्दों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों को जल संकट के कारण, उसके प्रभाव, समाधान, और वर्षा जल संचयन की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि सम्पूर्ण जीवन का आधार है। पीएमश्री जीएसएसएस रायपुर की यह पहल न केवल अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए एक प्रेरणा बनेगी, बल्कि यह सिद्ध करती है कि यदि परिवर्तन की शुरुआत विद्यालयों से हो, तो भावी पीढ़ी को सुरक्षित व जागरूक बनाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)



# सांवला में महिला ने फंदा लगाकर दी जान

## मायका पक्ष ने ससुराल पर लगाए मारने के आरोप, सास-ससुर और पति गिरफ्तार

**बालक राम, पंडोह**

**सांवला** की महिला ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार वनिता (33) पत्नी नरेश कुमार गांव सांवला पंचायत तांदी की रहने वाली थी। मृतिका के दो बच्चे भी हैं। बता दें कि पति-पत्नी में काफी समय से टकराव चल रहा था। पति अपनी पत्नी से शराब के नशे में मारपीट करता था।

पिछले दो माह से काम पर भी नहीं जा रहा था और सुबह से ही शराब के नशे में धुत रहता था, जिस कारण पति-पत्नी में तनाव बढ़ता गया और अंततः मौत के साथ ही समाप्त हुआ। घटना रविवार रात 9 बजे की है जब वनिता घर पर अकेली थी तो उसने फांसी लगा ली। पति नशे की हालत में घर आया और दरवाजा तोड़ कर पत्नी को पंडोह बाजार केमिस्ट की दुकान ले गया, मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पंडोह पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर नेरचौक अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर ले कर गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति नरेश कुमार, सास व ससुर को हिरासत में ले लिया, क्योंकि मृतिका ने दो बार पंडोह पुलिस चौकी में स्वयं जाकर पति की प्रताड़ना के खिलाफ शिकायत कर रखी थी।

मृतका के ससुर ने पंचायत प्रधान तांदी अमरावती ठाकुर को फोन पर पति -पत्नी के मामले को सुलझाने के लिए बुलाया था, मगर प्रधान कहीं रिश्तेदारी में व्यस्त होने के कारण नहीं जा सकी। (अनंत ज्ञान)

### बेटी का स्वयं करेंगे संस्कार : पिता तेजराम

**मायका** पक्ष ने ससुराल पक्ष पर बेटी को मारने के आरोप लगाए हैं तथा शव का अंतिम संस्कार भी वे अपने आप करने पर अड़े हुए हैं। मृतिका के पिता तेजराम भाटिया ने कहा कि हमारी बेटी की हत्या नरेश कुमार ने की है, वह उसे तंग करता था। मारपीट करता था, सास ससुर भी इसको प्रताड़ित करते थे। हम बेटी का संस्कार स्वयं करेंगे।

### पोस्टमार्टम के बाद ही लगेगा पता : कटोच

**पंडोह** पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कटोच ने कहा कि यह हैंगिंग केस है। पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मृतिका ने पति की प्रताड़ना की शिकायत पहले भी की थी। अभी पोस्टमार्टम हमीरपुर में करने के लिए शव ले जाया जा रहा है।

> **इस** मामले पर हमें या पंचायत को मृतका, पुलिस और ससुराल पक्ष ने कभी भी कोई शिकायत नहीं की है। मगर घटना बहुत ही दुखदाई है।
> **-अमरावती ठाकुर, पंचायत प्रधान, तांदी।**

### सूडोकु नवताल- 7435 (*****, कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7434 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## अनंत ज्ञान
# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

मंगलवार, 20 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** सप्तमी (05:54): **नक्षत्र** धनिष्ठा (07:33), **पक्ष:** कृष्ण, **योग :** एन्द्र (02:49), अभीजित (11:50-12:45)। **राहुकाल** (03:42-05:25)।

### विशेष दिन

20 मई: त्रिलोकनाथ अष्टमी आज।
20 मई: मासिक कालाष्टमी आज।

**मेष:** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**वृष:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मिथुन:** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**कर्क:** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं।

**सिंह:** नए लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं।

**कन्या:** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**तुला:** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केंद्रित होगा।

**वृश्चिक:** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है।

**धनु:** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर:** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा।

**कुंभ:** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**मीन:** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा।

### चंबा जनहित संगठन का आह्वान, दुनिया तक पहुंचाया जाए बलूचिस्तान के लोगों का दर्द

# बलूचिस्तान की आजादी की गर्जना और भारत से मिला समर्थन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** जनहित संगठन के संयोजक एसएल शर्मा ने बलूचिस्तान के मुद्दे पर एक ऐतिहासिक और साहसिक बयान जारी करते हुए कहा है कि अब समय आ गया है जब दुनिया को पाकिस्तान के अत्याचारों के खिलाफ खुलकर खड़ा होना चाहिए और बलूचिस्तान के स्वतंत्र अस्तित्व को स्वीकार करना चाहिए।

एसएल शर्मा ने कहा कि भारत में बलूचिस्तान की आजादी के लिए गहरा समर्थन देखने को मिल रहा है। कुछ स्थानों पर बलूचिस्तान का झंडा और भारत का तिरंगा एक साथ लहराते हुए देखे गए हैं, जो यह दर्शाता है कि भारत हर उस संघर्ष के साथ खड़ा है, जो न्याय और मानवता के लिए लड़ा जा रहा है।

सन 1948 में पाकिस्तान ने एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र बलूचिस्तान को जबरन अपने कब्ज़े में ले लिया। तब से लेकर आज तक वहां के नागरिक लगातार दमन, अत्याचार और शोषण का शिकार होते आ रहे हैं। बलूचिस्तान एक ऐसा क्षेत्र है जो पाकिस्तान के कुल संसाधनों का लगभग 44 प्रतिशत प्रदान करता है, फिर भी उसे हमेशा उपेक्षित और वंचित रखा गया।

चंबा जनहित संगठन ने कहा कि बलूच नेता वर्षों से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के काले कारनामों को उजागर कर रहे हैं, लेकिन अब ज़रूरत है कि दुनिया कार्रवाई करे, केवल बयान नहीं। भारत के लाल किले से जब बलूचिस्तान के समर्थन में आवाज़ उठी, तो इससे न केवल बलूच नागरिकों में नई ऊर्जा का संचार हुआ, बल्कि यह स्पष्ट हो गया कि भारत मानवाधिकारों और इंसानियत के लिए सदैव अग्रणी रहा है।

चंबा जनहित संगठन ने यह भी आह्वान किया कि बलूचिस्तान के लोगों के दर्द को दुनिया तक पहुंचाया जाए, उनके संघर्ष को समर्थन मिले और पाकिस्तान के ज़ुल्मों पर अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई हो। बलूचिस्तान की आवाज अब दबने वाली नहीं है। यह एक स्वतंत्र राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है और दुनिया इस ऐतिहासिक परिवर्तन की साक्षी बनेगी।

## एडवोकेट ने एसडीएम को पत्र लिख सड़क किनारे सूखे पेड़ों को हटाने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भट्ठा क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े एक सूखे पेड़ के गिरने से दोपहिया वाहन चालक की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय एडवोकेट सुनीत ठाकुर ने उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) जोगिंद्रनगर को पत्र लिखकर सड़क किनारे खतरनाक बन चुके सूखे पेड़ों को तुरंत हटाने की मांग की है। एडवोकेट ठाकुर ने अपने पत्र में लिखा है कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां अभी भी कई पेड़ सूख चुके हैं और कभी भी गिरकर बड़े हादसे को अंजाम दे सकते हैं। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो ऐसी घटनाएं दोहराई जा सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त सड़क मार्ग से माउंट मौर्या स्कूल के सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन गुजरते हैं। साथ ही यह एक मुख्य मार्ग है, जहां रोजाना भारी वाहन और निजी गाड़ियों की आवाजाही होती है। एडवोकेट ठाकुर ने एसडीएम से निवेदन किया है कि वे धारा 152 बीएनएसएस (पूर्व की धारा 133 सीआरपीसी) के तहत वन मंडल अधिकारी, जोगिंद्रनगर को सूखे और खतरनाक पेड़ों को हटाने तथा सड़क की ओर झुकी हुई टहनियों को काटने के निर्देश दें।



**कार्यालय ग्राम पंचायत कैलाशपुर**
**विकास खंड पंचरुखी , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

पंचायत बैठक में प्रधान जी ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत कैलाशपुर में विकास कार्यों हेतु निर्माण सामग्री क्रय करने के लिए निविदाएं आमंत्रित करना अति आवश्यक है। अतः विचार-विर्मश करने के उपरांत प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास हुआ। **सामग्री का विवरण**- रेत, बजरी, क्रैशर, बोल्डर, ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट द्वितीय श्रेणी, शटरिंग, पत्थर फाड़ा, साईन बोर्ड, सीमेंट किराया व लेबर सिविल सप्लाई पंचरूखी से पंचायत स्टोर तक, इंटर लॉक टाईलें इत्यादि की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। Vendor G.S.T. Registered Contain with HSN Code आधार कार्ड आईटीआर बैंक पास बुक सहित दस्तावेज संलग्न अनिवार्य है। निविदाएं/कुटेशनें बिना हस्ताक्षरों के मान्य नहीं होंगी। सामग्री की सप्लाई के साथ बैध ट्रांजिट पास फार्म X या W जमा करवाने होंगे। अन्यथा अदायगी नहीं की जाएगी। सामग्री की सप्लाई मूल्यांकन के उपरांत होगी। मटीरियल की सप्लाई प्रातः 10.00 बजे से 5.00 बजे तक संबंधित वार्ड सदस्य की उपस्थिति पर की जाएगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 23.05.25 को प्रातः 11.00 बजे समस्त पंचायत पदाधिकारियों व निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोली जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कैलाशपुर**
**विकास खंड पंचरुखी , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं, डिम्पल कुमारी**, सपुत्री श्री रतन चंद ग्रा./ डा. पट्टी तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176061, एतद् द्वारा घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम डिंपाल (DIMPAL KUMARI) कुमारी से बदलकर डिम्पल (DIMPLE KUMARI) कुमारी, रख लिया है। संबंधित जानकारी नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, कृति कुमारी** – KRITI KUMARI D/o श्री रतन चंद ग्रा./ डा. पट्टी तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176061, एतद् द्वारा घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम कृति कुमारी (KARITI KUMARI) से बदलकर कृति कुमारी (KRITI KUMARI) रख लिया है। संबंधित जानकारी नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं नणू देवी** (46) पत्नी श्री तुले राम निवासी गांव जुआणी, डाकघर नेउली तहसील व जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश की हूं। जन्म प्रमाण और पंचायत रिकॉर्ड में मेरा नाम नणू देवी दर्ज है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम देवकला दर्ज है। अब मैं आधार कार्ड में भी देवकला से नाम परिवर्तन कर नणू देवी करवाना चाहती हूं। आज से मुझे नणू देवी नाम से ही पुकारा जाए।

जीवन में तीन चीजें को कभी भी छुपाकर नहीं रखा जा सकता है। वो है- सूर्य, चंद्रमा और सत्य। -महात्मा गौतम

## संपादकीय

# विश्वसनीयता पर सवाल

नवोदय विद्यालय समिति यानी एनवीएस की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर खुल्लमखुल्ला नकल हुई। क्या आयोजकों को इसकी भनक नहीं लगी ? या तो दाल में कुछ काला है या फिर मिलीभगत है। राजधानी शिमला के कई केंद्रों में माइक्रोचिप और ब्लूटूथ से नकल करवाई गई। स्पेशल इन्वेस्टिगेटिंग टीम गठित कर दी गई है। जांच बड़ी तेजी से आगे बढ़ रही है। पूछताछ में कई अभ्यर्थियों ने खुलासा किया है कि 4 से 12 लाख रुपए में नकल करवाने का सौदा हुआ था। सवाल उठता है कि जब इन अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में एंट्री करवाई गई, तो उनकी तलाशी गहनता से की गई, लेकिन मेटल डिटेक्टर में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जैसा कुछ भी पकड़ में कैसे नहीं आया ? दूसरी ओर शिमला के भराड़ी स्थित एक स्कूल में आयोजित कनिष्ठ सचिवालय सहायक यानी जेएसए परीक्षा में हरियाणा के जींद का एक युवक दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया।

आखिर यह हो क्या रहा है ? परीक्षा में इतने बड़े पैमाने पर नकल होना अच्छा संकेत नहीं है। इससे ईमानदारी से मेहनत करने वाले स्टूडेंट्स को धक्का लगता है। देश में युवाओं के लिए नौकरियों की भारी प्रतिस्पर्धा और सीमित अवसरों के बीच परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन नवोदय विद्यालय समिति की भर्ती परीक्षा में जो कुछ हुआ, उसने पूरे परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। राजधानी शिमला समेत अन्य केंद्रों पर बड़े पैमाने पर हाईटेक नकल के खुलासे ने यह साबित कर दिया है कि अब नकल कोई साधारण तरीका नहीं रहा, बल्कि यह एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है। कई परीक्षा केंद्रों में अभ्यर्थियों के पास से ब्लूटूथ डिवाइस और माइक्रोचिप्स मिलने का मतलब है कि यह सब इतनी सफाई से किया गया कि मेटल डिटेक्टर भी इन्हें पकड़ने में असमर्थ रहे। क्या यह तकनीकी की लापरवाही थी या फिर मिलीभगत ? ब्लूटूथ डिवाइस कान के अंदर बेहद सूक्ष्म रूप में छुपाई जाती है और चिप्स कपड़ों या शरीर पर इस तरह से फिट की जाती हैं कि सामान्य जांच से उनका पकड़ना मुश्किल हो जाता है। यह कोई एक-दो लोगों की करतूत नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित रैकेट है जिसमें कई लोग शामिल हैं।

परीक्षा में बैठने वाला अभ्यर्थी, बाहरी व्यक्ति, तकनीकी मदद देने वाले और संभवतः कुछ अंदरूनी कर्मचारी भी। सवाल उठता है कि जब इतनी भारी तैयारी के साथ नकल की योजना बनाई गई, तो क्या आयोजकों को इसकी भनक तक नहीं लगी ? क्या सेंटर सुपरवाइजर, परीक्षा निरीक्षक और सुरक्षा एजेंसियां केवल औपचारिकता निभा रही थीं ? प्रतीत होता है कि या तो सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामियां थीं या फिर सब कुछ जानबूझ कर नजरअंदाज किया गया। जरूरत इस पूरे सिस्टम को सुधारने की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। शिमला के भराड़ी में डमी कैंडिडेट का प्रवेश करना न केवल विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि पहचान सत्यापन की प्रक्रिया कितनी कमजोर है। जब इस तरह की नकल सामने आती है तो सबसे बड़ा नुकसान उन लाखों ईमानदार युवाओं को होता है जो सालों मेहनत कर, दिन-रात पढ़ाई कर परीक्षा की तैयारी करते हैं।

वे यह मानकर चलते हैं कि परीक्षा निष्पक्ष होगी और मेरिट के आधार पर ही नौकरी मिलेगी, लेकिन जब नकल करने वाले पैसों के दम पर सफल हो जाते हैं, तो यह ईमानदार छात्रों के लिए सिर्फ मानसिक रूप से नहीं, बल्कि करियर का भी आघात बन जाता है। यह विश्वास टूटने लगता है कि मेहनत रंग लाएगी। इस तरह की नकल को रोक लगाने के लिए उच्च तकनीकी जांच उपकरणों का प्रयोग बेहद जरूरी है। मेटल डिटेक्टर से आगे बढ़ते हुए, आरएफ डिटेक्टर, ब्लूटूथ जैमर और थर्मल स्कैनर जैसे उपकरणों का प्रयोग परीक्षा केंद्रों पर अनिवार्य किया जाना चाहिए। बायोमेट्रिक पहचान की अनिवार्यता भी होनी चाहिए। केवल प्रवेश पत्र और पहचान पत्र नहीं, बल्कि बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन (फिंगरप्रिंट और फेस रैकग्निशन) की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे डमी कैंडिडेट्स की समस्या खत्म की जा सके। इसके अलावा सीसीटीवी निगरानी और रिकॉर्डिंग से परीक्षा कक्षों में लगातार निगरानी रखी जाए।

इसके अलावा, नकल कराने वाले गिरोहों और नकल करने वालों पर गंभीर दंडात्मक कानून लागू किए जाएं। इस भर्ती परीक्षा में जो कुछ हुआ, वह केवल एक परीक्षा का मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है। यह एक चेतावनी है कि अगर अब भी सिस्टम को पारदर्शी, सुरक्षित और ईमानदार नहीं बनाया गया, तो यह न केवल योग्य युवाओं का नुकसान करेगा, बल्कि देश के प्रशासनिक ढांचे पर भी असर डालेगा। ■

# ऑपरेशन सिंदूर: राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय सम्मान का संगम



ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट किया है कि भारत वैधता नहीं चाहता है। देश न्याय चाहता है। भारतीय संयम को कभी भी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी कृत्य के प्रति भारत की जवाबी प्रतिक्रिया-ऑपरेशन सिंदूर, जो अभी भी जारी है-आतंकवाद-रोधी और सैन्य सिद्धांत तथा रुख में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। अपने जोशीले भाषण में, जिसकी गूंज पूरे भारत और दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में सुनाई दी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि सीमा-पार आतंकवाद के किसी भी कृत्य के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई की एक नई सामान्य स्थिति स्थापित की गई है। कोई भी देश, जो आतंकवादी अवसंरचना को पनाह देता है, उसे वित्तीय मदद देता है और उसका पोषण करता है, उसे अपने सैन्य बलों के साथ जोड़ता है और निर्दोष नागरिकों के खिलाफ क्रूर हमलों के लिए भारत को निशाना बनाता है, उसे त्वरित, दंडात्मक और प्रतिशोधी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। सोची-समझी सैन्य कार्रवाई से न केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बीच में भी आतंकवादी नेटवर्क ध्वस्त हो जाएंगे, भले ही राज्य प्रायोजित आतंकवादी ठिकाने आधिकारिक सुरक्षा संरचनाओं के साथ कितने भी जुड़े हुए हों। सिंदूर सिद्धांत, भारत की संप्रभुता और सभ्यतागत लोकाचार को बनाए रखने में निहित है। इसका उद्देश्य इसकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना, आंतरिक एकता, सद्भाव और शांति सुनिश्चित करना और 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए देश को त्वरित आर्थिक विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है।

लेखिका : सुश्री लक्ष्मी पुरी
संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव

यह सीमा-पार आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता के रुख की पुष्टि करता है और भारत को अपने सुरक्षा हितों की रक्षा में निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध करता है, जिसे पुनर्परिभाषित और विस्तृत किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा है-भारत के खिलाफ किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई युद्ध मानी जाएगी-अब कोई संदेह की स्थिति नहीं है, किसी दूसरे तरीके से युद्ध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, आतंकवाद से होने वाले नुकसान के आगे हार नहीं मानी जाएगी। ऑपरेशन के बाद राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष प्रधानमंत्री का संबोधन सफलता की पुष्टि से कहीं अधिक था।

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिए गए। इस संबोधन ने एक नई रणनीतिक व्यवस्था का अनावरण किया-दृढ़, गरिमापूर्ण और भारत के सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित। इसने एक सरल, लेकिन दृढ़ संदेश दिया-भारत शांति में विश्वास करता है, लेकिन शांति को शक्ति का समर्थन होना चाहिए। अपने मूल में, प्रधानमंत्री मोदी का सिंदूर सिद्धांत तीन अलग सिद्धांतों पर जोर देता है, जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पहला, भारत उन देशों के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा, जो आतंक को बढ़ावा देते हैं; जब बातचीत फिर से शुरू होगी, तो यह द्विपक्षीय होगी तथा इसमें केवल आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर चर्चा होगी। दूसरा, भारत आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों के साथ आर्थिक संबंधों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है तथा व्यापार और राष्ट्रीय सम्मान के बीच एक सुदृढ़ रेखा खींचता है। अंत में, भारत अब परमाणु धमकी को बर्दाश्त नहीं करेगा- ऑपरेशन सिंदूर ने निर्णायक रूप से उन सभी भ्रमों को तोड़ दिया है कि परमाणु खतरे, आतंकी कृत्यों के ढाल बन सकते हैं। विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला लाल सिंदूर- पीड़ित होने के रूपक के रूप में नहीं, बल्कि पवित्र कर्तव्य और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया गया। आतंकवादियों ने इस सम्मान को अपवित्र करने की कोशिश की; भारत ने पूरी ताकत के साथ जवाब दिया।

व्यक्तिगत राजनीतिक हो गया, सांस्कृतिक रणनीतिक हो गया। चूंकि आतंकी हमला कश्मीर में हुआ था, जो भारत माता का भौगोलिक और प्रतीकात्मक सिर है, इसलिए ऑपरेशन सिंदूर भारत माता की रक्षा करने और उसे सलाम करने के लिए है। भारत की प्रतिक्रिया एक सैद्धांतिक विरासत का अनुसरण करती है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र से लेकर 1980 के दशक के इंदिरा सिद्धांत तक तथा 1998 में पोखरण-II परीक्षणों के जरिए वाजपेयी के साहसिक परमाणु दावे से लेकर—जिसने वैश्विक दबावों और प्रतिबंधों के बावजूद भारत के आत्मरक्षा के संप्रभु अधिकार की पुष्टि की और विश्वसनीय न्यूनतम अवरोध की नीति स्थापित की—से लेकर उरी और बालाकोट में प्रदर्शित मोदी सिद्धांत तक, भारतीय शासन नीति ने लंबे समय से संकट के समय और राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण मामलों में संप्रभु निर्णय लेने की आवश्यकता पर जोर दिया है। सिंदूर सिद्धांत इसे आगे बढ़ाता है, आत्मविश्वास से भरे भारत ने इसका समर्थन किया है देश अपने मूल हितों तथा अपने नागरिकों की संरक्षा और सुरक्षा के लिए स्वतंत्र व मजबूती से काम करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। भू-राजनीतिक रूप से, इस ऑपरेशन ने क्षेत्रीय उम्मीदों को फिर से स्थापित किया है।

आतंकवाद के लिए ढाल के रूप में परमाणु शक्ति का इस्तेमाल करने के आदी पाकिस्तान का सीधे सामना किया गया है। चीन, हालांकि औपचारिक रूप से तटस्थ है, उसे अपने सहयोगी की कमजोरी को समझना होगा। संयुक्त राज्य अमेरिका से लेकर रूस तक, वैश्विक शक्तियां भारत को बाहरी संकेत या समर्थन की प्रतीक्षा किए बिना कार्रवाई करते हुए देख रही हैं। अन्य पड़ोसियों को अब अपनी दुर्भावना और भारत विरोधी कार्रवाइयों के परिणामों का आकलन करना चाहिए। पिछले 11 वर्षों में, भारत ने कई भौगोलिक क्षेत्रों में और प्रमुख शक्तियों के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी का एक सघन और मजबूत नेटवर्क सफलतापूर्वक निर्मित किया है इसने बहुपक्षीय और लघुपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग व्यवस्थाओं में भाग लिया है और मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, प्रमुख शक्तियों और इन साझेदारियों से जुड़े भारत के कई रणनीतिक और रक्षा संबंध अग्नि परीक्षा से गुजरे। पहलगाम के बाद, संतोषजनक बात यह थी कि हमारे भागीदारों द्वारा आतंकवादी हमलों की सार्वभौमिक निंदा की गई। हालांकि, ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान की तीव्र कार्रवाई के बाद, परमाणु-संपन्न पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ने के बारे में चिंताएं व्यक्त की गईं। प्रतिक्रियाएं इस बात से भी प्रभावित थीं कि इस सैन्य संघर्ष में उनके हथियार प्रणालियों ने कैसा प्रदर्शन किया या कि क्या प्रदर्शन करने में विफल रहे। भारत के नागरिकों के, विशेषकर महिलाओं के जीवन, गरिमा, भलाई और सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसी बिंदु पर राष्ट्रीय सुरक्षा का राष्ट्रीय सम्मान के साथ संगम होता है। यहीं पर प्राचीन मूल्य, आधुनिक ताकत के साथ मिलते हैं और यहीं पर भारत खड़ा है- निडर, अडिग और एकजुट।

( ये लेखिका के निजी विचार हैं )

## नजरिया

# देश की बेटियों का परचम यूं ही सर्वदा लहराता रहे



आज जब हम लगभग डेढ़ से दो शताब्दी पहले के और वर्तमान भारत में नारी शिक्षा की स्थिति की तुलना करते हैं तो विश्वास ही नहीं होता कि क्या यह वही देश है जहां पर नारी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए ज्योतिबा फुले और उनकी अर्धांगिनी सावित्रीबाई फुले को अनगिनत अपमानों, जिल्लतों और सामाजिक बहिष्कारों का सामना करना पड़ा था। उस समय नारी शिक्षा के लिए कोई भी पाठशाला देश के किसी भी हिस्से में उपलब्ध नहीं थी और न ही सामाजिक धरा पर ऐसी सोच का कोई बीज कहीं पनपता हुआ दिखाई दे रहा था।



लेखक : धरम चंद धीमान
जेहमत, बलद्वाड़ा

एक लंबी जद्दोजहद के बाद अंततः 5 सितंबर 1848 का वो शुभ दिन आया जब फुले दंपती ने पुणे में नौ छात्राओं के साथ महिलाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की थी और सावित्रीबाई फुले पहली महिला शिक्षिका बनीं थी। शिक्षा के नाम पर महिलाओं के साथ भेदभाव करने वाले पुरुष प्रधान समाज को यह एक करारा और चुनौती भरा जवाब था। अंग्रेजी शासनकाल की शुरुआत से मध्य तक भारत में नारी शिक्षा की स्थिति दयनीय थी।

ब्रिटिश सरकार ने भारतीय समाज की रुड़ीवादी प्रकृति को ध्यान में रखते हुए महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसके अलावा महिलाओं को सामान्यतः लिपिक या प्रशासनिक पदों पर नहीं रखा जाता था, जिससे उनकी शिक्षा की आवश्यकता और भी कम हो गई, लेकिन धीरे-धीरे लोगों की सोच में अंतर आने लगा और महिलाओं को स्कूल और कॉलेज में दाखिल करवाने लगे। महिला शिक्षा के सुधरते ढांचे के फलस्वरूप महिला सशक्तिकरण की नींव पड़ी और महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सचेत होने लगी।

कर्नल सोफिया, विंग कमांडर शिवांगी सिंह और व्योमिका सिंह जैसी बहादुर बेटियां नारी शिक्षा के उच्चतम स्तर की सर्वोत्तम उदाहरण हैं। आज गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है जब भारतीय नारियां समंदर की तलहटी से लेकर अंतरिक्ष तक अपना परचम लहरा रहीं हैं। नारी शिक्षा ने आज वो सभी भ्रम तोड़-मरोड़ कर रख दिए जिनमें महिलाओं को कमजोर और सिर्फ घर के भीतर के मामूली कम काज के काबिल ही समझा जाता था।

ऐसा नहीं है कि आज नारी शिक्षा के क्षेत्र में कोई चुनौती नहीं है, लेकिन आज की नारी इतनी सबल और सक्षम हो गई है कि हर चुनौती का हल अपने ही स्तर पर कर रही है। हमें पुरुष समाज के अहम को त्यागकर महिलाओं के महत्व को समझ कर उनके हकों और अवसरों को उन्हें जरूर देना चाहिए। हमारे लिए गर्व और गौरव का विषय यह है कि इतनी सारी उपलब्धियों को हासिल करने के बावजूद भारतीय नारी अपनी सीमाओं और मर्यादाओं को नहीं भूली है। आज भी अपनी व्यावसायिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करती हुई अपने परिवार और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को भली भांति पूरा कर रही है। हम उम्मीद करते है कि देश की बेटियों का यह परचम यूं ही सदा-सर्वदा लहराता रहे।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## अपनी बात

भारतीय जांबाज बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी ने पाक के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को कामयाब बनाने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मिशन के तहत आतंकी ठिकानों पर भारत की सेना ने हमला किया। कर्नल सोफिया कुरैशी को सारे देश ने सराहा और उनके हौसले व जज्बे को सलाम किया। परंतु भारतीय राज्य मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने सोफिया कुरैशी को लेकर जो बयान दिया, वो बहुत निंदनीय है। इस बयान को लिखने में भी हमें अच्छा नहीं लग रहा है। हाइकोर्ट ने भी इसके लिए सख्ती दिखाई और मंत्री को गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया है। कई राजनेता देश के लिए कुछ खास तो करते नहीं,परंतु आए दिन ऐसी गलत बयानबाजी कर देते हैं जिससे देश के लिए कार्य करने वाले लोगों का हौसला कम होता है और भावनाओं को ठेस पहुंचती है। सरकार को ऐसे लोगों को सख्त से सख्त सजा देनी होगी।

**रोहित चौधरी,मटौर**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान

**अंजुम** चोपड़ा भारत की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान हैं। इतना ही नहीं वनडे मैच में 1000 रन बनाने वाली अंजुम चोपड़ा पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। अंजुम को क्रिकेट का शौक बचपन से ही था। उस समय लड़कियों को क्रिकेट खेलने की आजादी नहीं थी। उस वक्त क्रिकेट को लड़कों का ही खेल माना जाता था। इसके बावजूद अंजुम ने मात्र 9 साल की उम्र में क्रिकेट ग्राउंड पर कदम रखा। स्कूल और कॉलेज के दौरान अंजुम ने एथलेटिक्स, बास्केटबॉल और स्विमिंग जैसे खेलों में हिस्सा लिया। अंजुम दिल्ली स्टेट बास्केटबॉल टीम की सदस्य भी रह चुकी हैं। उनका परिवार खिलाड़ियों से भरा हुआ है। अंजुम के पिता कृष्ण बाल चोपड़ा एक फेमस गोल्फर हैं। वहीं उनकी माता पूनम चोपड़ा भी गुडइयर कार रैली जीत चुकी हैं। अंजुम चोपड़ा ने मात्र 17 साल की उम्र में पहला इंटरनेशनल वनडे मैच खेला था। उन्होंने अपना डेब्यू मैच फरवरी 1995 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। वर्ष 2002 में अंजुम को भारतीय महिला टीम का कप्तान बनाया गया। अंजुम की कप्तानी में भारत ने दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीती थी। अंजुम चोपड़ा पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं, जिन्होंने 100 वनडे मैच खेले। अंजुम चोपड़ा ने 12 टेस्ट, 127 वनडे और 18 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। उन्होंने वनडे में एक सेंचुरी और 18 हाफ सेंचुरी लगाई है। ■



अंजुम चोपड़ा
**जन्म :** 20 मई, 1977

## कविता



### बेजुबान

प्रवीण राणा आलमपुरी, साई, आलमपुर

*दुकान हो या मकान, बेझिझक करते आराम।*
*यदि कोई करे हमें परेशान, लेते उससे पूरा इंतकाम।*
*खौफ हमारा इतना, लोग करते दूर से सलाम।*
*हमें किसी से क्या लेना, हम हैं दुनिया से अंजान।*
*जब चाहें ,जहां चाहें, मिटाते अपनी थकान*
*सुध हमारी लेता नहीं, चाहे संस्था हो या प्रधान।*
*हमारा दु:ख कोई क्या जाने, चलती नहीं हमारी जुबान।*
*मचाते हम खूब तबाही, खेत खलिहान हो या बागान।*
*अपना निज हित पूरा करके, छोड़ देते हमें नीचे खुले आसमान,*
*ऐसे मतलबी इंसानों पर, लेता नहीं कोई संज्ञान।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**


# ब्याज वापसी का निर्णय सरकार को कितनी राहत देगा, समय ही बताएगा

हिमाचल प्रदेश सरकार इस समय गहरे वित्तीय संकट से जूझ रही है। हिमाचल प्रदेश, जो मुख्यतः पर्यटन, कृषि और केंद्र सरकार से मिलने वाली सहायता पर निर्भर करता है, पिछले कुछ वर्षों से राजस्व घाटे, बढ़ते वेतन-पेंशन बोझ और कर्ज की भारी देनदारी से दबा हुआ है। राज्य की कमाई सीमित है, जबकि खर्चों में लगातार वृद्धि हो रही है।



लेखक : हरिराम धीमान
फ्रेंड्स कॉलोनी, नालागढ़

अब तो हालत यह है कि सरकार को नियमित वेतन और पेंशन के भुगतान में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसका एक प्रभाव यह भी हुआ कि सरकार चुनाव में किए गए आपने वायदों को तो पूरा नहीं कर पाई, बल्कि इसके विपरीत पूर्व सरकार द्वारा जारी कई कल्याणकारी योजनाओं को भी बंद कर दिया गया है। सरकार अपने संसाधन जुटाने के लिए हर प्रयास कर रही है चाहे वह अस्पतालों में पर्ची फीस लगाने की बात हो या फिर बसों के किराये में बढ़ोतरी की बात हो, परंतु इतने में भी बात बनने वाली नहीं है इसलिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अधियाकरियों को अन्य उपाय सुझाने को कहा। इसी के फलस्वरूप के किसी अधिकारी ने मुख्यमंत्री को बैंकों में विभिन्न विभागों के खातों में अर्जित ब्याज को वापस मंगवाने की सलाह दी है।



इसलिए अब आनन फानन में राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों तथा अन्य संस्थानों को बैंकों में जमा सरकारी निधियों पर अर्जित ब्याज को वापस सरकारी खजाने (कंसॉलिडेटेड फंड) में जमा कराने को कहा है। सरकार का तर्क है कि जब विभागों को निधि आवंटित की जाती है, तो वह राज्य के खर्चों के लिए होती है, न कि उसे बैंक में रखकर ब्याज कमाने के लिए।

सरकार का मानना है कि विभिन्न विभागों के बैंक खातों में पड़े हजारों करोड़ रुपए की राशि पर हर साल करोड़ों का ब्याज मिलता है, जो बेमियादी रूप से वहीं जमा रहता है। इस ब्याज को अब सरकारी खजाने में लाकर राजस्व बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही सरकार ने सभी बैंकों को निर्देश दिए है कि जितने भी विभागों, बोर्ड, निगम अन्य सरकारी संस्थानों के नाम से चालू खाते हैं उन्हे तत्काल प्रभाव से बचत खाते में बदल दिया जाए और उसमे ऑटो स्वीप सुविधा भी प्रदान कर दी जाए।

ऑटो स्वीप में यह विशेषता होती है कि जब भी बचत खाते में बड़ी रकम जमा होती है तो शाम को एक निश्चित राशि की सावधि जमा बन जाती है, जिसमें ज्यादा ब्याज मिलता है। अब सरकार को उम्मीद है कि यह कदम सरकार को तात्कालिक तौर पर अतिरिक्त राजस्व उपलब्ध करा सकता है, जिससे जरूरी खर्चों जैसे वेतन और पेंशन में राहत मिल सकती है। पहली नजर में तो यह योजना कारगर लगती है, परंतु इसमे अनेक व्यवहारिक कठिनाइयां भी है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि संबंधित सरकारी अधिकारियों को इन निर्देशों की जानकारी ही नहीं है। बैंकों पर दबाव बनाया जा रहा है कि इस खातों में से ब्याज वापस करके सरकारी खजाने में जमा करवाए जबकि बैंक का काम ब्याज देना होता है। खाते में जमा राशि को कहां खर्च करना है, किसको भुगतान करना है यह खाता धारक का काम है। साथ ही सरकार की ओर से यह स्पष्ट नहीं है कि ब्याज कब से वापस करना है। इसके अतिरिक्त अधिकारियों को पता ही नहीं है कि किस विभाग के कितने खाते कितने बैंकों में है इसलिए जब तक सरकार अपनी राजस्व संरचना को स्थायी रूप से मजबूत नहीं करती और गैर-जरूरी खर्चों में कटौती नहीं करती, तब तक ऐसे निर्णय स्थायी राहत नहीं दे सकते।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## पाठकों के पत्र...

**हर्ष** का विषय है कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र पाठकों की स्रुचि के मुताबिक उम्मीदों पर खरा उतर रहा है। समाचार पत्र में खबरों के अलावा यूथ, नारी शक्ति, किसान से संबंधित लेख प्रकाशित किए जा रहे हैं। इसी तरह पर्यटन, धार्मिक स्थलों की जानकारी से पाठकों की रोचकता बढ़ रही है। प्रादेशिक खबरों में यदि फोटो को भी प्राथमिकता मिले, तो इसका प्रभाव भी बढ़ेगा। साथ ही असर भी होगा। मुख्य पन्ने में रोज प्रदेश से जुड़ी जानकारी युक्त खबर को प्राथमिकता मिलने से पाठकों को रोचक जानकारी मिल रही है। हम अनंत ज्ञान की सफलता और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।



**संजीव मोहन ( सोलन )**
**मो. 98160-02226**

**नगरोटा** बगवां में पॉलीथिन का बढ़ता उपयोग एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। यहां के दुकानदार सामान देने के लिए धड़ल्ले से पॉलीथिन बैग का प्रयोग कर रहे हैं और बाद में इन्हें उचित स्थान पर फेंकने के बजाय सड़कों, गलियों और खाली स्थानों पर फेंक देते हैं। जब बारिश होती है तो यह पॉलीथिन नालियों में बहकर उन्हें जाम कर देती है, जिससे जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। नालियों के जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है, जो न केवल आम लोगों की परेशानी का कारण बनता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा करता है। इससे गंदे पानी में मच्छरों का प्रजनन तेजी से होता है जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही, पॉलीथिन मिट्टी की उपजाऊ क्षमता को भी नष्ट करता है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। सरकार ने पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाया है, लेकिन बावजूद इसके उपयोग में कोई विशेष कमी नहीं आई है। इसका मुख्य कारण जागरूकता की कमी और नियमों का सही तरीके से पालन न होना है। नगर परिषद प्रशासन को चाहिए कि वह इस दिशा में सख्ती से कदम उठाए। दुकानदारों को जागरूक किया जाए और पॉलीथिन का विकल्प जैसे कि कपड़े या जूट के थैले अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही, आम जनता को भी समझना होगा कि यह समस्या केवल सरकारी नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। तभी नगरोटा बगवां को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक बनाया जा सकता है।



**धनीराम**
**नगरोटा बगवां**

**'नारी** तू नारायणी' है, यह नारा भारतीय संस्कृति में स्त्री के सम्मान और उसकी दिव्यता को दर्शाता है, लेकिन दुख की बात है कि वर्तमान समय में यह नारा केवल शब्दों तक सीमित रह गया है। हमारे समाज में महिलाएं आज भी विभिन्न प्रकार के शोषण, उत्पीड़न और भेदभाव की शिकार हो रही हैं। चाहे वह घरेलू हिंसा हो, कार्यस्थल पर असमानता हो या फिर सार्वजनिक स्थलों पर असुरक्षा-हर जगह महिलाओं को संघर्ष करना पड़ता है। पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को अक्सर कमतर समझा जाता है, जिससे उनकी स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता पर आघात होता है। ऐसे में महिलाओं को अपने आपको सुरक्षित रखने के लिए न केवल आत्मरक्षा के उपाय सीखने होंगे, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी सशक्त होना होगा। महिलाओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग लेनी चाहिए जिससे वे किसी भी आपात स्थिति में खुद का बचाव कर सकें। इसके साथ ही, उन्हें कानूनी अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए ताकि शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में वे उचित कदम उठा सकें। तकनीक का इस्तेमाल जैसे सेफ्टी ऐप्स, जीपीएस ट्रैकिंग, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर याद रखना भी जरूरी है। साथ ही, समाज को भी अपनी सोच में बदलाव लाना होगा। स्कूलों और घरों में बच्चों को समानता, सम्मान और संवेदनशीलता की शिक्षा देनी चाहिए। जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक महिलाओं की स्थिति में वास्तविक सुधार संभव नहीं है। नारी सशक्त होगी तभी समाज उन्नत होगा, इसलिए अब वक्त है कि 'नारी तू नारायणी है' नारे को केवल नारा नहीं, एक सशक्त सच्चाई बनाया जाए।



**सविता, मस्सल**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरनगर में कल जल आपूर्ति रहेगी बाधित

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** सहायक अभियंता जल शक्ति उपमंडल सुंदरनगर दिनेश कुमार ने बताया कि 19 व 20 मई को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक 33 केवी विद्युत उप केंद्र सुन्दरनगर में ट्रांसफार्मर व अन्य उपकरणों के परीक्षण व कार्य के लिए सुंदरनगर व आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण उक्त तिथियों को जल शक्ति विभाग की पंपिंग मशीनरी नहीं चल पाएगी व सुंदरनगर व आसपास के क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति भी आंशिक रूप से बाधित रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### जेएनवी परीक्षा में लॉर्ड्स के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्थानीय सुप्रसिद्ध पाठशाला लॉर्ड्स कॉन्वेंट सरकाघाट के छात्रों का जेएनवी की प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें रिआंशी ने 83.75 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश में 24वां स्थान हासिल किया। इसके अलावा निधि ने 70 प्रतिशत लेकर स्नेहल ने 68.75 प्रतिशत अंक लेकर, दैविक ने 66.25 प्रतिशत अंक लेकर, आस्था ने 63.75 प्रतिशत और शानवी ने 62.5 प्रतिशत अंक लेकर इस प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण किया। स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी और प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने सभी बच्चों उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों को बधाई दी तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### पधर की छात्रा मानवी का जेएनवी में चयन

**अनंत ज्ञान, पधर।** शिक्षाविद स्कूल पधर की कक्षा छठी की छात्रा मानवी ने जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मानवी ने जेएनवी की छठी कक्षा में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के चेयरमैन सुनील डोगरा ने कहा कि मानवी एक मेहनती और अनुशासित छात्रा रही है। उसके पिता एक कोचिंग अकादमी का संचालन करते हैं, वहीं माता कानूनगो के पद पर कार्यरत हैं। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने मानवी को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### वनों को आग से बचाने के बताए उपाय

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत भांबला में दी हंस फाउंडेशन और वन विभाग के संयुक्त प्रयास से वन अग्नि के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य ग्रामीणों को जंगल में लगने वाली आग के कारण, उससे होने वाले नुकसान और उसकी रोकथाम के तरीकों के बारे में जानकारी देना था। इस रैली में गवर्नमेंट आईटीआई बतैल के छात्रों, भांबला पंचायत के स्वयं सहायता समूह महिला मंडल समूह एवं पंचायत सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली का नेतृत्व वन रेंज अधिकारी अभिनव ठाकुर, बीट अधिकारी, वनरक्षक तथा दी हंस फाउंडेशन के सीडीएस एंड एनई, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर और कम्युनिटी ऑर्गनाइजर ने संयुक्त रूप से किया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने जन-जागरूकता के नारे लगाए और लोगों को वनाग्नि से बचाव के उपाय बताए। इस पहल को ग्राम वासियों ने सराहा और सक्रिय सहभागिता दिखाई।

### पूर्व पीएम की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर कल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर 21 मई को नेरचौक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश राजीव गांधी पंचायती राज संगठन मंडी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट संतोष कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुबह दस बजे से एक बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित करने के पश्चात संगठन के कार्यकर्ता सुंदरनगर स्थित विशेष बाल संस्थान में फल आदि वितरित करेंगे।

### छात्रों को बताया मतदान का महत्व

**रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहारघाटी के लपास स्कूल में सोमवार के दिन भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा एसडीएम पद्धर के आदेशानुसार विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल सिंह की अध्यक्षता में तथा नोडल अधिकारी प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान विवेक ठाकुर के नेतृत्व में 'मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक भागीदारी' विषय के तहत निर्वाचन (चुनावी) साक्षरता क्लब- ईएलसी का पुनर्गठन किया।इस दौरान छात्रों को मतदान का महत्व बताया। विद्यालय के नए विद्यार्थियों को इस शैक्षणिक सत्र के लिए सदस्य बनाया गया। नोडल अधिकारी विवेक ठाकुर ने ईएलसी क्लब के 9वीं से 12वीं कक्षा के सभी सदस्य विद्यार्थियों को क्लब के बारे में बताते हुए कहा कि चुनावी साक्षरता क्लब स्कूली छात्रों को रोचक गतिविधियों और व्यवहारिक अनुभव के माध्यम से जोड़ने का एक मंच है, ताकि विद्यार्थियों और लोगों को उनके चुनावी अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य घनश्याम ठाकुर, प्रवक्ता हिंदी वेद प्रकाश ठाकुर, डीएम जगदीश नायक आदि अध्यापक भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### मेरिट में आने वाली छात्रा का जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सलापड़ स्कूल में जमा दो कला संकाय में मेरिट में आने वाली छात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। गौर हो कि शनिवार को घोषित जमा दो के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलापड़ की छात्रा तनु कुमारी ने 472 अंक लेकर के बोर्ड मेरिट में अपना स्थान सुनिश्चित किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय व पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रधानाचार्य संजय कुमार ने बताया कि बहुत समय बाद इस विद्यालय की छात्रा ने बोर्ड मेरिट में स्थान प्राप्त कर हम सब का नाम रोशन किया है।

### चानणी तक मिले देवताओं को बैठाने के लिए स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सर्व देवता सेवा समिति जिला मंडी की कार्यकारिणी की बैठक संस्कृति सदन कांगनी में अध्यक्ष शिव पाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी भी मौजूद रही। बैठक में प्रस्ताव पारित किए गए कि सरकार और प्रशासन अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि मेले के दौरान पड्डल में देवी-देवताओं को बैठने के लिए पुलिस स्टेशन के साथ लगते गेट से चानणी तक स्थान दिया जाए और उस स्थान पर डोम भी लगाया जाए, ताकि धूप और बारिश से बचा जा सके। हिमाचल में पांच मेले जैसे अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि मंडी, कुल्लू दशहरा, लवी मेला, रेणुका मेला, चंबा का मिंजर मेला हर वर्ष मनाए जाते हैं। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसको देखते हुए हमारी देव सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण और संवर्धन करने के लिए राशि का अभाव रहता है, इसलिए कारदारों ने सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री को इस के लिए ज्ञापन दिया जाए।

### छात्रों ने प्राप्त की जीएमपी की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** साइंसेज नेरचौक के एम एससी केमिस्ट्री विभाग के छात्रों ने ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स नालागढ़ का शैक्षणिक दौरा किया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. कंचन शर्मा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें उनके साथ विभाग की अन्य प्राध्यापिकाएं डॉ. सोनाली गुप्ता और डॉ. दीपिका गौतम भी उपस्थित रहीं। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को औषधि निर्माण प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, अनुसंधान एवं विकास और गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज (जीएमपी) से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। छात्रों ने फार्मा इंडस्ट्री में उपयोग होने वाली अत्याधुनिक तकनीकों, उपकरणों और सुरक्षा मानकों को नजदीक से देखा और सीखा। विशेष रूप से छात्रों को जीएमपी के तहत निर्धारित उच्च गुणवत्ता मानकों व उत्पादन प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

# मंडी में अंधड़ ने मचाया कहर, जड़ से उखड़े कई पेड़

## जिलेभर में सुबह 6 बजे चली तेज हवाएं; पड्डल मैदान के किनारे खड़े वाहन पर गिरा 80 साल पुराना पेड़, आवाजाही बंद

**अनिल शर्मा, मंडी**



**छोटी** काशी मंडी में सोमवार सुबह आए भयंकर तूफान ने शहर के आसपास के इलाकों को तहस नहस कर दिया। पड्डल से पुरानी मंडी को बने नए पुल के साथ पेड़ टूट कर नीचे गिर गए। वहीं पड्डल मैदान के किनारे खड़े किए गए वाहन पर जिमखाना क्लब की ओर से सफेदे का 80 साल पुराना पेड़ गाड़ी के ऊपर गिर गया, जिस कारण आवाजाही का मार्ग भी बंद हो गया। ऐसा ही दृश्य टारना मुहल्ला में भी देखने को मिला, जहां एक पेड़ रिहायशी मकान पर गिर गया।

वीर मंडल भवन की सीलिंग, टायलें और खिड़कियों के सीसे उखड़ गए। हिमाचल दर्शन गैलरी में बोर्ड सहित अन्य सारा सामान तुफान की भेंट चढ़ गया। सिद्ध शम्भू से लेकर पड्डल और टारना व जेल रोड में बहुत नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं मंडी नगर निगम का नए बने गेट का एक भाग तुफान के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। पुरानी मंडी में आसमानी बिजली गिरने से कोई नुकसान नहीं हुआ।

गौर हो कि यदि यही तुफान दिन के समय आया होता तो जानमाल का बहुत नुकसान हो सकता था, लेकिन यह सुबह 6 बजे का घटनाक्रम है। जले रोड़ में रुद्राक्ष का पेड़ जड़ से उखड़ गया है। ऐसा ही मंजर पूरे जिले भर में देखने को मिला, जहां सैकड़ों पेड़ टूट गए और कुछ जड़ से उखड़ गए। कई घरों और गौशालाओं की छत उखड़ गई।

उधर, अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश के सह संयोजक सन्नी ईपन ने प्रशासन से मांग की है कि नुकसान का आकलन कर प्रभावितों को मुआवजा दिलाया जाए, ताकि वह इस सदमे से उबर सकें। (अनंत ज्ञान)

### पंडोह में कई घरों की उड़ी छतें, सड़कों व घरों में गिरे पेड़

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह क्षेत्र में सोमवार को एका एक अंधेरा हो गया। प्रातः 6 बजे के समय पर घनघोर अंधेरा छा गया। सोलर लाइटें में जगमगा उठी। आंधी-तुफान ने खुब तबाही मचाई। धडोल गांव के सिता राम के घर पर चीड़ का पेड़ गीरने से लेंटर पर बना शैडनुमा रसोई टूट गई। लैटर पर दरारें आ गई, जबकि पंडोह बाजार में तीन घरों के लेंटर पर बनी गुमटी भी हवा में उड गई। नैशनल हाईवे पर पेड़ गिरने से सड़क अवरुद्ध हो गई थी। थोड़ी देर में दिन को ही अंधेरा हो गया था। मगर बडी दुर्घटना होने बच गई।

### भट्ठा में तूफान से पेड़ गिरा, बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के भट्ठा क्षेत्र में सोमवार सुबह आए तेज तूफान के चलते एक सूखा पेड़ सड़क पर गिर गया। घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे की है, जब स्थानीय दुकानदार कुकी कुमार की दुकान के पास यह पेड़ गिरा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। कुकी कुमार ने बताया कि भगवान की कृपा रही कि इस बार कोई हादसा नहीं हुआ। लेकिन कुछ दिन पहले इसी क्षेत्र में पेड़ गिरने से एक युवक की मौत हो चुकी है, बावजूद इसके विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा।

## हड़सर में तूफान से बीएसएनएल और जिओ कंपनी का टावर गिरा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



**एयरटेल का टावर भी हुआ क्षतिग्रस्त, नेटवर्क प्रभावित**

**उपमंडल** सरकाघाट की ग्राम पंचायत पटडीघाट के हडसर में बीएसएनएल और जिओ कंपनी का संयुक्त टावर तूफान की वजह से नीचे गिर गया। बीएसएनएल का टावर गिरने की बजह से साथ लगा एयरटेल कंपनी का टावर भी क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे क्षेत्र में बीएसएनएल और जिओ की संचार सेवाएं भी प्रभावित हुई है। सोमवार सुबह आये आंधी-तूफान के चलते कई जगहों पर पेड़ भी उखड़ कर गिर गए हैं। हालांकि तूफान की बजह से क्षेत्र में कोई जनहानि नहीं हुई है। तेज तूफान के कारण लोग काफी सहम गए थे। तूफान थमने पर क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार बीएसएनएल का टावर 13 वर्ष पहले भी भारी तूफान की वजह से गिर गया था। उसके बाद बीएसएनएल और जियो कंपनी ने ग्रामीणों को अच्छी नेटवर्क की सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नया मोबाइल टावर लगाया था। यह टावर पिछले कई सालों से कार्य कर रहा था, जो सोमवार सुबह आये तेज आंधी तूफान की वजह से उखड़कर जमींदोज हो गया।

## आसमानी बिजली गिरने से 70 भेड़ बकरियों की मौत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के गांव पट्ट निवासी मनीष कुमार पुत्र प्रताप सिंह को उस समय भारी नुकसान उठाना पड़ा जब उनकी भेड़-बकरियों पर जंगल में आसमानी बिजली गिर गई। जानकारी के अनुसार, मनीष अपने मालधन को चराने गांव मिहाड़ा से ऊपर बगड़ैटा के जंगल में ले गया था। इसी दौरान अचानक मौसम बिगड़ने पर आसमानी बिजली गिरी, जिससे करीब 65 से 70 भेड़-बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। मनीष ने तुरंत इस घटना की जानकारी अपने पिता प्रताप सिंह को दी, जिन्होंने आगे पुलिस प्रशासन को सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके की ओर रवाना हो गया है। प्रशासन ने नुकसान के आकलन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## भारी तूफान व बारिश ने लडभड़ोल में मचाई तबाही, कई घरों व गोशालाओं को नुकसान

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



**बिजली आपूर्ति ठप, सप्लाई बहाल करने में जुटे कर्मचारी**

**सोमवार** सुबह लडभड़ोल तहसील क्षेत्र में आई तेज आंधी, बारिश और तूफान ने जमकर कहर बरपाया। ग्वाला, सांडापतन, भ्रां और आसपास के क्षेत्रों में इस प्राकृतिक कहर से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई घरों, गोशालाओं और सरकारी भवनों को नुकसान पहुंचा है, वहीं बिजली आपूर्ति भी पूरी तरह से ठप हो गई है।

ग्वाला गांव में माया देवी के घर की छत तेज तूफान की चपेट में आकर उड़ गई। इसी गांव के शेर सिंह की गौशाला गिरने से उसमें बंद गाय घायल हो गई। अनिता देवी के हाल ही में बनाए गए रसोई घर की छत भी तूफान में उड़ गई। भ्रां में लडभड़ोल-सांडापतन सड़क पर एक पेड़ आ गिरा, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। यह पेड़ बिजली की तारों पर भी गिरा, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। महिला मंडल भवन की छत भी तूफान की भेंट चढ़ गई। वहीं सुभाष की गौशाला की छत भी तेज हवाओं में उड़ गई। लडभड़ोल स्थित वेटरनरी अस्पताल का बाहरी हिस्सा भी तूफान में क्षतिग्रस्त हो गया है। अस्पताल के लिए नया भवन स्वीकृत हो चुका है, लेकिन पीडब्ल्यूडी द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विद्युत उपमंडल लडभड़ोल व मकरीडी को भी भारी नुकसान हुआ है। विद्युत विभाग के कर्मचारी आपूर्ति बहाल करने में जुटे हुए हैं। प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्स्थापना के लिए शीघ्र कदम उठाने की मांग की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से हर भारतीय गदगद

### थुनाग में निकाली तिरंगा यात्रा में बोले पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**



थुनाग में तिरंगा यात्रा निकालते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व अन्य।

**भाजपा** मंडल थुनाग ने सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता के साथ भारतीय सेनाओं की वीरता व ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक जीत को समर्पित 'तिरंगा यात्रा' निकाली। जिसका नेतृत्व स्थानीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने किया। इस दौरान पूरा बाजार भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा और सेना के सम्मान में नारों से देशभक्ति का माहौल बना।

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से हर भारतीय गदगद है। हमें अपनी सेना व देश के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। अब अगर पाकिस्तान ने एक भी आतंकी घटना को अंजाम दिया तो भारतीय सेना मुंहतोड़ जबाब देगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ और स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि अब सीमापार से आई गोली का जबाब युद्ध की तरह ही दिया जाएगा। सेना के सम्मान में ही देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है जिसमें आम जनता भी खुलकर आगे आ रही है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की इस लड़ाई में हर भारतीय को अपना अपना योगदान देने के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और युवा भी तिरंगा यात्रा में शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## हेमकांत की दूसरी पुण्यतिथि पर जांचे 400 बच्चों के दांत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वैटरन जर्नलिस्ट व वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय हेमकांत कात्यायन की दूसरी पुण्यतिथि पर आयोजित दंत चिकित्सा जांच कैंप में 400 बच्चों का चेकअप किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर महाजन बाजार में आयोजित इस कैंप में बच्चों के दांतों को जांचा गया। उन्हें यह भी बताया गया कि दांतों की देखभाल कैसे करें। प्रेस क्लब मंडी के संस्थापक अध्यक्ष, स्कूल प्रबंध समिति के पूर्व सचिव, वैटरन जर्नलिस्ट व वरिष्ठ पत्रकार हेमकांत कात्यायन की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर हेमकांत कात्यायन मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से इस दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह व दंत चिकित्सक डॉ. श्वेता वर्मा के द्वारा छात्रों के दांतों की जांच की गई।

## पधर के कुफरी में बाबा लखदाता मेले का आगाज आज, समापन 22 मई को

**कविता, पधर**

**दंगल व सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेंगे आकर्षण का केंद्र**

**उपमंडल** पधर की ग्राम पंचायत कुफरी (इलाका दुंधा) में बाबा लखदाता पीर को समर्पित पारंपरिक 3 दिवसीय मेला 20 मई से आरंभ होगा। इस मेले का आयोजन मेला कमेटी द्वारा स्थानीय जन सहयोग से किया जा रहा है।

मेला कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले का शुभारंभ 20 मई को पंचायत समिति सदस्य एवं एलआईसी के वरिष्ठ अभिकर्ता घनश्याम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। 21 को मेले में बतौर मुख्यातिथि क्षेत्रीय विधायक पूर्ण चंद शिरकत करेंगे, वहीं 22 मई को समापन समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर करेंगे। उन्होंने कहा कि 20 मई को महिला मंडलों एवं स्कूली विद्यार्थियों के बीच खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस दिन से वॉलीबाल प्रतियोगिता की शुरुआत भी होगी। वॉलीबाल में भाग लेने वाली टीमों को 20 मई सुबह 11 बजे से पहले पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

21 मई को मेले का प्रमुख आकर्षण सांस्कृतिक संध्या रहेगी। जिसमें प्रदेश की प्रसिद्ध गायिका नीरू चांदनी अपनी सुरीली आवाज में प्रस्तुति देंगी। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के युवा समाजसेवी द्रुपद मेहता मुख्य अतिथि होंगे। 22 को मेले के अंतिम दिन दंगल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश ही नहीं बल्कि बाहरी राज्यों के भी नामी पहलवानों के भाग लेने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## मंडी ऐतिहासिक व धार्मिक दृष्टिकोण से हो विकसित: वीरेंद्र

### नई दिल्ली में महापौर बोले- नगर निगम में स्टाफ की कमी, योजनाएं हो रहीं प्रभावित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



शहरी अध्ययन केंद्र कार्यशाला में भाग लेते हुए महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा।

**महापौर** वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने भारतीय लोक प्रशासन संस्थान नई दिल्ली में आयोजित शहरी अध्ययन केंद्र कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह था कि शहरी निकाय अपने-अपने क्षेत्रों को किस प्रकार से आम जनमानस की मूलभूत आवश्यकताओं और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाकर, ढांचागत रूप से एक विकसित एवं सतत सहयोगात्मक शहर का स्वरूप प्रदान कर सकते हैं। कार्यशाला में देश के विभिन्न नगर निगमों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने-अपने अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर महापौर वीरेंद्र भट्ट ने मंडी नगर निगम की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि मंडी नगर को धार्मिक पर्यटन के रूप में कैसे विकसित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मंडी ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत समृद्ध है और यदि योजनाबद्ध रूप से संसाधनों का प्रयोग किया जाए तो इसे एक आदर्श धार्मिक नगर के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। महापौर ने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि नगर निगम में वर्तमान में कुशल स्टाफ की कमी है, जिसके चलते कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं पर अपेक्षित गति से कार्य नहीं हो पा रहा है। उन्होंने अनुरोध किया कि शहरी निकायों को पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि योजनाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके। साथ ही उन्होंने इस दिशा में केंद्र एवं राज्य सरकार से विशेष सहयोग की अपेक्षा भी जताई। कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं, जैसे स्मार्ट सिटी की अवधारणा, नागरिक सहभागिता, टिकाऊ बुनियादी ढांचा, धार्मिक पर्यटन का एकीकृत विकास आदि। मंडी नगर निगम की ओर से प्रस्तुत सुझावों को कार्यशाला में सराहा गया और उन्हें अन्य नगर निकायों के लिए प्रेरणादायक बताया गया। इस बैठक में नगर निगम मंडी के पार्षद अलकनंदा हांडा व राजेंद्र मोहन भी उपस्थित रहे।

## मांगें न मानी तो विभागीय कार्यों में अपने मोबाइल और डाटा का नहीं करेंगे प्रयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ मंडी की सरकार को चेतावनी**

**राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंडी ने सरकार को चेतावनी दी है कि प्राथमिक शिक्षक संघ की मांगों को नहीं माना जाएगा तो शिक्षक भी विभागीय कार्यों के लिए अपने मोबाइल और डाटा का प्रयोग नहीं करेंगे। पीटीएफ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हेमराज ठाकुर, जिला मंडी पीटीएफ अध्यक्ष इंद्र भारद्वाज ने बताया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंडी में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश के पदाधिकारी ,जिला कार्यकारिणी और 25 खंड अध्यक्ष-महासचिवों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश अपनी मांगों के समर्थन में निदेशालय प्रदेश शिमला के प्रांगण में 23वें दिन क्रमिक अनशन पर बैठे हुए हो गए, लेकिन अभी तक प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग के किसी अधिकारी ने अनशन पर बैठे लोगों से कोई वार्ता नहीं की है। इसी कड़ी में प्रदेश के सभी जिलों में प्रेस वार्ताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की विभिन्न समस्याएं रखी गई है। जिस पर सरकार को तुरंत सोच विचार करके अमल करने की आवश्यकता है अन्यथा प्राथमिक शिक्षकों का यह अनशन आने वाले दिनों में रूप धारण कर सकता है। जिसमें आमरण अनशन के लिए भी प्राथमिक शिक्षक पीछे नहीं हटेंगे। पीटीएफ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हेमराज ठाकुर, जिला मंडी पीटीएफ अध्यक्ष इंद्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीप्ति शर्मा, महासचिव पवन, कोषाध्यक्ष बिहारी लाल ठाकुर, संयुक्त सचिव सुनील ठाकुर व 25 शिक्षा खंडों के अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष ने भाग लिया।

## युवाओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

### सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी व प्रोफेसर।

**सरदार** पटेल विश्वविद्यालय मंडी में सोमवार को इलेक्ट्रोरल लिटेरेसी क्लब के तत्वावधान में एक विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना व नए मतदाताओं को मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए प्रेरित करना है।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने अपने संदेश में कहा कि लोकतंत्र की सफलता उसके जागरूक नागरिकों पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को जिम्मेदारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यातिथि प्रो. राजेश कुमार शर्मा अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने छात्रों से आह्वान किया कि नए मतदाताओं को मतदाता सूची में पंजीकृत कराना, उन्हें मतदान की प्रक्रिया की जानकारी देना और उन्हें मतदान के महत्व के प्रति जागरूक बनाना अत्यंत आवश्यक है।

विवि इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ने में सहायक होते हैं और आने वाले चुनावों में युवा मतदाता की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय स्तर पर इलेक्ट्रोरल लिटेरेसी क्लब का गठन किया गया, जिसमें रवेला अध्यक्ष, स्तुति उपाध्यक्ष, अनुष्का महासचिव व आंचल को सह सचिव, मयंक, राकेश, दिवान्शु, कार्तिक, प्रियांशु कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

**अनदेखी** नालियां बनाने के लिए तोड़ी पौड़ियां भी आज तक नहीं बनाईं, विभाग और ठेकेदार की लापरवाही बनी जानलेवा

## रेलिंग न लगने से डरवाड़ में कभी भी हो सकता है हादसा

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



धर्मपुर के डरवाड़ में सड़क किनारे रेलिंग न लगने से हादसे का डर व (दाएं) नालियां बनाने के लिए तोड़ी गई पौड़ियां।

**धर्मपुर** लोक निर्माण उपमंडल टिहरा के अंतर्गत डरवाड़ अनुभाग के तहत तासली नाले से गरली गांव तक चौहान कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क को चौड़ा करने का काम पिछले साल पूर्ण कर दिया है।

2023 में गारला बस्ती में पास रेन शेल्टर के पास मोड़ पर रेलिंग या क्रैश बैरियर न होने के कारण कभी भी दुर्घटना हो सकती है। हालांकि लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क को यहां पर जरूरी रूप में लगने वाले बैरियर के बिना ही इसे स्वीकृति प्रदान कर दी है। लेकिन यहां पर कभी भी हादसा हो सकता है। इसके अलावा डाकघर के पास से ऊपर गांव के लिए पक्का रास्ता पिछले साल ही बना है, लेकिन जहां से पौडियां शुरू होती हैं, वहां पर नाली निर्माण कार्य करने के समय उन्हें आधा तोड़ दिया था। लेकिन इसे भी बनाया नहीं जा रहा है और नीचे गड्ढा खुला छोड़ दिया है और उस पर ढक्कन नहीं बनाया गया है। ये गांव का मुख्य रास्ता है और इसमें बच्चे से लेकर बुजुर्ग आते जाते हैं और यहां पर भी दुर्घटना घट सकती है। ऐसी ही स्थिति सड्डयाल बस्ती के लिए खोदी गई सड़क की है। जिस पर अभी तक लगभग 15 लाख रुपए खर्च हो गए हैं, लेकिन न तो सड़क बनी और न अब सदियों से बना रास्ता बचा है और अब तो वहां से पैदल चलने में भी समस्या हो गई है और बड़ी मुश्किल से लोग आते जाते हैं लेकिन बच्चों, बुजुर्गों और बिमारों को तो यहां से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### इन्होंने क्रैश बैरियर लगाने की उठाई मांग

**पूर्व** जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह किसान सभा के मेहर सिंह, बलबीर, हेमराज, नरेंद्र कुमार, बंटी, अविनाश, मॉन सिंह, पृथी सिंह, धर्मपाल, राजू, भागसिंह, दौलत राम, कश्मीर सिंह, सूरत, बीरबल, जीत, देशराज, भाग सिंह, भूप सिंह, सुरेश पठानिया, मुरारी, रत्तन शर्मा, देवराज, कृष्ण देव, नानक चंद, हंस राज, सागर चंद, भाग सिंह, मोहन लाल, बीरबल, सुरेश कुमार, मॉन सिंह, अशोक कुमार, रामस्वरूप, बालकृष्ण, यशवंत, प्रेम सिंह, राजकुमार इत्यादि ने इन खतरे वाले स्थानों पर जल्दी क्रैश बैरियर, पौढ़ी निर्मित करने और सड्डयाल बस्ती की सड़क जल्दी पुनर्निर्माण करने के मांग उठाई है।

## न्यूज ब्रीफ

### कुटलैहड़ में कल निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भारतीय सेना के हाल ही में सफल ऑपरेशन 'सिंदूर' की गौरवशाली उपलब्धि को समर्पित तिरंगा यात्रा 21 मई को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में निकाली जाएगी। यह तिरंगा यात्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ एवं राज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होगी। इस अवसर पर बिलासपुर सदर से भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल मुख्य प्रवक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। वहीं, कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सभी का आने आग्रह किया है।

### होनहार छात्राओं ने मेरी मेहनत को सफल बनाया : विरेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौकीमन्यार स्कूल की दस जमा दो कॉमर्स की बोर्ड परीक्षा परिणाम में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में नाम दर्ज करवा कर जहां पर स्कूल, माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है, वहीं इन दोनों छात्राओं को इस मुकाम तक पहुंचने में जी जान से मेहनत करवाने वाले अध्यापक विरेंद्र सिंह की मेहनत को सफल बनाया है। स्कूल के प्रधानाचार्य मनोहर लाल शर्मा का कहना है कि स्कूल में कॉमर्स में व्यवसाय अध्ययन के स्टाफ की कमी लगभग दो साल से चल रही है। परंतु विरेन्द्र सिंह ने इन बच्चों को अपने सब्जेक्ट लेखा शास्त्र के साथ-साथ व्यवसाय अध्ययन सब्जेक्ट में भी खूब मेहनत करवाई जिसका फल आज मिल गया।

### प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ऊना द्वारा आयोजित 38 दिवसीय कंप्यूटरीकृत लेखांकन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में ऊना जिले के 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया और सभी को सरकारी मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान संस्थान की संकाय सदस्य रजनी एवं कार्यालय सहायक हीना डोगरा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। रजनी ने प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार की दिशा में पहल करने के लिए प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)

### लठियाणी स्कूल में स्वच्छता शिविर आयोजित

**विनोद शर्मा, लठियाणी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियाणी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एकदिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन बलवंत सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, महत्व और समाज के प्रति उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह (बेली), शशि पाल शर्मा, राजीव कुमार, मनोज कुमार, नरेश कुमार, शशि कुमार, रवि कुमार, सरीना शर्मा, मंजूला शर्मा, सुषमा, चेतन जायसवाल, अरविंद, रेवती रमन के अलावा स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे। विद्यालय प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष दर्शन सिंह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षकों का धन्यवाद किया।

### गगरेट स्कूल के बाहर दो मनचले किए काबू

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गगरेट के बाहर मनचलों द्वारा छात्राओं से कथित छेड़छाड़ करने की स्कूल प्रशासन द्वारा पुलिस को दी गई रिपोर्ट का कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस ने सोमवार को दो मनचलों को काबू किया है। पुलिस ने दोनों मनचलों को पुलिस थाना तलब कर भविष्य में स्कूल के आसपास भी न फटकने की हिदायत दी है। शनिवार को ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गगरेट के प्रधानाचार्य ने गगरेट पुलिस थाना में लिखित शिकायत करते हुए बताया था कि सुबह आठ से लेकर नौ बजे तक और दोपहर बाद तीन बजे बाहरी लड़के बाइक लेकर मंडराने लगते हैं और छात्राओं को बेवजह रोककर परेशान करते हैं। कई छात्राओं द्वारा इसकी शिकायत प्रिंसिपल से की गई। इस पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसकी लिखित शिकायत गगरेट पुलिस थाना में दी। सोमवार को ही इसका संज्ञान लेते हुए सादी वर्दी में पुलिस कर्मी स्कूल के बाहर तैनात किए गए, जिन्होंने मनचलों को सबक सिखाया।

# गोशालाओं में शत-प्रतिशत होगी टैगिंग

## गगरेट के एसडीएम सौमिल गौतम ने दिए आदेश, सारा रिकॉर्ड भी रखना होगा अप टू डेट

**सन्नी पुरी, गगरेट**

उपमंडल गगरेट में चल रही गोशालाओं का सारा रिकॉर्ड अप टू डेट करने के आदेश एसडीएम सौमिल गौतम ने दिए हैं। उन्होंने गोशालाओं में रह रहे गौ वंशीय प्राणियों की शत-प्रतिशत टैगिंग करने के आदेश भी पशुपालन विभाग को दिए हैं। उन्होंने गोसदनों के संचालकों को भी आगाह किया है कि अगर गोवंशीय प्राणियों की ठीक से देखभाल नहीं हुई और कहीं भी क्रूरता की बात सिद्ध हुई तो गोशाला संचालकों पर भी पुलिस में मामले दर्ज किए जाएंगे।

अनंत ज्ञान में सोमवार को गोशाला में खतरे में गोवंश का समाचार प्रकाशित किया गया था। उपमंडल गगरेट के कुठेड़ा जसवालां में गोवंशीय प्राणियों की संदिग्ध अवस्था में हुई मौतों व गोशाला संचालकों पर लग रहे गंभीर आरोपों के चलते सोमवार को एसडीएम सौमिल गौतम ने कुठेड़ा जसवालां स्थित गोशाला का औचक निरीक्षण किया और गोशाला में उपलब्ध व्यवस्थाओं को जांचा। उनके साथ खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र जेटली व पशु चिकित्सक शुभम ठाकुर भी



एसडीएम सौमिल गौतम कुठेड़ा जसवालां गोशाला का निरीक्षण करते हुए।

मौजूद रहे। हालांकि गोशाला में कई पशु बिना टैगिंग के पाए गए। इस पर सौमिल गौतम ने पशु चिकित्सक को तमाम गोशालाओं में शत प्रतिशत टैगिंग प्रक्रिया पूरी करने को कहा है ताकि आसानी से पता लगाया जा सके कि गोशाला में कितने पंजीकृत पशु हैं।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सक साथ में समय-समय पर गोशालाओं का रिकॉर्ड भी खंगाले और जो गोशालाएं रिकार्ड मेंटेन नहीं कर रही हैं, उसकी विस्तृत रिपोर्ट भी उन्हें दें। उन्होंने गोशाला संचालकों को भी समय-समय पर गोवंशीय प्राणियों को चारा व पानी देने की सख्त हिदायत दी। एसडीएम सौमिल गौतम ने यह भी स्पष्ट हिदायत दी है कि किसी भी गोवंशीय प्राणी की मौत पर उसे गोशाला के नजदीक गड्ढा करके दफनाया जाए न कि उन्हें किसी को दिया जाए और न ही इधर-उधर फेंका जाए।

गोशाला संचालकों ने बताया है कि इस माह करीब बारह गोवंशीय प्राणियों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है कि क्या पशु चारे व पानी की कमी के कारण पशु मरे हैं। अगर कहीं भी यह बात सिद्ध हुई तो गोशाला संचालकों के विरुद्ध भी कानून के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### हटवाना में 8 कुत्तों को तेंदुआ गया डकार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत सोलहसिंघी धार पर स्थित गांव हटवाना में तेंदुए ने आतंक मचा रखा है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ अब तक आठ पालतू कुत्तों को अपना शिकार बना चुका है। पिछले लगभग दो हफ्तों से गांव में तेंदुए ने दहशत फैला रखी है। लोगों का कहना है पालतू जानवरों को उन्हें घर के बिलकुल पास ही बांधा जा रहा है, ताकि तेंदुआ उन्हें शिकार न बना सके।

स्थानीय ग्रामीणों बीडीसी राज कुमार मनकोटिया, जनक, सुरेश, प्रदीप अजय, मिन्नु, अबू आदि ने विभाग से मांग की है कि यहां पर पिंजरा लगाया जाए। ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि अगर तेंदुआ कोई भी नुकसान अब गांव में करता है तो इसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। रेंज ऑफिसर बंगाणा अंकुश ने कहा कि तेंदुए को पकड़ने के लिए जल्द ही पिंजरा लगाया जाएगा।

# ऊना और संतोषगढ़ के स्कूल नहीं होंगे मर्ज : रायजादा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ऊना सदर से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा का कहना है कि ऊना के कन्या विद्यालय, बाल स्कूल और संतोषगढ़ के कन्या विद्यालय को मर्ज करने का फैसला स्थगित हो गया है। जो अधिसूचना जारी हुई है, इस संदर्भ में उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष आम जनता की आवाज उठाई है और आम जनता का जो विरोध इस दिशा में हो रहा है।

इस बारे में मुख्यमंत्री को अवगत करवाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि यह पुराने स्कूल धरोहर हैं और उन्होंने भरोसा दिया कि जल्द ही इन स्कूलों को मर्ज न किए जाने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है और कहा कि जल्द से जल्द इस दिशा में मर्ज किए स्कूलों को पहले की भांति यथावत रखने के आदेश जारी करें ताकि आम जनता का जो विरोध पनप रहा है, उसमें आम जनता को राहत मिल सके और क्षेत्र के बच्चों को भी यथावत पहले की तरह ही स्कूलों में शिक्षा की सुविधा मिलती रहे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आया बाइक चालक, मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पुलिस थाना अंब के तहत चुरुडू में रविवार देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पवन कुमार पुत्र हजारी लाल निवासी चुरुडू के रूप में हुई है। अंब पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं, अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पवन कुमार निवासी चुरुडू गत शाम को गांव में बाइक पर सवार होकर सड़क क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक बिना रुके भागने लगा और बाइक समेत पवन को घसीटता हुआ करीब 100 से 200 मीटर दूर ले गया। हादसे में लहूलुहान पवन को स्थानीय लोगों की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया, जहां गंभीर हालत में पवन को चिकित्सकों ने पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया, लेकिन रास्ते में पवन की मौत हो गई। डीएसपी अंब वसुधा सुद ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सांसद मोबाइल सेवा ने भरसाली में 80 लोगों का स्वास्थ्य जांचा



निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में रोगियों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।

**मुकेश कुमार, हरोली**

हरोली विधानसभा क्षेत्र के भरसाली गांव में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम द्वारा एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व डॉ. प्रदीप कुमार ने किया, जिसमें स्थानीय आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी सक्रिय सहयोग रहा। स्वास्थ्य सेवा टीम ने गांव के 80 लोगों की स्वास्थ्य जांच की, जिनमें मुख्य रूप से ब्लड शुगर, उच्च रक्तचाप, जोड़ो के दर्द जैसी सामान्य लेकिन गंभीर समस्याओं की पहचान की गई।

जांच में 5 मधुमेह, 8 उच्च रक्तचाप और 18 जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीज पाए गए। शिविर में आए सभी लोगों को निशुल्क ब्लड टेस्ट, डॉक्टर की स्वास्थ्य परामर्श और आवश्यक दवाएं भी प्रदान की गईं। इस अवसर पर डॉक्टरों ने लोगों को जीवनशैली में सुधार और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के लिए भी प्रेरित किया। डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोगों को उनके द्वार पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

स्थानीय लोगों ने इस स्वास्थ्य शिविर की सराहना करते हुए इसे एक जन-कल्याणकारी पहल बताया और सांसद एवं स्वास्थ्य टीम का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

# बद्दी-टकारला सड़क पर गड्ढा बना मुसीबत

**हीना पठानिया, बद्दी**

बद्दी-टकारला से पंजोया, नेहरियां, धर्मशाला, नादौन को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर पिछले एक वर्ष से एक बड़ा गड्ढा लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। यह गड्ढा न सिर्फ सड़क की खूबसूरती बिगाड़ रहा है, बल्कि इससे गुजरने वाले राहगीरों और वाहनों के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। इस सड़क पर बहुत ज्यादा लोगों का आना जाना होता है। धर्मशाला, कांगड़ा, देहरा नादौन, पालमपुर आदि इलाकों की जाने वाले लोग अधिकतर इसी सड़क मार्ग से होकर गुजरते है क्योंकि बाया अंब की बजाए इस सड़क मार्ग से जाने पर वाहन चालकों को 15 से 20 किलोमीटर सफर कम तय करना पड़ता है, इसलिए लोगों का इस सड़क से ज्यादा आना जाना लगा रहता है।

जानकारी के अनुसार सड़क के बीच से पानी की पाइप डाली गई थी, जिसमें बाद में लीकेज हो गया। लीकेज ठीक करने के लिए सड़क को बीच से खोद दिया गया था। उस समय संबंधित विभाग को सूचित भी किया गया और 8000 रुपए की राशि जमा करवा दी गई थी, जिससे मुरम्मत का कार्य जल्द



सड़क में पड़ा यह गढ्ढा वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का कारण बन रहा है।

शुरू हो सके, लेकिन अफसोस की बात यह है कि 6/7 महीने बीत जाने के बाद विभाग ने अभी तक मरम्मत नहीं करवाई। इससे स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, खासकर रात के समय जब गड्ढा स्पष्ट रूप से नजर नहीं आता।

टकारला में ही मेडिकल स्टोर चलाने वाले सुनील धीमान का कहना है कि यह गड्ढा हमारी दुकान के बिलकुल पास है। कई बार बाइक, स्कूटर सवार इस गड्ढे में गिर जाते हैं। कई बार स्थानीय लोगों ने मिट्टी से इस गड्ढे को बंद किया है। कई बार विभाग से भी शिकायत की, लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन ही मिला। इस विषय में कनिष्ठ अभियंता वरिंदर वर्मा ने बताया कि यह समस्या हमारे संज्ञान में है। यह सड़क पानी की पाइपलाइन की लीकेज के कारण खोदी गई थी। जल्द ही इसे ठीक कर दिया जाएगा।

अब देखना यह होगा कि विभाग अपने आश्वासन पर कितना अमल करता है और कब तक इस गड्ढे से लोगों को राहत मिलती है। जब तक सड़क की मुरम्मत नहीं होती,, तब तक यह गड्ढा राहगीरों के लिए खतरा बना रहेगा। स्थानीय लोगों की मांग है कि सड़क की मुरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी जाए ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### जॉब ओरिएंटेड ट्रेनिंग प्लेसमेंट ड्राइव 23 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ग्रेड ए ऊना में 23 मई को सुबह 9.30 बजे एक जॉब ओरिएंटेड ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी इंजीनियर सतीश कुमार ने जानकारी दी कि इस दौरान अशोक लेलैंड पंतनगर उत्तराखंड द्वारा कंपनी में महिला और पुरुष वर्ग में फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल, कोपा, ड्राफ्टसमैन मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक मकैनिक, पेंटर और पीपीओ व्यवसायों में 500 पद भरे जाएंगे।

इसके साथ ही आईटीआई के प्रधानाचार्य अंशुल भारद्वाज ने बताया कि साक्षात्कार में चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को कंपनी की ओर से 15 हजार रुपए प्रारंभिक मासिक वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 18 से 22 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने इच्छुक और योग्य अभ्यर्थियों से आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तावित ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव का लाभ उठाने का आह्वान किया।

# फसलों की सिंचाई को लेकर किसान परेशान

**संजीव जसवाल, पंजावर**

जलशक्ति विभाग में पंप ऑपरेटरों के अभाव में किसानों की फसलों की सिंचाई की समस्या पैदा होने लगी है। एक पंप ऑपरेटर कई नलकूपों का जिम्मा संभाल रहा है। उधर, क्षेत्र के गांव कुठेड़ा जसवालां में अब किसानों का एक और नलकूप खराब हो गया है।

जल शक्ति विभाग की ढुलमुल व्यवस्था से मक्का के सीजन पर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। यह नलकूप नाबार्ड योजना के तहत 13 नंबर है। इससे पहले 11 नंबर में खराबी थी, जो समाचार प्रकाशित होने के बाद ठीक हो गया था। गांव के किसान चंद्रपाल सिंह, दिलबाग सिंह, बीरबल सिंह और संजीव कुमार आदि ने कहा कि आए दिन कोई न कोई ट्यूबवेल



सिंचाई सुविधा के बिना सूखे मक्का की फसल के खेत।

खराब चला हुआ है। अभी कुछ दिन पहले नाबार्ड 11 ट्यूबवेल 25 दिन के बाद ठीक हुआ, जब अनंत ज्ञान में समाचार प्रकाशित हुआ। अब नाबार्ड 13 ट्यूबवेल खराब चल रहा है, जिसमें काफी जिम्मेदारों का नुकसान हो रहा है। मक्का की अगेती फसल बर्बाद हो रही है, पानी न होने के कारण सूख रही है।

जमीदारों ने विभाग से आग्रह किया है कि उनका लाखों रुपए का मक्का खराब हो जाएगा। नलकूप को जल्द ठीक करवाया जाए।

इस संबंध में जब एसडीओ से बात की और उन्होंने कहा कि 2 दिन में इस ट्यूबवेल को जल्दी ठीक करवा दिया जाएगा। विभागीय सूत्रों का कहना है कि विभाग के पास पर्याप्त स्टाफ न होने के कारण अकेला एक पंप ऑपरेटर दिग्विजय सिंह सात ट्यूबवेलों का संचालन कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

# मोदी के नेतृत्व में भारत का आतंकवाद के खिलाफ आक्रामक रुख : ठाकुर

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

भारत देश आज एक शक्तिशाली आत्मनिर्भर और निर्णायक राष्ट्र के रूप में पूरी दुनिया के सामने खड़ा है। यह बदलाव सिर्फ विकास के मोर्चे पर नहीं, बल्कि सुरक्षा और विदेश नीति के क्षेत्र में भी स्पष्ट रूप से नजर आता है। इसका प्रमुख कारण है देश के नेतृत्व में आया स्पष्टता, दृढ़ता और भारतीय सेना की अद्वितीय क्षमता।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक आक्रामक रुख अपनाया है, जिसके चलते अब भारत अपने दुश्मनों को उन्हीं की धरती पर जवाब दे रहा है। राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान आज दिवालिया होने की कगार पर है, लेकिन इसके बावजूद वह अपने जहरीले मंसूबों से बाज नहीं आ रहा। आतंकवाद को प्रायोजित करना, सीमा पर घुसपैठ को बढ़ावा देना और भारत को अस्थिर करने की कोशिशें अभी भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आर्थिक हालात अत्यंत दयनीय हैं। वहां की जनता महंगाई, बेरोजगारी और अस्थिर शासन के बीच पिस रही है।

विदेशी कर्ज के बोझ तले दबा यह पाकिस्तान देश अब केवल अपनी सेना और आतंकी संगठनों पर निवेश कर रहा है। 'घर में घुसकर मारेंगे' यह कोई चुनावी नारा नहीं, बल्कि भारत की नई सैन्य रणनीति बन चुकी है। भारतीय सेना का एक झटका और... फिर भारत का तिरंगा झंडा कराची और लाहौर में लहराएगा। यह नारा देशभक्ति की भावना को बढ़ाता है और यह दर्शाता है कि भारत अब सहनशीलता की सीमा पार कर चुका है। (अनंत ज्ञान)

# शहीद भगत सिंह स्कूल के मेधावी किए सम्मानित

**लवीश कुमार, जोल**

शहीद भगत सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल सोहारी के 12वीं कक्षा के साइंस स्ट्रीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों का स्कूल प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य सीमा शर्मा एवं अन्य स्टाफ ने मुंह मीठा करवाया। शहीद भगत सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल सोहारी के छात्रों ने 12वीं कक्षा के साइंस स्ट्रीम में अपने स्कूल में टॉप किया है। स्कूल के चेयरमैन प्रभात शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है।

इसमें विद्यालय में वंशिका शर्मा पुत्री सुरेश कुमार ने 500 में से 460 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया है। दिव्यांशी ठाकुर पुत्री रजनीश कुमार ने 443 अंक लेकर दूसरा, दिव्यांश पुत्र सतपाल ने 432 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, इस स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त



मेधावी छात्रों को सम्मानित करते प्रबंधक।

कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चेयरमैन प्रभात शर्मा ने बताया कि इस स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। उन्होंने इन सभी मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। विद्यालय प्रिंसिपल सीमा शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम से पूरे विद्यालय में खुशी की लहर है।

उन्होंने बताया कि शहीद भगत सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल लगातार कई वर्षों से अच्छे परीक्षा परिणाम देता आ रहा है। विद्यालय के चेयरमैन प्रभात शर्मा, प्रिंसिपल सीमा शर्मा एवं सभी अध्यापक वर्ग ने भी इन सभी मेधावी छात्रों को अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए उनका मुंह मीठा करवा कर बधाई दी है।

स्कूल के अध्यक्ष प्रभात शर्मा ने सभी छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं, उनके अभिभावक इस सफलता से बेहद गर्वित और खुश हैं। इन बच्चों ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य संभव नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# गर्ल्स और ब्वॉयज स्कूल संतोषगढ़ के विलय के विरोध में धरना स्थगित

**नरेश, टाहलीवाल**

▶ पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा के आश्वासन के बाद लिया फैसला

स्थानीय नगर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व ब्वॉयज स्कूल संतोषगढ़ के विलय के विरोध में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाना था। जानकारी देते हुए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के एसएमसी प्रधान देवी लाल ने बताया की सोमवार को बच्चों के अभिभावकों व स्थानीय लोगों ने सरकार की तरफ की गई इन दोनों को मर्ज करने की सूचना के बाद लोगों में भारी रोष था।

इसके संबंध में सोमवार को रोष प्रदर्शन रखा गया था, लेकिन सरकार की तरफ से कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने प्रेस वार्ता में हमें आश्वासन दिया है कि संतोषगढ़ के ब्वॉयज व गर्ल्स स्कूलों को विलय नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जल्द ही नोटिफिकेशन जारी की जाएगी। हम सरकार का धन्यवाद करना चाहते हैं कि उन्होंने हमारी मांगों को सुना और हमें आश्वासन दिया है, इसलिए हम धरना प्रदर्शन स्थगित कर रहे हैं। अगर जल्द ही इस बारे में सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी नहीं होता है तो अभिभावकों के साथ मिल कर धरने की अगली रणनीति पर विचार किया जाएगा।

सरकार से अनुरोध करते हैं कि वे जल्द नोटिफिकेशन जारी करें और हमारी मांगों को पूरा करें। इस मौके पर एसएमसी उपप्रधान बुधराम, सदस्य बीना देवी, रोजी देवी, मनजीत कौर, ममता देवी, कृष्णा, आशा रानी, राज कुमारी, रेणु वाला, रमन कुमार, गुरबख्श कौर, रमनदीप, अश्वनी कुमार, सुखविंदर कौर, अमरजीत कौर, दिनेश गौतम अन्य मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

## आयोजन | डांस के सुपरस्टार सीजन 5 का ऑडिशन चंदपुर में संपन्न, बच्चों ने दिखाया हुनर

# बच्चों के डांस ने हर किसी को किया मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान, ऊना**

डांस के सुपरस्टार सीजन 5 के तहत 30वां ऑडिशन वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, चंदपुर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस ऑडिशन में 30 से 35 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपनी किस्मत आजमाई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रचार्या भावना और वरिष्ठ अध्यापक डीआर. वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई।

ऑडिशन में प्रतिभागी बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं, जिससे निर्णायक मंडल अत्यंत प्रभावित हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रचार्या भावना ने क्वार्टर फाइनल के लिए चयनित बच्चों को बधाई दी और आगे भी मेहनत कर ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी समाज सेवा संस्था द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सराहनीय



डांस के सुपरस्टार ऑडिशन में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

प्रयास है। इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिएं, ताकि बच्चों का आत्मविश्वास बढ़े और वे मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकें।

भावना ने यह भी कहा कि डांस एक ऐसी कला है जिसे हर कोई नहीं कर सकता और इस क्षेत्र में करियर बनाना आसान नहीं होता, लेकिन ऐसे मंच ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी आगे आने का अवसर प्रदान करते हैं। संस्था उन बच्चों की सहायता भी करती है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जो अपने आप में एक अत्यंत सराहनीय कार्य है।

क्वार्टर फाइनल में आज 7 बच्चों का चयन हुआ जिनके नाम स्वरा (0989), सहजप्रीत (0100), रूहानी (01003), वंशिका (01011), साक्षी (01012), जश्नूर (0991), हरप्रीत (01004) हैं। वहीं, वेटिंग में 8 बच्चों को रखा गया है जिनके नाम स्वरा (0989), सहजप्रीत (0100), रूहानी (01003), वंशिका (01011), साक्षी (01012), जश्नूर(0991), हरप्रीत (01004) हैं। वहीं, कुल प्रतिभागियों में एल्विन, स्वरा, अन्वी, जश्नूर, मनुषी, अरनब, माही, नित्या, इवानी, प्रबलीन, नायरा, अन्वी, सहजप्रीत, पवानी, सार्थक, रूहानी, हरप्रीत, हिमानी, रक्षिका, लखन, सार्थक, नायरा, अनन्त, दिवाकशिका, अभया, समायरा, कमलदीप, वंशिका, साक्षी, शिवेन, अर्श, शगुन हैं। कार्यक्रम के अंत में आगामी ऑडिशन की घोषणा की गई, जो कि 20 मई को सुबह केसी स्कूल पंडोगा में आयोजित किया जाएगा।

# कब्रिस्तान की आड़ में आपसी सद्भाव को खोदने वाले निकले बाहर

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

मौत के बाद आदमी का असल ठिकाना क्या है शायद यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। अगर श्मशानघाट के लिए भी हिंदू-मुस्लिम हो जाए तो कहा जा सकता है कि यह समाज के पतन की निशानी है। ऐसा ही माजरा उपमंडल गगरेट के दियोली गांव में देखने को मिल रहा है। यहां कब्रिस्तान के विस्तार के लिए मुस्लिम समुदाय ने सरकारी जमीन क्या मांगी कि आपसी सद्भाव को खोदने वाले बाहर निकल आए और इसके विरोध में आवाज बुलंद कर दी। यह बात दीगर है कि कब्रिस्तान सालों पुराना है और वहीं पर मुस्लिम समुदाय मुर्दे दफनाता आ रहा है।

दियोली गांव के सईद अनवर बताते हैं कि उनके परदादा का इंतकाल हुआ तो भी उसे गांव के ही कब्रिस्तान में दफनाया गया तो जब दादा का इंतकाल हुआ तो उन्हें भी उनके पिता के पास ही दफनाया गया। अब जब कब्रिस्तान की जगह कम पड़ रही है तो किसी की मौत होने पर उसे सम्मानजनक तरीके से दफनाया जा सके, इसलिए ही मुस्लिम समाज ने दियोली गांव में सरकारी भूमि पर कब्रिस्तान के लिए भूमि उपलब्ध करवाने की दरख्वास्त उपायुक्त को वर्ष 2022 को दी थी। अब जब प्रशासन ने इसके लिए कदमताल शुरू की तो कुछ लोग इसके विरोध में उतार दिए गए। रफीक मुहम्मद, सदीक मुहम्मद, सोनू, लाल दीन व रशीद मुहम्मद का कहना है कि वे पुश्त दर पुश्त दियोली के वाशिंदे हैं और उनके दिमाग में कभी हिंदू-मुसलमान नहीं आया। गांव में होने वाले जागरण व भंडारे में वे बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं लेकिन पता नहीं किस शह ने गांव के आपसी प्यार व सौहार्द में आग लगाने की कोशिश की है।

उधर, पंचायत प्रधान पूर्ण चंद का कहना है कि कब्रिस्तान के लिए वर्ष 2022 में अप्लाई किया गया था और इसके लिए पंचायत ने अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिया था। वे चाहते हैं कि इस मसले का हल शांतिपूर्ण तरीके से दोनों पक्ष बैठ कर करें। ताकि गांव की बदनामी न हो।

# ओलावृष्टि व अंधड़ ने बरपाया कहर

## छह बकरियों की मौत, सेब सहित अन्य फसलों को पहुंचा नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश के कई जिलों के साथ-साथ कुल्लू जिले में भी सोमवार सुबह आए अंधड़ ने कहर बरपाया है।

जिले में बारिश कहर बनकर बरसी है। जिला कुल्लू के बंजार मंडल की चकुरठा पंचायत के शाहुंला पढ़ारनी गांव में भारी ओलावृष्टि हुई, जिस कारण सेब, मटर, जौ और गेहूं सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं, शुश के साथ लगते जंगल में जहां अंधड़ चलने से एक विशालकाय पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आने से भेड़ पालक का टेंट क्षतिग्रस्त हो गया व छह बकरियों की मौत हुई है, जबकि कई घायल हैं। पेड़ गिरने की घटना में तीन भेड़ पालक बाल-बाल बच गए। इसके अलावा जिला कुल्लू की सैंज व बंजार घाटी के कई इलाकों में ओलावृष्टि होने से सेब सहित रबी की फसल को भारी नुकसान हुआ है। तीन घंटे तक हुई भारी-बारिश से जिले कुल्लू का जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है और किसान-बागवानों को भारी नुकसान हुआ है। लिहाजा, कुल्लू जिले में ओलावृष्टि व अंधड़ ने खूब तबाही मचाई है, जिससे लोगों को भारी नुकसान हुआ है।



शाहुंला पढ़ारनी गांव में भारी ओलावृष्टि हुई, जिससे फसलों को भारी नुकसान पहुंचा।

### लाहौल सहित रोहतांग की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी

**जनजातीय** जिला लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों सहित रोहतांग दर्रे में सोमवार को हल्की बर्फबारी हुई है। वहीं, सोमवार सुबह से लाहौल घाटी के रिहायशी इलाकों में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो रही है। मयाड़ घाटी में तापमान गिरने से यहां रिहायशी इलाकों में बर्फबारी हो रही है वहीं, इन दिनों घाटी में बिजाई का काम चल रहा है। बारिश और बर्फबारी होने से कृषि कार्य प्रभावित हुए हैं।

# संस्था का मूल उद्देश्य उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना : दिनेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी बैठक सूत्रधार भवन के कार्यालय में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में आगामी जून माह में होने वाले 48वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। दिनेश सेन ने कहा कि अत्यंत हर्ष का विषय है कि 2025 में संस्था अपने 48 वर्ष पूर्ण कर रही है। अपने विगत 48 वर्षों के इतिहास में संस्था ने कला संस्कृति के क्षेत्र में कई बार हिमाचल प्रदेश, भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतों में तथा विदेशों में अपनी प्रस्तुतियों से अनेक आयामों को स्थापित किया है। संस्था का मूल उद्देश्य उभरती हुए युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, समाज सेवा तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है। संस्था द्वारा निरंतर 5 दशकों से युवा शक्ति को कला संस्कृति के माध्यम से जोड़कर उन्हें सृजनात्मक कार्यों में संलिप्त किया गया है, ताकि वे कला-निपुण होने के साथ-साथ समाज में व्याप्त दुर्व्यसनों से बचे रहें। इन्हीं प्रयासों में हमारी संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी आगामी जून माह में स्थानीय निजी व सरकारी पाठशालाओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 जून को ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र कुल्लू व अटल सदन कुल्लू में करने जा रहा है। इसमें लोकनृत्य, समूह नृत्य, लघुनाटक, समूह गान, प्रिंसेस सूत्रधार, फैशन शो, वाद्यवृंद, लोक गीत, फिल्म गीत, शास्त्रीय गायन तथा फैंसी ड्रैस की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन विभिन्न 11 सांस्कृतिक विधाओं में यदि कोई भी निजी या सरकारी विद्यालय एक या एक से अधिक किन्हीं भी प्रस्तुतियों में भाग लेना चाहता है, तो इस के लिए 30 मई तक पत्र, ईमेल या व्हाट्सऐप के माध्यम से अपनी सहमति प्रदान कर सकते हैं। इस तीन दिवसीय सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव में पाठशालाओं की प्रतियोगिताओं के अलावा संस्था के कलाकारों द्वारा भी अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। बैठक में जो विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया था, उन सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

# व्यापारी करें सहयोग, नहीं तो सामान होगा जब्त

## नप कुल्लू ने एक बार फिर व्यापारियों से हटने का किया आग्रह

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

अंतरराज्यीय पीपल जातर को खत्म हुए 19 दिनों का समय बीत चुका है, लेकिन मेले में दुकानें लगाए बाहरी व्यापारी अभी भी यहां पर जमे हुए हैं।

पीपल जातर (मेले) में व्यापार के लिए अस्थायी बाजार अभी भी सजा है। इस अस्थायी बाजार में कारोबार करने के लिए निर्धारित समय पूरा हो गया है, ऐसे में नगर परिषद कुल्लू ने जातर में व्यापार करने आए कारोबारियों को अस्थायी दुकानों से सामान समेटने के निर्देश 14 मई को जारी कर दिए थे, लेकिन दुकानों को खाली न करने वाले कारोबारियों पर सोमवार को नगर परिषद ने कार्रवाई की है और दुकानों को बंद करवाया। हालांकि, सोमवार को कारोबारियों पर कार्रवाई के दौरान नगर परिषद के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत मौके पर स्वयं रहे और कर्मचारियों के साथ डटे रहे। इस मौके पर नप अध्यक्ष ने कहा कि कारोबारियों को पहले 15 मई तक का समय दिया गया था, लेकिन खराब मौसम और फिर ऑपरेशन सिंदूर के चलते कारोबार प्रभावित होने के चलते कारोबारियों को 18 मई तक का अतिरिक्त समय दिया गया, अब कारोबारियों को हटाया जा रहा है। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि व्यापारी स्वयं अपनी दुकानें समेट लें और नप कुल्लू का सहयोग करें। साथ ही उन्होंने चेताया भी की अगर ऐसा नहीं किया, तो व्यापारियों का सामान जब्त होगा। उन्होंने कहा कि जो कारोबारी स्वयं सामान समेटेगा उसका नगर परिषद आभार जताएगी। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि जो कारोबारी सहयोग नहीं करेगा। उसका सामान जब्त किया जाएगा और उसे ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा। वे व्यापारी न तो पीपल जातर और न ही अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में कारोबार दोबारा कर पाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी सहयोग करें और स्वयं अपना सामान समेट कर दुकानों को खाली करें। सोमवार को दुकानों को खाली करवाने का क्रम जारी रहा। (अनंत ज्ञान)



अस्थायी दुकानों को खाली करवाने के लिए स्वयं मोर्चा संभाले नप अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत।

# घास काटते समय ढांक से ब्यास में गिरी महिला लापता

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भुंतर थाने के अंतर्गत हुरला थरास में घास काटने गई एक महिला लापता हो गई है। घटना बीते दिन की बताई जा रही है। 55 वर्षीय मीरा देवी घास लाने के लिए घर से निकली, तो घास काटते समय उसका पांव फिसल गया और वह सीधे ब्यास नदी में गिर गई। ब्यास में गिरने के बाद उसका कोई पता नहीं चल पाया है। महिला को देर शाम तक ब्यास किनारे परिजनों ने काफी ढूंढा, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। परिजनों ने भुंतर थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वहीं, भुंतर थाना के कार्यकारी प्रभारी महेंद्र कुमार ने बताया कि भुंतर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है और महिला की तलाश जारी है।

**पुलिस मामले की छानबीन में जुटी**

# तुर्किये के साथ सभी व्यापारिक व सांस्कृतिक संबंध तुरंत प्रभाव से किए जाएं समाप्त : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने तुर्किये के भारत विरोधी रुख की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से मांग की है कि तुर्किये के साथ सभी व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध तुरंत प्रभाव से समाप्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन करते हुए भारत विरोधी भूमिका निभाई थी।

भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान तुर्की ने पाकिस्तान को ड्रोन और तकनीकी सहायता देकर भारत की सुरक्षा के खिलाफ कार्य किया था। इस प्रकार की गतिविधियां न केवल भारत की संप्रभुता के खिलाफ हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गलत संदेश प्रेषित करती हैं। गोविंद ने तुर्किये के दोहरे मापदंडों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब तुर्किये में भूकंप जैसी विनाशकारी आपदा आई थी, तब भारत ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तुर्किये को हरसंभव सहायता भेजी थी। भारतीय सेना और एनडीआरएफ की टीमें, वहां पर राहत और बचाव कार्यों में जुटी रहीं। यह भारत की उस नीति को दर्शाता है। इसमें आपदा के समय मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता दी जाती है, लेकिन इसके विपरीत, तुर्किये ने मानवता का सम्मान न करते हुए भारत की पीठ पीछे पाकिस्तान का साथ देकर हमारे विश्वास को ठेस पहुंचाई। यह कृत्य अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और सहयोग की भावना के विपरीत है। गोविंद ने तुर्किये से सेब आयात के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत हर वर्ष तुर्की से 1 लाख टन से अधिक सेब का आयात करता है, जो कि देश के घरेलू सेब उत्पादकों के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक सेब उत्पादन पर आधारित है, जहां लगभग 6 हजार करोड़ रुपए का वार्षिक कारोबार सेब से जुड़ा हुआ है। प्रदेश के 12 में से 8 जिले ऐसे हैं, जहां बड़ी संख्या में किसान और बागवान सेब की खेती से अपनी आजीविका चलाते हैं। इस स्थिति में विदेशी सेब विशेषकर तुर्किये से आयातित सेब, न केवल बाजार को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि प्रदेश के बागवानों को आर्थिक रूप से हानि भी पहुंचा रहे हैं। गोविंद ने बताया कि बीते वर्ष अकेले तुर्किये से लगभग 900 करोड़ रुपए मूल्य के सेब हिमाचल के बाजारों में पहुंचे, जिससे स्थानीय उत्पादकों को भारी नुकसान हुआ।

# मनाली से प्रीणी तक चकाचक होगी सड़क

**एम बोकटापा, मनाली**

आखिरकार लोक निर्माण विभाग ने मनाली ब्यास पुल से प्रीणी तक टारिंग का कम शुरू कर दिया है। अनंत ज्ञान ने इस सड़क की खस्ता हालत की समस्या को प्रमुखता से उठाया था और उसके बाद विभाग हरकत में आया व सड़क का कार्य शुरू किया।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता आकाश सूद ने बताया कि एक करोड़ चालीस लाख से मनाली से प्रीणी तक लगभग तीन किलोमीटर तक सड़क की टारिंग की जा रही है। इसके अलावा जगतसुख से सजला तक रिपेयरिंग का काम किया जाएगा। फोरलेन पुल और पुराने पुल के बीच सड़क में भी गड्ढे भरने का काम किया जा रहा है और यहां टारिंग के लिए अनुमानित लागत 65 लाख है, जिसे स्वीकृति के लिए भेजा गया है। सड़क के किनारे नालियों को भी साफ किया जा रहा है और सड़क के दोनों छोर पर घास पत्तियों को साफ किया जा रहा है।




मनाली-प्रीणी तक लगभग तीन किलोमीटर की सड़क की खस्ताहाल को लेकर समाचार संबंधित कतरन।

**अनंत ज्ञान खबर का असर**

टारिंग का काम शुरू होने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। मनाली के अजय अबरोल ने कहा कि अब लोगों को धूल-मिट्टी से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि देर से ही सही, अब विभाग ने काम शुरू कर दिया है। कुल्लू से वाया वामतट मार्ग मनाली पहुंचना जोखिम भरा हो गया है। कुल्लू से वामतट मार्ग की हालत बेहद खस्ता है, जहां जगह-जगह पर गड्ढे पड़े हुए हैं, जिस कारण स्थानीय वाहन चालकों को दिक्कतें पेश आ रही थीं।

वहीं, सैलानी भी अब यहां की सड़कों की हालत को देखते हुए इस नगरी से मुंह मोड़ने लगे थे। पर्यटन सीजन शुरू हो गया है, लेकिन सड़क की हालात ऐसी है कि यह समझ नहीं आता कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है। आपात स्थिति में जब भी बाढ़ या बारिश के कारण कुल्लू-मनाली का राष्ट्रीय मार्ग बंद होता है, तो यही वामतट मार्ग कुल्लू, मनाली, केलांग और लेह से जोड़ता है। (अनंत ज्ञान)

# जमीन के मुद्दे पर आज संयुक्त धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, आनी।** हिमाचल किसान सभा और सेब उत्पादक संघ के संयुक्त तत्वाधान में आज जमीन से जुड़े मुद्दों को लेकर आनी बाजार में एक संयुक्त धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस संदर्भ में संयुक्त बैठक दलाश के विश्राम गृह के आंगन में हुई। इसमें प्रदर्शन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जमीन के अधिकारों और किसानों की समस्याओं को लेकर यह प्रदर्शन आवश्यक है और इसमें क्षेत्र के सभी किसानों व सेब उत्पादकों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। आयोजकों ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करें। धरना-प्रदर्शन का उद्देश्य किसानों की जमीन से जुड़े अधिकारों की रक्षा करना और सरकार तक उनकी समस्याएं प्रभावी रूप से पहुंचाना है।

# वोल्वो बसों से लग रहा जाम, जनता परेशान

## भुंतर से मणिकर्ण रोड पर बसों का समय शाम 6 से सुबह 6 किया जाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

वोल्वो बसों के कारण भुंतर-मणिकर्ण सड़क मार्ग पर ट्रैफिक जाम की समस्या पेश आ रही है।

सड़क की हालत जहां पहले ही खराब है। वहीं, वोल्वो बसों के कारण वाहन चालकों को पास लेने में दिक्कत हो रही है और इस कारण जाम की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान को लेकर सोमवार को जिला परिषद सदस्य रेखा गुलेरिया की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार से मिला और मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम कुल्लू से गुहार लगाई कि भुंतर से मणिकर्ण रोड में चलने वाली वोल्बो का समय बदला जाए। रेखा गुलेरिया ने तंग सड़क का हवाला देते हुए एडीएम कुल्लू को बताया कि वोल्वो बसों से मणिकर्ण रोड पर भारी जाम लग रहा है, जिससे स्थानीय जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जाम के चलते किसान व बागवान समय पर अपने उत्पाद सब्जी मंडी नहीं पहुंचा पा रहे हैं, जिस कारण उनका भी बहुत नुकसान हो रहा है। इसके अतिरिक्त जाम लगने से स्कूली छात्र समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। वोल्वो बसों द्वारा लगने वाला जाम मरीजों के लिए भी आफत बन जाता है, जाम में फंसने से मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं। भुंतर पुल निर्माण कार्य के चलते लोग पहले ही परेशान हैं। वहीं, वोल्वो बसों के कारण मणिकर्ण रोड पर भारी जाम लग रहा है। रेखा गुलेरिया व प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि भुंतर से मणिकर्ण चलने वाली बसों का समय दिन के बदले शाम 6 से सुबह 6 बजे किया जाए, ताकि सुबह से शाम तक सड़कों पर आम जनता के लिए वाहनों को आने-जाने में असुविधाओं का सामना न करना पड़े।



मांग को लेकर एडीएम कुल्लू को ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

# शिमला के फागु दौरे पर जाएंगे भगवान वेदव्यास कुंइरी महादेव

**अनंत ज्ञान, आनी**

आउटर सराज के कुंइर स्थित सुप्रसिद्ध देवता भगवान वेदव्यास कुंइरी महादेव अपने तीन गढ़ सात हार की समस्त हरियानों, दरोगो, घेलिए, मुजारे एवं बजंत्रीयों, गूर, पुजारी व पुरोहित संग राजधानी शिमला के फागु (गलू) के आठ दिवसीय दौरे पर जाएंगे।

क्षेत्र के निवासी आशीष शर्मा ने बताया कि कुंइरी महादेव अपने स्वधाम कुंइर से 1 जून को राजधानी शिमला के फागु (गलू) को प्रस्थान करेंगे, वहां पर ज्येष्ठ मास की 22 और 23 प्रवीष्टे विक्रमी संवत 2082 तदानुसार 4 व 5 जून को शशिवाला पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र कुमार निवासी फागु (गलू) तहसील ठियोग जिला शिमला के सौजन्य से देवभोज (मेहमाननवाजी) का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान देवता साहिब यात्रा के दौरान जगह-जगह भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देंगे।

वहीं, देवता के कारदार इंद्र सिंह ने सात हार तीन गढ़ के समस्त हरियान संग आउटर सराज की समस्त जनता को प्रभु की इस ऐतिहासिक यात्रा में सादर आमंत्रित किया है। पहला पड़ाव 1 जून को कुंईर से निगान रहेगा, जहां पर प्रभु का रात्रि विश्राम होगा। दूसरा पड़ाव 2 जून को निगान से कुमारसैन रहेगा। तीसरा पड़ाव 3 जून को कुमासैन से मतियाना रहेगा। चौथा पड़ाव मतियाना से फागु (गलू) रहेगा। मंदिर कमेटी के सचिव ठाकुर दास वर्मा, शेर सिंह, गूर ओम प्रकाश, राजू, प्रेम वर्मा, पुजारी जियालाल, दिक्षित ने तीन गढ़ सात हारों के समस्त हारियानों से निवेदन किया कि वे अधिकाधिक संख्या में प्रभु के इस ऐतिहासिक यात्रा में शामिल होकर इस दौरे को सफल बनाएं।

# 'वंदे मातरम' के नारों से गूंज उठा लंकाबेकर

## लंकाबेकर में देशभक्ति आधारित नुक्कड़ नाटक का किया प्रदर्शन



लंकाबेकर में देशभक्ति आधारित नुक्कड़ नाटक के प्रदर्शन के दौरान तिरंगा लहराते हुए सभी कलाकर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन के कलाकारों ने कुल्लू स्थित लंकाबेकर में देशभक्ति आधारित एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया और पूरा लंका बेकर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गूंज उठा।

उसके बाद उपस्थित दर्शकों के साथ मिल कर एक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इसमें बच्चे, बूढ़े तथा युवा पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सौजन्य से आयोजित किए गए कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। युवा निदेशक रेवत राम विक्की द्वारा लिखित व निर्देशित नुक्कड़ नाटक गीत 'जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा वो भारत देष है मेरा' से शुरू हुआ और इसमें बताया कि देश भक्ति दिलों में होती है न कि सोशल मीडिया पर सेल्फी डालने से। साथ ही नाटक में देश में चले आ रहे भ्रष्टाचार, घूसखोरी पर भी प्रकाश डाला गया और लोगों से अपील की गई कि सही और गलत को समझ कर समाज में गलत के खिलाफ आवाज उठाना भी देशभक्ति है और जब राष्ट्र पर मुसीबत आए, तो कुर्बानी के लिए तैयार रहना भी देश भक्ति है। नाटक में रेवत राम विक्की सहित परमानंद पिंकू, पायल, आंचल, वैभव ठाकुर तथा अनन्या ने अपने अभिनय से उपस्थित दर्शकों को सराबोर किया।

**परेशानी** आनी की 37 के अलावा मंडी, शिमला जिले की 15 पंचायतों को करता है लाभान्वित

# आनी अस्पताल में नहीं आया स्त्री रोग विशेषज्ञ

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

कुल्लू जिले के उपमंडल मुख्यालय आनी स्थित सिविल अस्पताल में नियोजित स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति न होने से स्थानीय लोगों में भारी निराशा और रोष है।

पहले सरकार द्वारा अप्रैल माह में आनी अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित 5 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन स्त्री रोग विशेषज्ञ ने अपनी तैनाती को रोकने की अनुशंसा कर दी। हालांकि, सरकार ने उसी दिन ऐसे सभी आदेशों पर रोक लगाने की भी अधिसूचना जारी की थी। इसमें एक बार नियुक्ति होने पर एडजस्टमेंट या नियुक्ति होने के बाद फिर से तबादला आदेश दिए गए थे, लेकिन बावजूद इसके न तो अभी तक अस्पताल में उसी स्त्री रोग विशेषज्ञ ने ज्वॉइन किया और न ही सरकार द्वारा किसी अन्य स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति हो पाई। यह अस्पताल आनी क्षेत्र की 37 पंचायतों के साथ-साथ आसपास के मंडी और शिमला जिलों की 15 अन्य पंचायतों के मरीजों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र हैं। खासकर महिलाओं को स्त्री रोग संबंधी परेशानियों के लिए मजबूरी में कुल्लू, रामपुर, शिमला या अन्य बड़े अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, या फिर निजी अस्पतालों में महंगे दामों पर इलाज करवाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे न केवल आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, बल्कि मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी बाधित हो रही है। (अनंत ज्ञान)




### सरकार ने जानबूझकर फेरी आनी से नजरें : लोकेंद्र

आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि सिविल अस्पताल आनी के अलावा आसपास के दुर्गम स्वास्थ्य केंद्रों में भी रिक्त पदों की भरमार है। इसको लेकर विधानसभा सत्रों के दौरान जोरदार मांगें भी की हैं, लेकिन प्रदेश कांग्रेस सरकार ने आनी क्षेत्र से नजरें फेर रखी हैं। उन्होंने स्थानीय कांग्रेस के उन नेताओं पर भी प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि आज कहां हैं, वे नेता जो गांवों के मेलों, कार्यक्रमों में आनी के विकास के फिक्रमंद बनते हैं। उन्होंने पूछा कि क्या उनका दायित्व नहीं बनता कि स्थानीय जनता की दुख-तकलीफों को प्रदेश सरकार के समक्ष रखकर उनका निवारण किया जा सकें।

### जल्द की जाए स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति

**आनी** के विधायक लोकेंद्र कुमार सहित स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की है कि आनी अस्पताल में जल्द से जल्द स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र की महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उनके निकट ही उपलब्ध हो सके। उनका कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए स्थायी समाधान निकालना चाहिए। अन्यथा उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होना पड़ेगा।

> हमने रिक्त पद की डिटेल्स उच्चाधिकारियों के माध्यम से सरकार तक पहुंचा दी है, उम्मीद है जल्द कोई आदेश जारी कर दिए जाएंगे।
> **डॉ. भागवत मेहता, बीएमओ।**

# वुशू प्रतियोगिता में कुल्लू दूसरे स्थान पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सब जूनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के 20 वुशू खिलाड़ियों ने भाग लिया था। यह जानकारी जिला कुल्लू वुशू संघ के महासचिव व वुशू के ही कोच लुदर चंद ने दी। उन्होंने बताया कि यह राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता 17 व 18 मई को जिला मंडी सुंदरनगर आईटीआई में आयोजित राज्य वुशू द्वारा करवाई गई।

इस प्रतियोगिता के मुख्यातिथि अक्षय सूद डायरेक्टर टेक्निकल एजुकेशन हिमाचल प्रदेश रहे। जिला कुल्लू के भारत भारती सीनियर सकेंडरी स्कूल कुल्लू की छात्रा आंचल हांडा ने 36 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक, 22 किलोभार में अवनी ठाकुर ने रजत पदक, 24 किलोग्राम वर्ग में ईवांश ठाकुर ने रजत पदक, 30 किलोग्राम वर्ग में रागिनी ने रजत पदक, 32 किलोग्राम वर्ग में मेधांश ठाकुर ने रजत पदक 34 किग्राभार वर्ग में आरुष ने कांस्य पदक, 45 किलोग्राम भार वर्ग में शौर्या चौहान ने रजत पदक, वुशू ताऊलु इवेंट में भाव्यांश महंत ने कांस्य पदक। अक्षित वुशू स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी 28 किलोग्राम भार वर्ग में शिवांश शर्मा ने स्वर्ण पदक, 48 किलोग्राम भार में राहुल ने स्वर्ण पदक, 45 किलोग्राम भार वर्ग में कनिष्का ने कांस्य पदक, 56 किलोग्राम वर्ग में पुनीत ठाकुर ने कांस्य पदक, वुशू के ताऊंलू इवेंट में ऋषित चोपड़ा ने कांस्य पदक और ट्रिनिटी स्कूल मोहल के छात्र 22 किलोग्राम वर्ग के आदर्श ठाकुर ने रजत पदक, 26 किलोग्राम भार वर्ग में विराट ने कांस्य पदक, 30 किलोग्राम वर्ग में विनायक ठाकुर ने स्वर्ण पदक, 42 किलोग्राम भार वर्ग में रिहान ठाकुर ने रजत पदक, 52 किलोग्राम वर्ग में मनन ठाकुर ने कांस्य पदक, 60 किलोग्राम भाग वर्ग में ईषना महाजन ने स्वर्ण पदक इनके साथ टीम कोच अक्षित और टीम मैनेजर चंद्रेश्वरी रहे। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्यातिथि इंजीनियर कश्मीर सिंह ठाकुर डिप्टी चीफ इंजीनियर रहे और उन्होंने बच्चों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, जिन बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया, अब वे खिलाड़ी 26 से 31 मई को तमिलनाडु में होने वाले सब जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में हिमाचल टीम से खेलेंगे। जिला कुल्लू वुशू संघ के अध्यक्ष पूर्ण चंद, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, झाबे राम सहसचिव, चेतन लाल सदस्य, मिनेश ठाकुर, गगन कुमार, वीना देवी ने खिलाड़ियों व कोच टीम मैनेजर को बधाई दी।



राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के 20 वुशू खिलाड़ी प्रशिक्षकों के साथ।

# राधे-राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**अनंत ज्ञान, आनी।** रिवाड़ी स्थित राधे-राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान में वेटरनरी फार्मासिस्ट एवं कंप्यूटर कोर्सेस के लिए सत्र 2025-2027 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यह संस्थान कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, मंडी और शिमला के अर्ध क्षेत्र में एकमात्र हिमाचल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केंद्र है। संस्थान पालमपुर से संबद्ध एवं हिमाचल पैरा-वेटरनरी काउंसिल से पंजीकृत है। संस्थान प्रबंधक डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 10 जून तक ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं, जबकि ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। कोर्स के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं (मेडिकल) में 50 फीसदी अंक सामान्य वर्ग के लिए तथा एससी/एसटी वर्ग को 5 फीसदी की छूट दी गई है। अन्य संकाय के छात्रों के प्रवेश संबंधी मामला उच्च न्यायालय में लंबित है, जिसमें 13 मई तक निर्णय आने की संभावना है। संस्थान में उच्च गुणवत्ता युक्त प्रयोगशालाएं, अनुभवी स्टाफ एवं उत्कृष्ट शिक्षण माहौल उपलब्ध है।

# अतिक्रमण हटाने को लेकर हंगामा

## माल रोड व बाजार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में दुकानदार डाल रहे अड़चन

**आर मोहन चौहान, सोलन**

माल रोड और बाजार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में दुकानदार अड़चन डाल रहे हैं। ऐसे में प्रशासन को हाईकोर्ट के आदेश के पालना करने में बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसा ही उदाहरण सोमवार को पेश आया, जब एसडीएम की अगुवाई में टीम माल रोड सोलन से अतिक्रमण हटाने पहुंची। एसडीएम ने चिल्ड्रन पार्क के सामने बनी दुकानों के कॉरिडोर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

इससे दुकानदारों ने हंगामा शुरू कर दिया। तर्क दिया गया कि 1962 से ही दुकानें इसी तरह लगा रहे हैं। प्रशासन ने तर्क दिया कि कॉरिडोर ग्राहकों के चलने के लिए बना था, जबकि दुकानदारों ने आगे बढ़कर कॉरिडोर में ही दुकानों के शटर लगा दिए पर अब दुकानदार पीछे हटने को राजी नहीं हैं। प्रशासन की चेतावनी के बाद व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर इसका विरोध करना शुरू कर दिया। इससे अन्य दुकानदार भी जोश में आ गए और बाजार बंद करने पर उतारू हो गए। हालांकि, एसडीएम ने व्यापारियों को बैठक करने का आश्वासन देकर मामला शांत करवाया। (अनंत ज्ञान)



माल रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान एसडीएम से उलझते दुकानदार।

### दुकानें लगाने के दिए निर्देश

**एसडीएम** ने माल रोड सहित अप्पर बाजार, चौक बाजार, हॉस्पिटल रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। साथ ही सेट बैंक एरिया में ही दुकानें लगाने के निर्देश दिए। हालांकि, प्रशासन की कार्रवाई के बाद दुकानदारों ने दो घंटे बाजार बंद रखकर व्यापार मंडल के साथ बैठक की। इस दौरान प्रशासन की कार्रवाई का विरोध किया, साथ ही इस मामले को लेकर प्रशासन से बैंक कर बीच का रास्ता निकालने की मांग की। इससे पहले प्रशासन ने सपरून से ओल्ड डीसी ऑफिस तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। प्रशासनिक कार्रवाई से माल रोड के दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। कारोबारियों ने आन-फानन में सड़क से सामान पीछे हटा दिया। इससे खुला-खुला नजर आया।

"प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश की अनुपालना करते हुए प्रशासन ने माल रोड में दुकानों के सामने बने कॉरिडोर के अंदर सामान रखने के निर्देश दिए हैं। दुकानदारों का पक्ष सुनने के लिए उन्हें बैठक के लिए बुलाया है। कुछ दुकानदारों के चालान भी काटे गए। दुकानदारों को सेट बैंक एरिया के पीछे ही दुकानें लगाने के निर्देश दिए गए हैं। आने वाले समय शहर के अन्य हिस्सों में भी अतिक्रमण हटाने की मुहिम जारी रहेगी।

**डॉ. पूनम बंसल, एसडीएम, सोलन।**

### कड़ी सुरक्षा के साथ हटाया जा रहा अतिक्रमण

**प्रशासन** कड़ी सुरक्षा के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान प्रशासनिक टीम की तरफ से दुकानों के सामने मार्किंग भी की जा रही है। एसडीएम डॉ. पूनम बंसल की अगुवाई में नगर निगम, पुलिस, पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग की टीम ने इस मुहिम को अंजाम दिया। प्रशासनिक टीम ने इस दौरान दर्जन भर चालान काटे। साथ ही इसकी पुनरावृत्ति होने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बता दें कि प्रदेश हाई कोर्ट के आदेशानुसार प्रशासन मुख्य मार्गों सहित माल रोड सोलन और राजगढ़ रोड से 17 मई तक अतिक्रमण हटाने को कहा था पर कुछ दुकानदारों ने इसे हल्के में ले लिया। पिछले वर्ष प्रशासन ने माल रोड को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सड़क की निशानदेही की थी, लेकिन दुकानदारों ने कुछ समय बाद ही फिर से अतिक्रमण कर सड़क और फुटपाथ पर दुकाने सजा दी। इससे राहगीरों का सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित हुई।

## मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का करें प्रयोग

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन तथा शिक्षा क्रांति संस्था द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस के तहत गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीसी समन्वयक राधा चौहान ने की। उन्होंने कहा कि डेंगू मच्छर को एडीज एजीप्टाई या टाइगर मच्छर के नाम से जाना जाता है। डेंगू का मच्छर साफ खड़े पानी में पनपता है और यह मच्छर दिन के समय लोगों को काटता है। इस मच्छर के काटने के पश्चात शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। इसके लक्षण तेज बुखार आना, सर में दर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, आंख के पीछे दर्द होना, आम दवा से बुखार का न उतरना व रोगी को भूख न लगना है। नाक, मुंह, मसूड़े से खून का आना, शरीर में लाल चकते पड़ जाना भी इसके लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए घरों व कार्यालयों के आस-पास नालियों में पानी न जमा होने देना आवश्यक है, ताकि इस मच्छर का लारवा न पनप सके। पानी के सभी बर्तन, टंकी, टायरों, पशु-पक्षियों के लिए उपयोग होने वाले पानी के बर्तन को ढक कर रखें। मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें।

# जीएसटी चोरी की आशंका के चलते 5 फर्मों पर शिकंजा

## फर्मों ने रजिस्टर्ड जीएसटी में काम कुछ दिखाया व किया कुछ और

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राज्य कर व आबकारी विभाग के दक्षिण प्रवर्तन क्षेत्र परवाणू ने परवाणू में संचालित पांच फर्मों का रिकॉर्ड एक साथ जीएसटी कानून के अंतर्गत खंगाला। जानकारी के अनुसार दक्षिण प्रवर्तन परवाणू ने गत माह में जीएसटी कानून के तहत परवाणू की एक फर्म को 5.90 करोड़ की टैक्स चोरी के मामले में नोटिस जारी किया व आगामी जांच में उक्त फर्म से जुड़ी इन फर्मों पर भी बड़ी टैक्स चोरी की आशंका के चलते कार्रवाई की गई है। विभाग को शरुआती जांच में पता चला कि इन फर्मों ने लगभग 70 करोड़ की बोगस खरीद पेपरों में दर्शाई है। इसमें लगभग 13 से 14 करोड़ की टैक्स चोरी होने की आशंका है। यह कार्रवाई बोगस बिल के आदान-प्रदान पर की गई है।

जांच में पाया गया कि उक्त फर्मों द्वारा दिल्ली व अन्य राज्यों से दर्शाइ गई खरीद वास्तव में पेपरों में ही दिखाई जा रही है। इसकी गहनता से जांच चल रही है। जांच में पाया कि केवल एक सामान्य कमरे को फर्जी तरीके से इस्तेमाल किया है, जिसमे न कोई स्टॉक पाया गया, जबकि कारोबारी के विवरणी अनुसार करोड़ों की खरीद दिखाई गई है। विभाग ने ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। राजस्व दृष्टि के माध्यम से इस तरह की कार्रवाई भविष्य में जारी रहेगी व इस जोन में संचालित बोगस बिलों की फर्जीवाड़े को उजागर करने के लिए गठित टीमें जिला शिमला, सिरमौर व सोलन से बुलाई गई थी, इन टीमों ने पांच फर्मों में एक साथ कार्रवाई को अंजाम दिया व फर्मों का सारा रिकार्ड अपने कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि उक्त फर्मों ने अपने रजिस्टर्ड जीएसटी में काम कुछ दिखाया व व्यापार कुछ और किया, जिसे गहनता से जांचा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके पीछे कोई मास्टर माइंड है, जो इन फर्मों को चला रहा है, उसे लेकर भी एक अलग जांच चल रही है।



सभी पांच फर्मों का रिकार्ड अपने कब्जे में ले लिया है और गहनता से जांच चल रही है। जांच में यह भी पता चला है कि इन सभी फर्मों आईटी प्रोडक्ट्स, टीवी पैनल्स और स्क्रैप का कारोबार दिखाया है कुछ फर्मों ने विवरणी में इंपोर्ट दिखाई है, जबकि उसके कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए हैं। यह भी जानकारी मिली है कि इन कुछ फर्मों में एक नेपाली जीत बहादुर, जिसने टीम को बतौर चौकीदार बताया और इन फर्मों में जो दस्तावेज मिले हैं, उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड जीएसटी नंबर लेने के लिए इस्तेमाल हुए हैं, जो कि यूपी और हरियाणा से बताए हैं, जो आज दिन तक नोटिस देने पर विभाग में उपस्थित नहीं हुए हैं। दक्षिण प्रवर्तन जोन के संयुक्त आयुक्त राज्य कर व आबकारी जीडी ठाकुर ने बताया कि उक्त फर्मों को इसी माह में रेड किया गया व कार्रवाई को अंजाम देते हुए

इस कार्रवाई में तीनों जिलों के सहायक आयुक्त पूनम ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, मोनिका अत्रिय, गुरवचन सिंह, विपिन पोसवाल के अलावा राज्य कर अधिकारी विजय कुमार, मनोज सचदेवा, ध्यान सिंह, दिग्विजय, रीमा सूद, कुस्मिता, मुक्ता आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हर्षवर्धन चौहान आज व कल सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 20 व 21 मई को जिला सिरमौर के प्रवास पर होंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 20 मई को पांवटा साहिब में जन समस्याएं सुनेंगे तथा दोपहर बाद 3 बजे नगर परिषद कार्यालय पांवटा साहिब में यातायात प्रबंधन व खनन सामग्री ढुलान से संबंधित बैठक में भाग लेंगे। उद्योग मंत्री 21 मई को सतौन में डे-बोर्डिंग स्कूल के भूमि पूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा जन समस्याओं की सुनवाई करेंगे।

### कंडाघाट कॉलेज में ऑनलाइन प्रवेश एक जून से

**प्रेम, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया एक जून से 19 जून तक चलेगी। यह जानकारी कॉलेज प्रधानाचार्य मदन लाल मनकोटिया ने दी। उन्होंने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए इस प्रक्रिया से स्नातक प्रथम वर्ष बीए, बीकॉम, बीएससी में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के लिए मेरिट सूची 20 जून को कॉलेज वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को 21 जून से 23 के बीच शुल्क जमा कर प्रवेश सुनिश्चित करना होगा। स्नातक द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रोल ऑन प्रवेश प्रक्रिया भी एक से 19 जून तक चलेगी इन कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए 12 से 23 जून तक शुल्क जमा करना जरूरी होगा। (अनंत ज्ञान)

### सीबीएसई के नवीनतम परिवर्तनों से अवगत कराया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एमआरए डीएवी पब्लिक स्कूल सोलन में सीबीएसई द्वारा अनुमोदित दो दिवसीय गणित (माध्यमिक स्तर) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कुल 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों तथा पड़ोसी राज्यों के विद्यालयों से आए थे। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को गणित विषय की गहराई से समझ, प्रभावी शिक्षण विधियों, नवाचारयुक्त मूल्यांकन तकनीकों तथा सीबीएसई पाठ्यक्रम के नवीनतम परिवर्तनों से अवगत कराना था। कार्यशाला में मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में मासूना सिंह प्राचार्या एमआरए डीएवी पब्लिक स्कूल सोलन और मदन गोपाल शर्मा, प्रवक्ता (गणित), शिवालिक पब्लिक स्कूल, रोपड़ उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने शिक्षकों को विषयवस्तु की सुदृढ़ता, छात्र-केंद्रित शिक्षण विधियों एवं गणितीय अवधारणाओं की स्पष्टता के लिए विभिन्न गतिविधियों व प्रस्तुतिकरणों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया। सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता दिखाई और इसे अत्यंत लाभकारी एवं ज्ञानवर्धक बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और भविष्य में इस प्रकार के प्रशिक्षण सत्रों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया गया।

### 22 को पांवटा में निकलेगी बाइक तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की विशेष बैठक का आयोजन नाहन में युवा मोर्चा अध्यक्ष चरणजीत सिंह चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में विधायक सुखराम चौधरी और मंडल अध्यक्ष हितेंद्र कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में आगामी 22 मई को पांवटा साहिब में आयोजित होने वाली 'बाइक तिरंगा यात्रा' की तैयारियों पर चर्चा की गई। युवा मोर्चा अध्यक्ष चरणजीत सिंह चौधरी ने जानकारी दी कि यह यात्रा 'ऑपरेशन सिंदूर' में शहीद हुए भारत के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और उनके शौर्य की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। इस तिरंगा यात्रा में पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यात्रा की शुरुआत रामलीला मैदान, पांवटा साहिब से होगी और यह मुख्य बाजार, बद्रीपुर चौक, गोंदपुर, राजबन, बांगरण, शिवपुर से होते हुए शहीद स्मारक, बेहड़ेवाला में संपन्न होगी। चरणजीत सिंह ने बताया कि इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), भाजपा युवा मोर्चा तथा भाजपा कार्यकर्ताओं सहित 300 से अधिक बाइकों और अन्य वाहनों के भाग लेने की संभावना है।

## 30 मई से सराहां में होगा पच्छाद उत्सव का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के पच्छाद उपमंडल मुख्यालय सराहां के कुश्ती स्टेडियम में 30 व 31 मई को हिमालयन स्पोर्ट्स एंड कल्चर क्लब द्वारा पच्छाद उत्सव का आयोजन किया जाएगा। हिमालयन स्पोर्ट्स एंड कल्चर क्लब के संयोजक अभिषेक कौंडल ने बताया कि 30 व 31 को खेल खेलो नशा छोड़ो, खेलेगा युवा नशे से दूर रहेगा युवा थीम के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसमें 30 मई को कबड्डी व कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके साथ ही रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा। पहली सांस्कृतिक संध्या में वर्षा ठाकुर, नरेंद्र नीटू व तंत्रा ग्रुप डांस अपनी प्रस्तुति देंगे। 31 मई को कबड्डी का सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेला जाएगा। वहीं, सांस्कृतिक संध्या में देवेंद्र ठाकुर व अजय चौहान अपनी प्रस्तुति देंगे। उसके बाद मुख्यातिथि द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

# दाड़ला भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर निकाली तिरंगा यात्रा



ऑपरेशन सिंदूर को लेकर तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता।

**आशीष, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट में भाजपा दाड़ला मंडल द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना द्वारा की गई विजयी कार्रवाई के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा दाड़ला से स्यार तक निकाली गई।

तिरंगा यात्रा के मुख्यातिथि प्रदेश भाजपा के सचिव संजय ठाकुर रहे तथा यात्रा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में निकाली गई। इस यात्रा में कार्यकर्ताओं ने भारत माता के राष्ट्रीय ध्वज को उठाकर सेना के सम्मान में नारे लगाए। यात्रा में जमकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। वक्ताओं ने कहा कि तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटनों के बल पर आने पर मजबूर किया। पहलगाम में जिस प्रकार हमारी माता, बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया, उसका बदला हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर लिया है, जो कि ऐतिहासिक है।

इस मौके पर राकेश गौतम, कला ठाकुर, जगदीश्वर शुक्ला, पुरुषोत्तम ठाकुर, भीम शर्मा, महेंद्र ठाकुर, जयदेव शर्मा, प्रेम कंवर, कृष्ण चंद्र भट्टी, संतराम, बलदेव, भीम सिंह चौहान, धर्मपा, संजीव शर्मा, कुलदीप ठाकुर, नरेंद्र सहित अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## केशवेंद्र सिंह बने राजा दुर्गा क्लब के महासचिव

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शहर के प्रतिष्ठित राजा दुर्गा क्लब सोलन के चुनाव एसपी सोलन गौरव सिंह की देखरेख में संपन्न हुए। चुनाव में 386 सदस्यों ने मत डाला। महासचिव के लिए केशवेंद्र सिंह कंवर और राजीव चोपड़ा में मुकाबला हुआ। इसमें केशवेंद्र को 216 वोट, जबकि राजीव चोपड़ा को 170 वोट मिले। केशवेंद्र ने 46 वोट के अंतर से जीत हासिल की। उपप्रधान के लिए हितेंद्र कंवर, रोहित सबलोक और विशाल सूद के बीच मुकाबला हुआ। इसमें हितेंद्र को 239, रोहित सबलोक को 220, जबकि विशाल सूद को 188 वोटों से संतोष करना पड़ा। इसमें पहले 2 अधिक वोट लेने वाले उपप्रधान निर्वाचित हुए। इस प्रकार हितेंद्र और सबलोक विजय रथ में सवार हुए, जबकि कोषाध्यक्ष के लिए कड़े मुकाबले में राकेश ठाकुर ने मनोज गुप्ता को 4 वोटों से हराया। राकेश ठाकुर को 198, जबकि मनोज गुप्ता को 194 वोट मिली और कांटे की टक्कर में वह 4 वोट से हार गए।

# विकास खंड संगड़ाह में जिला परिषद के 3 वार्डों को रखा जाए यथावत: नारायण

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र में विकास खंड संगड़ाह का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व प्रत्याशी नारायण सिंह की अध्यक्षता में डीसी सिरमौर से मिला और जिला परिषद के लिए विकास खंड संगड़ाह से तीन वार्डों की जगह मात्र दो वार्ड बनाए जाने पर आपत्ति दायर की।

नारायण सिंह ने डीसी प्रियंका वर्मा को बताया कि सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र सर्वाधिक दुर्गम और कठिन परिस्थितियों के कारण यहां विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाना अत्यंत दुर्लभ कार्य है और जिला परिषद के तीन वार्ड को घटाकर विकास खंड संगड़ाह में मात्र दो वार्ड गठित करने का प्रस्ताव तर्कसंगत नहीं है। विकास खंड संगड़ाह की दुर्गम क्षेत्रों में फैली 44 पंचायत के लिए मात्र दो जिला परिषद वार्ड गठित करना इस क्षेत्र के साथ घोर अन्याय है। उन्होंने कहा कि पांवटा और नाहन जैसे समतल विकास खंडों में 8 और 10 पंचायत के वार्ड गठित किए गए हैं, जबकि संगड़ाह विकास खंड में दुर्गम क्षेत्र की 23 और 21 पंचायत के लिए मात्र दो वार्ड गठित किए गए हैं, जिससे क्षेत्र से जिला परिषद के लिए अब तीन सदस्यों की जगह मात्र दो सदस्य चुने जाएंगे और उससे विकास प्रक्रिया प्रभावित होगी। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल पंचायत समिति संगड़ाह के पूर्व अध्यक्ष मेलाराम शर्मा ने डीसी को बताया कि संगड़ाह विकास खंड में पिछड़े इलाकों की 44 पंचायत में मात्र दो जिला परिषद वार्ड बनाए, जाने से क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है और इसी कारण नियमों के अनुसार जिलाधीश के समक्ष आपत्तियां दर्ज की गई हैं, ताकि इस क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित बनाने के लिए 44 पंचायतों के कम से कम तीन वार्ड बनाए जाने चाहिए।

# जय लाल स्कूल प्रवक्ता संघ सोलन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला सोलन के जिला स्तरीय त्रैवार्षिक चुनाव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छत्र सुबाथू में संपन्न हुए।

चुनाव में जिला सोलन के स्कूल प्रवक्ताओं ने भाग लिया। इस चुनाव में जिला सोलन से अपने-अपने स्कूलों से चुनकर आए डेलीगेट्स ने भाग लिया। पूरे सोलन जिले से 210 से ऊपर डेलीगेट्स ने भाग लिया। यह डेलीगेट्स अपने-अपने स्कूलों से चुनकर आए थे। इस समय जिला सोलन में कुल 146 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं, जहां से डेलीगेट्स भाग लेने आए थे। चुनाव प्रक्रिया से पहले जनरल हाउस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पुरानी कार्यकारिणी ने अपने पिछले साढ़े तीन वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और पिछले तीन वर्ष के दौरान किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर बहुत से प्रवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। जनरल हाउस के अंत में





हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला सोलन की नई कार्यकारिणी।

सोलन के अध्यक्ष चंद्रदेव ठाकुर ने अपने पिछले कार्यकाल के बारे में जानकारी दी और लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी प्रवक्ता साथियों से पिछले दो-दो टेन्योर में उन्हें मौका देने के लिए धन्यवाद किया। इसके बाद नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई। इसमें आपसी सहमति बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन आपसी सहमति न बनने से चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई।

इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए भगत जगोता, जय लाल जलपाडक और दीपक ओझा ने अपना नामांकन भरा। 3 के बाद चुनाव शुरू हुआ। इसमें लगभग 200 से ऊपर डेलीगेट्स ने भाग लिया। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया शुरू की। इस चुनाव में जय लाल जलपाडक को विजयी घोषित किया गया। जय लाल जलपाडक को 99 वोट मिले। भगत जगोता को 64 वोट और दीपक ओझा को 20 वोट मिले। उन्होंने सभी साथियों का धन्यवाद करते हुए विश्वास दिलाया कि उन्हें जो कार्य दिया गया है, उसे वे पूरा प्रयास करते हुए आगे बढ़ेंगे और हर दृष्टि से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। जिला महासचिव के पद पर हेमंत कुमार शर्मा को चुना गया।

# पंचायत समिति के निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन प्रस्ताव प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्राधिकृत अधिकारी निर्वाचन एवं खंड विकास अधिकारी सोलन रमेश कुमार शर्मा ने विकास खंड सोलन में सम्मिलित पंचायत समिति के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के प्रस्ताव की अधिसूचना प्रकाशित की है। अधिसूचना के अनुसार पंचायत समिति क्षेत्रों के परिसीमन के संबंध में संबंधित ग्राम सभा सदस्यों को कोई आपत्ति या सुझाव हो तो परिसीमन के प्रस्ताव जारी होने के 10 दिन के भीतर प्राधिकृत अधिकारी निर्वाचन एवं खंड विकास अधिकारी के कार्यालय सोलन में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

अधिसूचना के अनुसार जाबल झमरोट वार्ड में पंचायत जाबल झमरोट, हरिपुर तथा पट्टा बरावरी सम्मिलित हैं। जाड़ली वार्ड में पंचायत जाड़ली, भारती, कक्कड़हट्टी सम्मिलित हैं। शड़ियाना वार्ड में पंचायत शड़ियाना तथा चामत भड़ेच सम्मिलित हैं। देवठी वार्ड में पंचायत देवठी, तोप की बेड़ तथा रणों सम्मिलित हैं। बसाल में पंचायत बसाल तथा धरोट सम्मिलित हैं। सेरी वार्ड में पंचायत पड़ग तथा सेरी सम्मिलित हैं।

सलोगड़ा वार्ड में पंचायत सलोगड़ा सम्मिलित हैं। जौणाजी वार्ड में पंचायत जौणाजी तथा मशीवर सम्मिलित हैं। शमरोड में पंचायत शमरोड तथा सेर बनेड़ा सम्मिलित हैं। ओच्छघाट वार्ड में पंचायत ओच्छघाट तथा नौणी महगांव सम्मिलित हैं। सन्होल वार्ड में पंचायत शामती, सन्होल तथा कोटी सम्मिलित हैं। सपरुन में पंचायत सपरुन तथा आंजी सम्मिलित हैं। बड़ोग में पंचायत बड़ोग तथा सुल्तानपुर सम्मिलित हैं। चेवा में पंचायत चेवा तथा कोरों सम्मिलित हैं। बोहली वार्ड में पंचायत बोहली, अन्हेच तथा काबा कलां सम्मिलित हैं।

## महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब के शिव मंदिर हाल बद्रीपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन राजपूत सभा की ओर से किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर महाराणा प्रताप की तस्वीर पर फूल अर्पित कर पूजा की गई। इस कार्यक्रम में रूमित ठाकुर, राजपूत सभा उपाध्यक्ष सुनील तोमर, तरुण परमार क्षत्रिय संगठन, परविंद्र, विजय, नरेश चौधरी राजपूत सभा अध्यक्ष, धनवीर कपूर, युवा करची में देवांश ठाकुर, राष्ट्रीय सचिव जगदीप ठाकुर, लवली, वकील रघुबीर कपूर, बलवीर ठाकुर, बस्तिराम सिंगता, राम कृष्ण वर्मा, पूर्ण तोमर, अजय ठाकुर और अमन आदि उपस्थित रहे। बद्रीपुर अमर कॉलोनी के समस्त क्षत्रिय सभा ने बताया कि इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप जयंती का भव्य आयोजन, महाराणा सांगा एवं समस्त क्षत्रिय समाज के खिलाफ की जा रही अपमानजनक टिप्पणियों का विरोध किया।

# वन अधिकार अधिनियम 2006 की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

उपमंडलाधिकारी कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम, 2006 पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों सहित नागरिकों ने भाग लिया।

गोपाल चंद ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य वन अधिकार अधिनियम, 2006 के विषय में हितधारकों को जागरूक करना तथा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना है। यह अधिनियम वनवासी समुदायों को सशक्त बनाने और उन्हें वन भूमि एवं संसाधनों पर कानूनी अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वन भूमि पर कानूनी अधिकार प्राप्त करने के लिए पात्र नागरिक निर्धारित फार्म पर दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। दावेदार भूमि पर 13 दिसंबर, 2005 से पूर्व लगातार तीन पुश्तों से खेती कर रहा हो, निवास कर रह रहा हो तो वह मालिकाना हक के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि अधिनियम हितधारकों को पारंपरिक रूप से संकलित की जाने वाली लघु वन उपज को एकत्र करने, उपयोग करने व विक्रय करने का अधिकार प्रदान करता है। कार्यशाला में विभाग के विशेषज्ञों ने अधिनियम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उद्देश्यों तथा दावों की प्रक्रिया, जांच और अधिकारों के अंतिम निपटारे की, ग्राम सभाओं की भूमिका एवं अधिकारों की पारदर्शी व न्यायसंगत मान्यता की जानकारी दी। कार्यशाला में संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए। एसडीएम ने अधिनियम के क्रियान्वयन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सतत् समर्थन व अनुवर्ती प्रयासों का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनजातीय विभाग के अन्वेषण अधिकारी अतुल शर्मा ने भी वन अधिकार अधिनियम, 2006 पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## आपदा

### डीसी सिरमौर ने एनडीआरएफ 14वीं बटालियन नालागढ़ के अधिकारियों के साथ की बैठक

# आपदाओं से निपटने के लिए 31 तक परिचय अभ्यास

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर में विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा राहत बल (एनडीआरएफ) द्वारा 31 मई तक परिचय अभ्यास किया जाएगा। यह जानकारी डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने एनडीआरएफ 14वीं बटालियन नालागढ़ के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में दी।

डीसी ने बताया कि एनडीआरएफ के दल द्वारा जिले की भौगोलिक स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों, अस्पतालों, बाढ़ संभावित क्षेत्रों आदि का सर्वेक्षण किया जाएगा तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी, जो जिले में किसी भी आपदा के समय बहुत उपयोगी होगी। एनडीआरएफ के दल द्वारा जिले में आपदाओं से निपटने के लिए चिन्हित स्थानों पर प्रशिक्षण तथा मॉक अभ्यास किया जाएगा। इसमें विभिन्न आपदाओं से बचाव



एनडीआरएफ 14वीं बटालियन के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करती डीसी सिरमौर।

की जानकारी दी जाएगी। प्रियंका वर्मा ने बताया कि दल द्वारा नाहन में 20 मई को कालाअंब के गांव रामपुर जटां में मेसर्ज वार्ड इंडस्ट्रीज, 21 को मोगीनंद में मेसर्ज वुडस्टॉक लैमिनेटस लिमिटेड, 22 को बनकला तथा पीएम जेएनवी जुड्डा के जोहड़ में स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 23 को उपमंडल पांवटा साहिब के अंबोया स्कूल तथा 24 मई को सिरमौरी ताल स्कूल में स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार 26 को उपमंडल कफोटा के कमरऊ स्कूल में मॉकड्रिल, अभ्यास कार्यक्रम तथा स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम होगा तथा 27 को तहसील कमरऊ के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर संवेदनशील स्थानों की जानकारी एकत्रित की जाएगी। 28 मई को उपमंडल शिलाई के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिलाई में मॉक अभ्यास व जागरूकता कार्यक्रम होगा तथा 30 मई को उपमंडल पच्छाद की सब तहसील नारग के ग्राम कुजी में पटाखा फैक्टरी का दौरा कर निरीक्षण किया जाएगा व 31 मई को छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां में मॉकड्रिल, अभ्यास कार्यक्रम तथा स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी चेतन चौहान, जिला आपदा प्रबंधन समन्वयक अरविंद चौहान, अनीता ठाकुर तथा एनडीआरएफ की 14वीं बटालियन नालागढ़ के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह नेगी, सब इंस्पेक्टर मोहित कुमार, कांस्टेबल प्रेम जीत व पूर्णमल ने भाग लिया।

# स्टाफ की कमी से नाहन परिवहन डिपो को उठाना पड़ रहा भारी नुकसान

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर जिला परिवहन में स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। एचआरटीसी के नाहन डिपो में स्टाफ की कमी और पुरानी बसों की नीलामी के बाद कई रूट प्रभावित हो रहे हैं। इस कारण डिपो को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार और प्रबंधन से स्टाफ उपलब्ध करवाने की मांग की जा रही है।



**पुरानी बसों की नीलामी के कारण कई रूट प्रभावित**

परिवहन विभाग नाहन डिपो के सह अड्डा प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि पिछले काफी समय से नाहन डिपो में स्टाफ की कमी चल रही है। इस कारण मौजूदा स्टाफ पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यहां कार्यरत कुछ चालक-परिचालक सेवानिवृत्त हो चुके हैं, कुछ का स्थानांतरण हुआ है और कुछ अस्वस्थ होने के चलते छुट्टी पर चल रहे हैं। इसके साथ-साथ सरकार के निर्देशानुसार 15 वर्ष से पुरानी बसें नीलाम की जा चुकी हैं और इस कारण कई रूट प्रभावित भी हो रहे हैं, जिसकी वजह से डिपो को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अड्डा प्रभारी ने बताया कि एचआरटीसी नाहन डिपो की कर्मशाला में मैकेनिकल स्टाफ की भारी कमी चल रही है और यहां कार्यरत कर्मचारियों को भी अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है, ताकि मेंटेनेंस और अन्य कार्य सुचारु रूप से चल सकें। इस संबंध में उन्होंने प्रदेश सरकार और निगम प्रबंधन से अतिरिक्त बसें और पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध करवाने की मांग की है, ताकि एचआरटीसी द्वारा लोगों को यातायात की उचित सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पर्यावरण पाठशाला का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय आदर्श विद्यालय सेक्टर 45 चंडीगढ़ के विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच संपन्न हुआ। विद्यालय के व्यवस्थापक विजय जिंदल ने फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक भारतीय वायु सेना के पूर्व फ्लाइट इंजीनियर पर्यावरण सेवक अणुव्रती प्रभुनाथ शाही का स्वागत किया और पर्यावरण पाठशाला के लिए आमंत्रित किया। पर्यावरण सेवक अणुव्रती प्रभुनाथ शाही ने अपने व्याख्यान में पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन की जानकारी के साथ सदाचारी जीवन के महामंत्र तथा राष्ट्र प्रथम की अवधारणा पर भी प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत किया। बच्चे भी बहुत ही एकाग्रता के साथ इस पाठशाला में शामिल हुए और शाही ने उनके प्रश्नों के उत्तर देकर संतुष्ट किया। ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर सैनिकों के सम्मान में पौधरोपण किया गया। शाही ने पाकिस्तान को भी संदेश दिया कि आतंकवाद की पाठशाला बंद कर पर्यावरण पाठशाला की शुरुआत अपने देश में करे फाउंडेशन पूर्ण सहयोग देने के लिए तैयार है। पर्यावरण से हमे वसुधैव कुटुंबकम का संदेश मिलता है और वास्तव में आज विश्व स्तर पर इस महामंत्र की व्यावहारिकता के साथ अपनाने की अत्यंत आवश्यकता है। इस पाठशाला के आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की इको क्लब इंचार्ज शमिला रानी, बीना रावत और दीपिका मैडम का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता जिंदल ने इस शिक्षाप्रद जीवनोपयोगी कार्यक्रम के लिए जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन के सभी सदस्यों का हृदय से सादर धन्यवाद किया।

### बीएलओ पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) श्री ज्ञानेश कुमार ने आज इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम), नई दिल्ली में झारखंड के फ्रंटलाइन चुनाव पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में 402 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें डीईओ, ईआरओ, बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक शामिल हैं। पिछले तीन महीनों में ईसीआई ने आईआईआईडीईएम में देश भर से 3000 से अधिक ऐसे प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया है। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने झारखंड में मतदाताओं के नामांकन के दौरान जमीनी स्तर पर प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। प्रशिक्षुओं को मॉक पोल के संचालन सहित ईवीएम और वीवीपैट का तकनीकी प्रदर्शन और प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### इंजीनियरिंग विभाग ने की मानसून की तैयारियां

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन के इंजीनियरिंग विभाग ने आगामी मानसून के लिए शहर की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए आज यूटी चंडीगढ़ की सचिव इंजीनियरिंग प्रेरणा पुरी, आईएएस की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई, जिसके जून के अंत तक आने की उम्मीद है। बैठक में यूटी प्रशासन के मुख्य अभियंता सीबीओझा, नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा, अधीक्षण अभियंता जिग्ना और डॉ. राजेश बंसल (सार्वजनिक स्वास्थ्य), सीपीडीएल से एके वर्मा, और अन्य प्रमुख अधिकारी शामिल हुए। विचार-विमर्श के दौरान, इंजीनियरिंग विभाग और नगर निगम दोनों ने सड़क की नालियों को साफ करने, मलबे के बर्म को साफ करने और तूफानी जल नालों, मैनहोल और सुखना चो, पटियाला-की-राव और एन-चो चैनलों को साफ करने के लिए तत्काल शहरव्यापी अभियान पर सहमति व्यक्त की। नगर निगम और प्रशासन की क्षेत्रीय इकाइयों के बीच घनिष्ठ समन्वय पर जोर दिया गया है, ताकि जहां भी जरूरत हो, त्वरित, संयुक्त समाधान प्रदान किया जा सके।

### सीईटी के नियम तक तय नहीं कर पा रही सरकार : हुड्डा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि एक बार फिर हाई कोर्ट के सामने भाजपासरकार की पोल खुल गई है। भर्तियां या सीईटी करवाना तो दूर, इतने साल बाद भी सरकार सीईटी के नियम तक तय नहीं कर पाई है। अब बाकायदा हाई कोर्ट ने नियम तय करने के आदेश दिए हैं। ऐसा ना कर पाने पर कोर्ट ने मुख्यमंत्री या आयोग के अध्यक्ष को पेश होने के सख्त निर्देश दिए हैं। हुड्डा ने कहा कि तीसरी बार सत्ता हथियाने के बाद भाजपा सरकार ने फिर से बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ शुरू कर दिया है।

# वित्त आयोग से वित्तीय आवंटन बढ़ाने की मांग

## आयोग की टीम ने निकायों, पंचायतों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से लिए सुझाव

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

16वें वित्त आयोग की टीम, ने सोमवार को आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में नगर निकायों, त्रिस्तरीय पंचायतों और राजनैतिक दलों के साथ विचार-विमर्श किया। देहरादून के एक स्थानीय होटल में आयोजित इस बैठक में आयोग सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज पांडा, सौम्या कांतिघोष आयोग के सचिव ऋत्विक पांडे, संयुक्त सचिव केके मिश्रा, संयुक्त निदेशक अमरुधावर्षिनी शामिल हुए।



प्रथम सत्र में कुल आठ नगर निकाय प्रमुखों ने आयोग के सामने अपने प्रस्ताव रखे। निकाय प्रमुखों ने उत्तराखंड में तीर्थाटन और पर्यटन गतिविधियों को देखते हुए, पार्किंग, साफ सफाई, सीवरेज जैसे मद में अतिरिक्त वित्तीय सहायता देने की मांग उठाई। मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल ने कहा कि पर्यटन और एजुकेशन हब के कारण देहरादून को अतिरिक्त संसाधनों की जरूरत है। रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा ने कहा कि सिडकुल होने के कारण रुद्रपुर में प्रतिदिन करीब पचास हजार फ्लोटिंग आबादी का आवागमन रहता है। प्रतिदिन निकलने वाले वाले ढाई लाख टन कूड़े के निस्तारण के लिए भी निगम को पर्याप्त सहायता चाहिए। अल्मोड़ा के मेयर अजय वर्मा ने अल्मोड़ा को हैरिटेज शहर के रूप में विकसित करने के लिए सहायता की मांग उठाई।

हरिद्वार मेयर किरण जैसल ने तीर्थाटन को देखते हुए अतिरिक्त बजट की मांग उठाई। मसूरी पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी ने पार्किंग सुविधा विकसित करने और ग्रीन बोनस पर जोर दिया। पौड़ी नगर पालिका अध्यक्ष हिमानी नेगी ने सीवर लाइन की मांग उठाई। बागेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने पहाड़ी क्षेत्रों में निर्माण लागत ज्यादा आने से बजट बढ़ाने की मांग की। (अनंत ज्ञान)

### क्षेत्र के आधार पर मिले पंचायतों को फंड

**त्रिस्तरीय** पंचायत प्रतिनिधियों ने आयोग के सामने बजट आवंटन में क्षेत्रफल को मुख्य आधार बनाने की पैरवी की। जिला पंचायत देहरादून की प्रशासक मधु चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए बजट आवंटन बढ़ाया जाए। पिथौरागढ़ की जिला पंचायत प्रशासक दीपिका बोरा ने कहा कि पंचायतों को कई बार आपदा के चलते आकस्मिक कार्य भी कराने पड़ते हैं। इसके लिए बजट उपलब्ध कराया जाए। जयहरीखाल ब्लॉक के प्रशासक दीपक भंडारी ने कहा कि उनके ब्लॉक में कुछ ग्राम पंचायतों को सालाना साढ़े लाख लाख तक ही बजट मिल पाता है, जो बहुत कम है।

### राजनीतिक दलों ने उठाई ग्रीन बोनस की मांग

**तीसरे** सत्र में भाजपा, कांग्रेस, सीपीआई (एम), आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भाजपा से विधायक विनोद चमोली ने कहा कि उत्तराखंड ने सतत विकास लक्ष्य में शानदार प्रदर्शन किया है, प्रति व्यक्ति आय में भी उत्तराखंड का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से अधिक है। अब राज्य को पलायन रोकने के लिए, टेलीमेडिसिन जैसे माध्यमों को विकसित किए जाने की जरूरत है। इसी तरह गांवों को बचाने के लिए महिला आधारित कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। विधायक चमोली ने कहा कि राज्य में कुछ गांव पलायन से खाली हो चुके हैं, इन गांवों तक सड़क पहुंचाने के लिए भी राज्य को अतिरिक्त संसाधन की जरूरत है। इसी तरह जल जीवन मिशन के तहत प्राकृतिक स्रोतों को बचाने के लिए अतिरिक्त बजट दिया जाए। उन्होंने राज्य को कार्बन क्रेडिट भी दिए जाने की मांग उठाई। धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड देश के पर्यावरण सरंक्षण में विशेष योगदान देता है, इसके लिए राज्य को प्रतिपूर्ति मिलनी चाहिए।

# चंडीगढ़ निगम ने स्मार्ट पार्किंग योजना की ओर बढ़ाया कदम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नगर निगम अपनी आगामी 'स्मार्ट पार्किंग' परियोजना के साथ पार्किंग को परेशानी मुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहा है। आज हुई एक बैठक में, उप-पैनल अध्यक्ष सौरभ जोशी के नेतृत्व में और पार्षद जसविंदर कौर, उमेश घई तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में इस नवोन्मेषी पहल की नींव रखी गई। टीम ने एलांते मॉल का दौरा किया, जहां उन्होंने मौजूदा ऑटोमेटेड पार्किंग सिस्टम और स्मार्ट फीचर्स का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

वहीं रीयल-टाइम पार्किंग की जानकारी अब ब्लॉक के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं। सेंसर और कैमरे मोबाइल ऐप और सड़क किनारे लगे संकेतों के जरिए खाली पार्किंग स्थानों की लाइव जानकारी देंगे। इस परियोजना में एक यूजर-फ्रेंडली मोबाइल ऐप शामिल होगा, जिससे पार्किंग स्थान खोजना, बुक करना और भुगतान करना सब कुछ स्मार्टफोन से किया जा सकेगा।

निगम जल्द ही एक सार्वजनिक निविदा जारी करेगा, जिसमें अनुभवी स्मार्ट पार्किंग कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे।

### कैशलेस सुविधा

**अब** छुट्टे पैसे ढूंढने की झंझट खत्म। भुगतान कार्ड, डिजिटल वॉलेट और यूपीआई के माध्यम से सहज रूप से किया जा सकेगा।

### स्मार्ट मार्गदर्शन

**ऐप** और ऑन-साइट साइनबोर्ड्स खाली पार्किंग स्थान तक टर्न-बाय-टर्न दिशा निर्देश प्रदान करेंगे।

### टिकट की झंझट नहीं

**लाइसेंस** प्लेट पहचान तकनीक से पार्किंग स्थल में ऑटोमैटिक प्रवेश और निकास संभव होगा। वहीं स्वचालित मल्टी-लेवल पार्किंग सिस्टम वाहनों को कुशलतापूर्वक व्यवस्थित करेगा, जिससे पार्किंग क्षमता बढ़ेगी।

### डायनामिक मूल्य निर्धारण

**पार्किंग** शुल्क मांग और समय जैसे कारकों के आधार पर समायोजित किया जा सकता है। वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट्स, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी निगरानी, और सार्वजनिक परिवहन टिकटिंग से संभावित एकीकरण जैसी सेवाएं भी शामिल होंगी।

# लोकसभा टिकट दिलवाने के नाम पर 63 लाख की धोखाधड़ी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




हांसी शहर थाना पुलिस ने लोकसभा चुनाव में टिकट दिलवाने के नाम पर 63 लाख 88 हजार रुपए की धोखाधड़ी के मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नई दिल्ली के राजौरी नगर निवासी कपिल व गुरुग्राम की दयाल मार्केट निवासी स्नेहआशिष के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों ने हांसी की न्यू सुभाष नगर कालोनी निवासी प्रवीन गोदारा को 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी टिकट दिलवाने के नाम पर फरवरी 2024 में 63 लाख 88 हजार रुपए की धोखाधड़ी की थी। उसके बाद दोनों आरोपियों ने मामला दर्ज होने के डर से शिकायतकर्ता के खाते में 26 लाख रुपए वापिस डलवा दिए। शहर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों को छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। रिमांड के दौरान पूछताछ करते हुए पुलिस धोखाधड़ी कर लिए गए रुपए बरामद करने का प्रयास करेगी।

# सीएम सैनी ने बुलाई विधायक दल की बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर पार्टी विधायकों की एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में मुख्यमंत्री पार्टी विधायकों से वन-टू-वन संवाद करेंगे और उनके हलकों की समस्याओं के साथ-साथ पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक की सूचना सोमवार को सभी विधायकों को भेज दी गई है।

दरअसल, मंगलवार व बुधवार को विधानसभा की विभिन्न कमेटियों की बैठकें होती हैं। ऐसे में अधिकांश विधायक इन दो दिनों के दौरान चंडीगढ़ ही रहते हैं। मुख्यमंत्री भी सरकार व संगठन के कार्यों की वजह से काफी दिनों से व्यस्त चल रहे थे।

# मनीमाजरा मोटर मैकेनिकों की आवाज बनी कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



आज सोमवार को मनीमाजरा मोटर मार्केट में नगर निगम द्वारा मैकेनिकों की लोहे की पेटियों को जब्त किए जाने के विरोध में सैकड़ों मैकेनिक एकत्रित हुए और प्रशासन व नगर निगम के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया।

इस मौके पर चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह ढिल्लो, पूर्व मेयर गुरचरण दास काला, पार्षद दर्शना रानी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गाबा, केआर महाजन, फतेह सिंह, शाम सिंह, बुआ सिंह, एसएस परवाना, अभिजीत सैनी समेत कई कांग्रेस नेता मौके पर पहुंचे और मैकेनिकों की आवाज को बुलंद किया। मैकेनिकों का प्रतिनिधित्व कर रहे अशोक कुमार डैनी ने कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की को बताया, मनीमाजरा मोटर मार्केट की पार्किंग स्थलों में करीब 2500 मैकेनिक काम करते हैं, जो लोहे की पेटियों में औजार रखकर गाड़ियों की मरम्मत करते हैं। नगर निगम ने हाल ही में कार्रवाई करते हुए करीब 150 पेटियां जब्त कर लीं, जिससे मैकेनिकों में भारी आक्रोश है। एचएस लक्की ने कहा कि सरकार एक तरफ कहती है कि वह युवाओं को दो करोड़ नौकरियां देगी और दूसरी तरफ जो लोग अपनी मेहनत से अपनी रोटी कमा रहे हैं, उन्हें तंग किया जा रहा है।

मोटर मार्केट है, यहां मैकेनिक नहीं बैठेंगे तो फिर कहां जाएंगे? आप लोग तपती धूप में, सर्द हवाओं में, हर मौसम में मेहनत करते हैं, लोगों की गाड़ियां, ट्रक ठीक करते हैं। यह मेहनत सम्मान की हकदार है, सजा के नहीं। अध्यक्ष लक्की ने कहा कि हम इस मुद्दे को नगर निगम में पूरी ताकत से उठाएंगे और आज ही निगम कमिश्नर से मिलकर बात करेंगे। आपकी पेटियां वापस दिलाई जाएंगी।

### पुणे में फर्जी एयरफोर्स ऑफिसर गिरफ्तार



**एजेंसी, पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में फर्जी एयरफोर्स ऑफिसर को अरेस्ट किया गया है। आरोपी का नाम गौरव कुमार है। उसके पास से एयरफोर्स की टी शर्ट, कॉम्बैट पैंट, शूज, बैजेस बरामद किए गए। आरोपी यूपी का रहने वाला है। पुलिस को आरोपी की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर रविवार रात को दक्षिणी कमान की सैन्य खुफिया इकाई और खड़की पुलिस स्टेशन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। रविवार देर आरोपी को खराड़ी इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गौरव कुमार पुणे में एक होटल में काम करता था और सोशल मीडिया पर खुद को भारतीय वायु सेना का अधिकारी बताकर रौब जमाता था। (अनंत ज्ञान)

### नीरव मोदी की जमानत याचिका खारिज



**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में एक अरब डॉलर के घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी को जमानत देने से इनकार कर दिया। 2019 में हिरासत में लिए जाने के बाद यह 10वीं बार है, जबकि उनकी जमानत याचिका खारिज हुई है। वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने एक बार फिर नीरव मोदी को जमानत देने से इनकार कर दिया। नीरव मोदी पीएनबी के 1 अरब डॉलर के घोटाले के मामले में मास्टरमाइंड है। यह फैसला 15 मई 2025 को उसकी चौथी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान लिया गया। (अनंत ज्ञान)

### सांसदों के डेलिगेशन से युसूफ पठान भी बाहर



**एजेंसी, कोलकाता।** ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का स्टैंड बताने के लिए भारत सरकार ने 7 प्रतिनिधिमंडल बनाए हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस, एनसीपी-एसपी, डीएमके के विपक्ष के नेताओं को भी शामिल किया गया है। तृणमूल कांग्रेस ने अपने सांसद यूसुफ पठान इस डेलिगेशन से बाहर रखने का फैसला किया है। टीएमसी नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने स्वास्थ्य कारणों से इसमें भाग लेने से मना कर चुके हैं। टीएमसी के एक बड़े नेता ने रविवार को कहा कि विदेश नीति केंद्र सरकार का काम है इसलिए इसकी पूरी जिम्मेदारी भी उसी की होनी चाहिए। टीएमसी नेता ने पीटीआई को बताया कि विदेश नीति पूरी तरह से केंद्र सरकार का मामला है। हमारी विदेश नीति क्या होगी, यह फैसला सिर्फ केंद्र सरकार को ही करने दीजिए और इसकी पूरी जिम्मेदारी भी वही ले। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# कांग्रेस बोली-भाजपा ने सिंदूर का सौदा किया

## जयशंकर ने हमले से पहले पाकिस्तान को दी थी ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आखिरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार और कांग्रेस में तकरार छिड़ ही गई। इस तकरार की वजह विदेश मंत्री एस. जयशंकर का बयान है, जिसके जरिए कांग्रेस बीजेपी को लगातार निशाना बना रही है। सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस मुद्दे पर केंद्र की बीजेपी सरकार को घेरा है। पवन खेड़ा ने कहा कि विदेश मंत्री ने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी पाकिस्तान को दी थी। राहुल गांधी ने आज भी सवाल पूछा है, कुछ दिन पहले भी पूछा था। ट्रंप ने व्यापार की धमकी देकर युद्ध रोक दिया।



यह बहुत गंभीर मामला है। सिंदूर का सौदा होता रहा और पीएम मोदी चुप रहे। न तो वह अमेरिका पर मुंह खोलते हैं और न ही चीन पर उनके पास आपका कौन सा राज है? वहीं, राहुल गांधी ने एक बार फिर पाकिस्तान को हमले की जानकारी देने पर सवाल उठाए हैं।

पवन खेड़ा ने इस दौरान सवालों की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को क्यों बताया? क्या इसे कूटनीति कहते हैं? यह जासूसी है, यह देशद्रोह है, यह अपराध है। आपने कहा कि हमने पाकिस्तान को सूचना दी। उन्होंने कहा कि क्या इसी जासूसी की वजह से मसूद अजहर और हाफिज सईद भागे? आपने उन्हें क्यों बचाया? आपने मसूद अजहर को दूसरी बार बचाया, आपने पहले कंधार में उसे बचाया था। बयान के बाद आपने आतंकी ठिकानों को खाली कराया या नहीं? कितने आतंकी भागे, कितने मारे गए? (अनंत ज्ञान)

### विदेश मंत्रालय ने किया आरोपों का खंडन

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर के ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े बयान पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी की प्रतिक्रिया के मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व पवन खेड़ा की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर के खिलाफ लगाए गए उन आरोपों का खंडन किया कि सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होने से पहले 'पाकिस्तान को सूचित किया'। विदेश मंत्रालय के एक्सपी डिवीजन के अनुसार, जयशंकर ने कहा था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद शुरुआती चरण में ही पाकिस्तान को चेतावनी दे दी थी। विदेश मंत्रालय के एक्सपी डिवीजन ने कहा, 'विदेश मंत्री ने कहा था कि हमने पाकिस्तान को शुरुआत में ही चेतावनी दे दी थी, जो स्पष्ट रूप से ऑपरेशन सिंदूर के शुरू होने के बाद का प्रारंभिक चरण है। इसे गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है।

# एमनेस्टी इंटरनेशनल पर रूस ने लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी, मॉस्को**

रूस ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संगठन को रूस ने अवांछित संगठन घोषित किया है। अब संगठन को रूस में अपने काम बंद करने होंगे। साथ ही रूस में कोई भी अगर संगठन का सहयोग या समर्थन करेगा तो उस पर मुकदमा चलेगा।




रूसी अधिकारियों ने बताया कि एमनेस्टी इंटरनेशनल को अवांछित संगठन घोषित कर दिया गया है। 2015 के कानून के तहत ऐसे संगठनों के साथ संबंध रखना अपराध होगा। रूसी अभियोजक जनरल के कार्यालय ने इस फैसले की घोषणा की। यह फैसला रूस के आलोचकों, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं पर लगातार की जा रही कार्रवाई की दिशा में नया कदम है। संगठन का समर्थन करना अब मुश्किल होगा। (अनंत ज्ञान)

**मानवाधिकार संगठन का समर्थन करने वालों पर चलेगा मुकदमा**

### वैश्विक मानवाधिकार संगठन है एमनेस्टी इंटरनेशनल

**एमनेस्टी** इंटरनेशनल एक वैश्विक मानवाधिकार संगठन है, जो मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए शोध और कार्रवाई करता है। इसका मुख्यालय लंदन में है। यह मानवाधिकार रक्षकों के लिए समर्थन और वकालत के जरिए मानवाधिकारों को बढ़ावा देने का काम करता है। हाल ही में एमनेस्टी ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें यूक्रेन पर रूस के हमलों की आलोचना की गई थी। रिपोर्ट में रूस पर मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप लगाया गया है।

# सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाकर घिरे ध्रुव राठी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रसिद्ध यूट्यूबर ध्रुव राठी सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाकर विवादों में घिर गए हैं। राठी ने एक 'द राइज ऑफ सिख' शीर्षक से एक एआई वीडियो जारी किया है। इसमें सिख योद्धाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के वीडियो की कड़ी निंदा की है। बवाल के बाद यूट्यूबर ध्रुव राठी ने अपने चैनल से वीडियो को हटा लिया।

**एसजीपीसी ने जताई आपत्ति**



# पाक आर्मी बोली-भारत के आगे नहीं झुकेंगे

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान, कभी भी भारत के आगे नहीं झुकेगा। उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका या इजराइल नहीं है और पाकिस्तान, अफगानिस्तान या फिलिस्तीन नहीं है। अनादोलु एजेंसी को दिए इंटरव्यू में सेना के प्रवक्ता ने दावा किया कि सीजफायर की अपील पहले भारत ने की थी, इसके बाद ही वे इसके लिए राजी हुए। प्रवक्ता चौधरी ने भारत को चेतावनी दी है कि अगर उसने पाकिस्तान की जल आपूर्ति रोकने की कोशिश की, तो भारत को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे, जो दशकों तक महसूस किए जाएंगे। पाकिस्तान इस मामले में बहुत स्पष्ट है और इस पर सेना को कुछ और कहने की जरूरत नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### स्पार्टा में स्थापित की हनुमान की मूर्ति

**जॉर्जटाउन।** गुयाना के स्पार्टा में एस्सेक्विबो तट पर रविवार को सीता राम राधे श्याम मंदिर में भगवान हनुमान की 16 फीट की मूर्ति स्थापित की गई। भारतीय दूतावास ने मूर्ति को 'विश्वास, मित्रता और दृढ़ संकल्प' का प्रतीक बताया है। दूतावास ने कहा कि भगवान हनुमान की मूर्ति को सुकलाल परिवार ने भारत से आयात किया है और अपने माता-पिता की याद में स्थापित किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मूर्ति के अनावरण से पहले शुक्रवार को तीन दिवसीय यज्ञ शुरू किया गया, जिसके बाद भक्तों की भारी भीड़ के सामने मूर्ति का अनावरण किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। (अनंत ज्ञान)

## सुस्ती

## हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार में गिरावट, निफ्टी 74 अंक लुढ़का

# सेंसेक्स 271 अंक गिरकर 82,059 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार, 19 मई को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 271 अंक गिरकर 82,059 पर बंद हुआ। निफ्टी में 74 अंक की गिरावट रही, यह 24,945 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में गिरावट रही। जोमैटो 3 प्रतिशत फिसला। इंफोसिस, टेक महिंद्रा और CS में 2 प्रतिशत तक की गिरावट रही। पावर ग्रिड, NTPC और बजाज फाइनेंस 1.3 प्रतिशत ऊपर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 नीचे बंद हुए। NSE के IT सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.37 प्रतिशत की गिरावट रही। मीडिया और ऑयल एंड गैस में भी मामूली गिरावट रही, जबकि रियल्टी में 2.23 प्रतिशत, सरकारी बैंकों में 1.48



प्रतिशत और फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.62 प्रतिशत की तेजी रही।

पैन बनाने वाली आई सर्विस कंपनी प्रोटिअन ई-गवर्नेंस टेक्नोलॉजीज के शेयर में आज 20 प्रतिशत का लोअर-सर्किट लग गया। क्योंकि पिछले हफ्ते इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने PAN 2.0 प्रोजेक्ट के लिए कंपनी का आवेदन रिजेक्ट कर दिया था। आज कंपनी का शेयर 1,143 रुपए पर ओपन हुआ। (अनंत ज्ञान)

### एशियाई बाजार गिरे अमेरिका में तेजी

**एशियाई** बाजारों में जापान का निक्केई 255 अंक (0.68 प्रतिशत) नीचे 37,499 पर और कोरिया का कोस्पी 23 अंक (0.9 प्रतिशत) गिरकर 2,603 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स में मामूली गिरावट रही ये 23,333 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट फ्लैट 3,367 पर बंद हुआ। 16 मई को अमेरिका का डाउ जोन्स 332 अंक (0.78 प्रतिशत) चढ़कर 42,655 पर बंद हुआ। नैस्डैक कंपोजिट में 99 अंक की तेजी रही, ये 19,211 पर बंद हुआ।

### सोना 93785, चांदी 95755 रुपए किलो

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 19 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,484 रुपए बढ़कर 93,785 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 92,301 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 1,149 रुपए बढ़कर 95,755 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 94,606 रुपए प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।



# इसराइल ने हमास के खिलाफ शुरू किया ऑपरेशन 'गिदोन चैरिएट्स'

**एजेंसी, तेल अवीव**

हमास के खिलाफ इसराइल का अभियान लगातार जारी है। अब इसराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के खिलाफ अपना नया ऑपरेशन 'गिदोन चैरिएट्स' शुरू किया है। आईडीएफ प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने एक वीडियो संदेश में नए ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई। लेफ्टिनेंट कर्नल शोशनी ने बताया कि आईडीएफ ने उत्तरी और दक्षिणी गाजा में ऑपरेशन को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि सात अक्तूबर के नरसंहार के बाद हमारा मिशन स्पष्ट है। हमारे बंधकों को वापस घर लाना और हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को नष्ट करना। पिछले सप्ताह इसराइली वायु सेना ने हमास के 670 से ज्यादा ठिकानों, सुरंगों, हथियार स्थलों, टैंक रोधी इकाइयों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि इसराइली सैनिक अब गाजा में खतरों को खत्म करने, आतंकी ढांचे को नष्ट करने और प्रमुख क्षेत्रों पर नियंत्रण करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे मिशन के चार उद्देश्य हैं। पहला असंबद्ध नागरिकों को पहले से चेतावनी देना ताकि वह खतरे से दूर रहें।

दूसरा युद्ध क्षेत्र पर नियंत्रण, तीसरा इसराइली नागरिकों की सुरक्षा करना और चौथा हमास के नेतृत्व और क्षमताओं को खत्म करना। कर्नल शोशनी ने कहा कि हमास के तमाम लड़ाकों को पहले ही मार गिराया जा चुका है। वायुसेना लगातार सटीक हमला कर रही है। उन्होंने बताया कि यह रातोरात समाप्त नहीं होगा, लेकिन हम तब तक लड़ेंगे जब तक हमास का खतरा खत्म नहीं हो जाता और हमारे बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता, मिशन जारी रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### अंडर-19 क्रिकेट टीम में देश का प्रतिनिधित्व करेगा कनिष्क चौहान

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बेनीवाल ने बताया कि सिरसा का युवा क्रिकेटर कनिष्क चौहान अंडर-19 क्रिकेट टीम में इंग्लेंड में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। डॉ. वेद बैनीवाल सोमवार को सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले शाह सतनाम जी क्रिकेट अकादमी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिरसा का यह उभरता सितारा क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण और सामर्थ्य से भारत की अंडर-19 क्रिकेट का हिस्सा बना है जो न केवल सिरसा बल्कि समूचे हरियाणा के लिए गौरव का विषय है। डॉ. बेनीवाल ने इस मौके पर हाल ही में अंडर-19 की विजेता बनी सिरसा की टीम और अंडर-23 की फाइनल तक पहुंची क्रिकेट टीम को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। डॉ. वेद बेनीवाल ने कहा कि वे अनुभव से कहते हैं कि कनिष्क चौहान में क्रिकेट की जो भूख है, उसके चलते वह एक दिन सीनियर भारतीय क्रिकेट में भी अपना स्थान बनाएंगे। इससे पूर्व चयनकर्ता हितेश ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि क्रिकेटर्स को उनका असली मंच वे खुद अपनी प्रतिभा से दे सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### डच लेडीज ओपन में दीक्षा संयुक्त नौवें, हिताषी संयुक्त 12वें स्थान पर



**एजेंसी, हिल्वरसम (नीदरलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अंतिम दौर में 71 के स्कोर से यहां लेडीज यूरोपीय टूर के डच लेडीज ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर रहीं। शुरुआती दो दौर में 71 और 70 का स्कोर बनाने वाली दीक्षा का कुल स्कोर चार अंडर 212 रहा। अन्य भारतीयों में युवा हिताषी बक्शी (71, 73 और 69) संयुक्त रूप से 12वें जबकि अवनी प्रशांत (77, 70 और 67) संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहीं। इंग्लैंड की मिमी रोड्स ने दो शॉट की बढ़त के साथ लेडीज यूरोपीय टूर पर अपना तीसरा खिताब जीता। इससे पहले त्वेसा मलिक (74 और 75) कट से चूक गई थी जबकि प्रणवी उर्स ने चिकित्सा कारणों से पहले दौर के बाद हटने का फैसला किया।(अनंत ज्ञान)

### एएसआईपी ने की भारत में खेल स्टार्टअप के लिए नई पहल की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एसोसिएशन फोर स्पोर्ट्स इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स (एएसआईपी) ने भारत में खेल स्टार्टअप के लिए नीति वकालत पहल की घोषणा की है जिसमें आईएमटी गाजियाबाद उसका भागीदार होगा। एएसआईपी भारत के खेल स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में अहम कमियों को दूर करने के लिए अपने नीति वकालत के प्रयासों को आगे बढ़ा रहा है। नवाचार और विकास को आगे बढ़ाने में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए एएसआईपी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वह इस क्षेत्र में उद्यमिता, निवेश और 'स्केलेबिलिटी' का समर्थन करने के लिए एक व्यापक नीति ढांचा विकसित कर रहा है।(अनंत ज्ञान)

### एंड्रिया बोटेज का खूबसूरत अंदाज

**कनाडा।** एंड्रिया बोटेज एक कनाडाई शतरंज खिलाड़ी, कंटेंट क्रिएटर, डीजे और ट्विच स्ट्रीमर हैं। वह चैंपियन शतरंज खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा बोटेज की बहन भी हैं।



### मेस्सी की अगुवाई वाली टीम इस साल अक्तूबर में खेलेगी दोस्ताना मैच

**एजेंसी, कोट्टायम (केरल)।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने सोमवार को कहा कि दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की पूर्व निर्धारित राज्य की यात्रा के बारे में कोई संदेह नहीं है। इससे उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों को खारिज किया। अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार और उनकी टीम के इस साल अक्तूबर या नवंबर में राज्य में मैच खेलने की उम्मीद है। मौजूदा अटकलों को खारिज करते हुए खेल मंत्री ने जोर देकर कहा कि मेस्सी की यात्रा के बारे में 'संदेह की कोई गुंजाइश नहीं' होनी चाहिए। यहां संवाददाताओं से बात करते हुए अब्दुरहीमान ने प्रस्तावित कार्यक्रम से जुड़ी मौजूदा बहस को 'अनावश्यक चर्चा' करार दिया और जनता से विवादों को जन्म नहीं देने का आग्रह किया। अब्दुरहीमान ने कहा, ''किसी भी संदेह के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। सोशल मीडिया अनावश्यक विवादों से भरा पड़ा है। मेस्सी जैसे दिग्गज की यात्रा हमारे लिए गर्व की बात है। वह और उनकी टीम यहां आएगी अक्टूबर में या फिर नवंबर में।'' शनिवार को अब्दुरहीमान ने अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के राज्य का दौरा करने से 'पीछे हटने' के बारे में मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया था और कहा था कि मेस्सी की अगुवाई वाली टीम इस साल अक्टूबर में यहां एक दोस्ताना मैच खेलेगी। उन्होंने कहा था कि अर्जेन्टीना की फुटबॉल टीम सरकार की घोषणा के अनुसार राज्य में आएगी क्योंकि प्रायोजक रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) के साथ अपने अनुबंध के अनुसार प्रायोजन राशि का भुगतान करेगी।(अनंत ज्ञान)

**आईपीएल** राजस्थान रॉयल्स के लिए 2025 सत्र का आखिरी मैच

# प्रतिष्ठा बचाने के लिए भिड़ेंगे सुपरकिंग्स और रॉयल्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकीं और अंतिम दो स्थान पर चल रही चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग में आपस में भिड़ेंगी जो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपनी प्रतिष्ठा बचाने पर टिकी होंगी। मंगलवार का मैच रॉयल्स के लिए 2025 सत्र का आखिरी मैच है। टीम के पास इस सत्र में वैभव सूर्यवंशी के रूप में असाधारण प्रतिभा खोजने के अलावा दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है।

नीलामी में खराब गेंदबाजी विकल्प चुनने का जयपुर की टीम को सबसे अधिक नुकसान हुआ है और इसके अलावा उसके मध्य क्रम का प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। रॉयल्स की टीम अगर 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर हैं तो इसका मुख्य कारण उनके गेंदबाजों का औसत प्रदर्शन और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता है। जोस बटलर को टीम से जाने देने और जोफ्रा आर्चर के खराब प्रदर्शन के कारण रॉयल्स के सामने कई चुनौतियां रहीं। विपक्षी टीम को दबाव में डालने की क्षमता रखने वाले एक अच्छे भारतीय गेंदबाज की कमी भी टीम की बड़ी कमजोरी रही है। अगर मुंबई इंडियंस की टीम वापसी करने में सफल रही तो इसकी सबसे बड़ी वजह स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट थे। अगर गुजरात टाइटंस की स्थिति मजबूत है तो इसकी वजह मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा हैं जिन्होंने मिलकर 30 से अधिक विकेट लिए हैं। रॉयल्स की टीम के साथ मौजूदा सत्र में ऐसा देखने को नहीं मिला। उन्होंने बल्लेबाजी में कुछ शानदार शुरुआत की जैसे कि रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ जब उन्होंने शुरुआती पांच ओवर में 70 से अधिक रन बनाए लेकिन टीम फिर भी मैच हार गई। चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और परखे हुए खिलाड़ियों को शामिल करने का उसका पुराना फार्मूला मौजूदा सत्र में पूरी तरह से विफल रहा जिससे टीम का प्रदर्शन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सुपरकिंग्स को राहुल त्रिपाठी और दीपक हुड्डा से बहुत ज्यादा उम्मीदें थी। भारत के लिए खेलने के अनुभव ने उन्हें फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध दिलाया होगा लेकिन वे दबाव की स्थिति में लगातार मैच जीतने वाला प्रदर्शन नहीं कर पाए। आयुष म्हात्रे, शेख रशीद और उर्विल पटेल जैसे युवा खिलाड़ियों के आने से टीम के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीस वर्षीय म्हात्रे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शतक लगाने के करीब पहुंचे और सनराइजर्स हैदराबाद तथा मुंबई इंडियन्स के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया। पटेल देर से टीम में शामिल हुए लेकिन उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तेजतर्रार पारी खेलकर अपनी क्षमता दिखाई।

कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के टूर्नामेंट से बाहर होने से टीम की मुश्किलें और बढ़ गईं। कई लोगों को उम्मीद थी कि धोनी के कप्तान के रूप में वापस आने से टीम की किस्मत बदल जाएगी लेकिन इतने सीमित संसाधनों के साथ वह भी कुछ खास नहीं कर सके। डेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र जैसे विदेशी खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें थीं लेकिन सुपरकिंग्स के लिए कुछ भी काम नहीं आया। सुपरकिंग्स को अगली नीलामी के दौरान अपना बल्लेबाजी संयोजन बेहतर करना होगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7 : 30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रविंद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, सी आंद्रे सिद्दार्थ और वंश बेदी।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), अशोक शर्मा, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, फजलहक फारूकी, वानिंदु हसरंगा, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, रियान पराग, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कुणाल सिंह राठौड़, वैभव सूर्यवंशी, महेश तीक्षणा, युद्धवीर सिंह।

## मिचेल मार्श की फिफ्टी से लखनऊ मजबूत



**एजेंसी, हैदराबाद**

आईपीएच 2025 का 61वां मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच इकाना स्टेडियम में खेला गया। हैदराबाद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन यह उसके लिए ज्यादा फायदेमंद साबित नहीं हुआ।

हैदराबाद को बहुत देर बाद विकेट मिलने शुरू हुए। हैदराबाद की टीम में दो बदलाव हुए हैं। ट्रैविस हेड को कोराना हो गया है। जबकि जयदेव उनादकट निजी कारणों से यह मैच नहीं खेल रहे हैं। हर्ष दुबे और ईशान मलिंगा को मौका मिला है। हैदराबाद ने पहले मार्श को जीवनदान दिया और उसके बाद मार्करम को। लखनऊ ने 11वें ओवर में पहला विकेट गंवाया। मिचेल मार्श पूरे रंग में दिखे। उन्होंने 28 बॉल पर हाफ सेंचुरी लगाई। यह मिचेल मार्श की मौजूदा सीजन में 5वीं फिफ्टी है। हालांकि मिचेल मार्श बाद में 65 रन बनाकर आउट हो गए।

उन्हें डेब्यू मैच खेल रहे हर्ष दुबे ने ईशान मलिंगा के हाथों कैच कराया। हर्ष ने शतकीय साझेदारी तोड़ी। यह उनका पहला आईपीएल विकेट है। इसके बाद ऋषव पंत 5 रन बनाकर आउट हो गए। लखनऊ ने 14 ओवर में दो विकेट पर 138 रन बना लिए थे। ऐडन मार्करम 52 और निकोलस पूरन 10 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे।

## हैमस्ट्रिंग की चोट से निपटने के लिए स्टोक्स ने छोड़ी शराब

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एशेज शृंखला के लिए तैयार होने के प्रयास में अपने पैर की मांसपेशियों की चोट के रिहैबिलिटेशन के दौरान शराब पीना छोड़ दिया है। इस दिग्गज क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि इससे उनकी चोट से जल्द उबरने में मदद मिलेगी।

तैंतीस वर्षीय स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद दिसंबर में अपने बाएं पैर की मांसपेशियों की सर्जरी करवाई थी जिसके कारण वह लंबे समय तक खेल से बाहर हो गए थे। स्टोक्स ने 'अनटैप्ड पॉडकास्ट' पर कहा, ''अपनी पहली बड़ी चोट के बाद मुझे उसका सदमा याद है और तब मैं सोच रहा था कि यह कैसे हुआ?'' उन्होंने कहा, ''(मैंने सोचा) 'हमने चार या पांच रात पहले थोड़ी शराब पी थी, क्या इसका कोई असर हो सकता है?' इससे कोई मदद नहीं मिलती।'' स्टोक्स को पिछले साल हंड्रेड टूर्नामेंट में मांसपेशियों में चोट लगी थी और न्यूजीलैंड के टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए। (अनंत ज्ञान)

## खेलो इंडिया बीच गेम्स की दीव में शुरुआत, 1000 से अधिक एथलीट लेंगे भाग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



12 दिनों तक पटना में आयोजित यूथ गेम्स के सफल समापन के बाद अब खेलो इंडिया का कारवां दीव पहुंच चुका है, जहां सोमवार से घोघला बीच पर पहली बार खेलो इंडिया बीच गेम्स की शुरुआत हुई है।

इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए 1000 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बीच गेम्स में छह प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में मेडल दांव पर होंगे–बीच सॉकर, बीच वॉलीबॉल, सेपक टकरा, बीच कबड्डी, पेंचक सिलाट और ओपन वॉटर स्वीमिंग। टग ऑफ वॉर और मल्लखंब को प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### पहले दिन गोवा का विजयी अभियान शुरू



**खेलो** इंडिया बीच गेम्स 2025 (केआईबीजी) के पहले संस्करण की शुरुआत सोमवार को दीव के घोघला बीच पर हुई। इस दिन बीच सॉकर मुख्य आकर्षण रहा। अरब सागर की चमकती लहरों के बीच गोवा और राजस्थान ने लड़कों के दिन का पहला मैच खेला। हालांकि, परिणाम एकतरफा रहा। बीच गेम्स में माहिर गोवा ने 13-9 से जीत के साथ अपना विजयी अभियान शुरू किया। राजस्थान टीम के मैनेजर हरिओम ने केआईबीजी की अगुवाई में अपनी टीम के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात करी। एक गैर-तटीय राज्य के लिए तट पर खेलना हमेशा से मुश्किल रहा है। हम राजस्थान में खेल के कृत्रिम मैदान पर अभ्यास करते हैं, लेकिन यह रेत उस रेत से बहुत अलग है जिसका अभ्यास उपयोग करते हैं।

## टेस्ट कप्तानी में गिल की योग्यता का आकलन करना अभी जल्दबाजी : आशीष

**एजेंसी, नई दिल्ली**



गुजरात टाइटंस के सहायक कोच आशीष कपूर का मानना है कि शुभमन गिल एक 'सोच–समझकर खेलने वाले क्रिकेटर' हैं, लेकिन यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि अगर उन्हें भारतीय टीम की कमान सौंपी जाती है तो वह टेस्ट प्रारूप में अपनी टी20 कप्तानी की सफलता को दोहरा पाएंगे या नहीं। मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस को अपनी कप्तानी में आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचाने वाले गिल को रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बाद टेस्ट क्रिकेट में उनके संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है।

रविवार रात मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कपूर ने कहा, ''अगर आप शुभमन को बल्लेबाज या मूल रूप से क्रिकेटर के तौर पर देखते हैं, वह सोच–समझकार काम करने वाला है या नहीं, मुझे लगता है कि वह अपने खेल के बारे में काफी सोच–समझकर काम करता है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने उसे अंडर–16 के दिनों से देखा है। असल में मैंने उसके साथ एनसीए में दो शिविर किए हैं। उस समय भी उसने अपनी उम्र के कई अन्य खिलाड़ियों की तुलना में अपने दिमाग का बहुत अधिक उपयोग किया। और यह एक कप्तान के लिए एक महत्वपूर्ण गुण है – उसे ना केवल अपने लिए बल्कि दस अन्य खिलाड़ियों के लिए भी सोचना है और मैच जीतने की योजना बनाना है।''

भारत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला की शुरुआत करने को तैयार है और इस सप्ताह नए टेस्ट कप्तान की घोषणा होने की उम्मीद है। यह पूछे जाने पर कि अगर अवसर दिया जाता है तो गिल लाल गेंद के कप्तान के रूप में कैसा प्रदर्शन कर सकते हैं, कपूर ने कहा कि सीमित अनुभव के आधार पर नेतृत्व क्षमताओं का आकलन करना मुश्किल है।

भारत के इस पूर्व स्पिनर ने कहा, ''मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं। हम उन्हें टी20 क्रिकेट में नेतृत्व करते हुए देख रहे हैं, लेकिन जब धोनी को विश्व कप (2007 में) के लिए कप्तान बनाया गया था तब उन्होंने कहीं भी कप्तानी नहीं की थी। तब किसी को नहीं पता था कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक बन जाएगा।''

कपूर ने कहा, ''अगर आप उस समय किसी से पूछते – यहां तक कि खुद धोनी से भी – कि वह अपनी कप्तानी के बारे में क्या सोचते हैं, तो कोई जवाब नहीं मिलता। (अनंत ज्ञान)

## आरसीबी ने ब्लेसिंग मुजरबानी को टीम में किया शामिल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने खिलाड़ियों के विकल्प के तौर पर क्रमशः शिवम शुक्ला और ब्लेसिंग मुजरबानी को चुना है। पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके नाइटराइडर्स ने शेष मुकाबलों के लिए रोवमैन पावेल की जगह शुक्ला को टीम में शामिल किया है। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर पावेल को अपने टॉन्सिल की सर्जरी करानी है। लेग स्पिनर शुक्ला घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश के लिए खेलते हैं और 30 लाख में नाइट राइडर्स से जुड़ेंगे। इस बीच आरसीबी ने लुंगी एनगिडी की जगह मुजरबानी को चुना है। एनगिडी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण दक्षिण अफ्रीकी टीम में शामिल हो गए हैं।

जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज मुजरबानी ने अब तक 70 टी20 मैच खेले हैं और 78 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने 12 टेस्ट और 55 एकदिवसीय मुकाबलों में भी जिम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व किया है। वह 75 लाख रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

## नीरज अब अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने को तैयार : नारंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि 90 मीटर की 'मानसिक बाधा' को पार करने के बाद सुपरस्टार नीरज चोपड़ा अब अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे जिससे कि वह ऐसे कार्य कर सकें जिन्हें पहले उनकी पहुंच से बाहर माना जाता था। नीरज ने शुक्रवार को दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास से 90 या इससे अधिक दूरी तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की एलीट सूची में जगह बनाई।

नारंग ने 'पीटीआई वीडियोज' से कहा, ''अब वह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं।'' उन्होंने कहा, ''एक सीमा, वह मानसिक बाधा जो शायद कुछ समय से उनके दिमाग में चल रही थी, अब टूट गई है।'' आगामी विश्व चैंपियनशिप जैसी प्रमुख प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे दोहरे ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने कहा कि वह दो साल पहले जीते गए खिताब का बचाव करना चाहेंगे।

नीरज हालांकि दोहा में जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे जिन्होंने 91.06 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। नारंग ने इस उपलब्धि को भारतीय एथलेटिक्स के लिए बेहद शानदार बताया और इसके व्यापक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''यह केवल दूरी के बारे में नहीं है। यह भारतीय खेल के लिए क्या संभव है इसे फिर से परिभाषित करने के बारे में है, विशेषकर वैश्विक मंच पर।''

नारंग ने कहा, ''यह उनके लिए सत्र की पहली प्रतियोगिता है। कई और प्रतियोगिताएं होने वाली हैं। इसलिए उस बाधा को तोड़ना महत्वपूर्ण है, मुझे लगता है कि सही समय पर सही स्कोर प्राप्त करना महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि इस उपलब्धि को आगे बढ़ाने के लिए नीरज के लिए यह आत्मविश्वास बेहद महत्वपूर्ण है।

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के मिशन प्रमुख के रूप में काम करने वाले नारंग ने निशानेबाजी में अपने अनुभव से तुलना की जहां 600 में से 600 अंक के स्कोर का पीछा करना एक मानसिक और शारीरिक चुनौती होती है।

नीरज भले ही भारतीय एथलेटिक्स में नए मानक स्थापित करना जारी रखे हुए हैं लेकिन इस 27 वर्षीय खिलाड़ी और उनके अन्य हमवतन के बीच बढ़ती खाई चिंता का विषय बन रही है। हालांकि नारंग ने ऐसी चिंताओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, ''हम लंबे समय से एक लीग के बारे में सोच रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**उम्मीद** सिंधू और प्रणय दोनों ही खराब फॉर्म और फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे

# सिंधू, प्रणय की नजरें मलेशिया मास्टर्स में बेहतर प्रदर्शन पर

**एजेंसी, कुआलालंपुर**



स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 4,75,000 डॉलर इनामी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में जब देश की अगुआई करेंगे तो उन्हें बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सिंधू और प्रणय दोनों ही पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म और फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं। दोनों ने पिछले महीने सुदीरमन कप में इंडोनेशिया और डेनमार्क के खिलाफ अपने-अपने मैच गंवाए थे जो उनका पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट था। दो सप्ताह के ब्रेक के बाद इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों की नजरें एक्सियाटा एरेना में लय हासिल करने पर टिकी होंगी।

विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अपने अभियान की शुरुआत जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ करेंगी जो विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर हैं। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर खिसक चुके प्रणय को पहले दौर में जापान के पांचवें वरीय केंतो निशिमोतो की कड़ी चुनौती का सामना करना है। महिला एकल में 2024 हाइलो ओपन की उपविजेता मालविका बंसोड़ चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान से भिड़ेंगी जबकि ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली उन्नति हुड्डा का सामना भी चीनी ताइपे की ही लिन शियांग टी से होगा। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स और 2024 गुवाहाटी मास्टर्स के चैंपियन सतीश करुणाकरण डेनमार्क के शीर्ष वरीय एंडर्स एंटोनसन से भिड़ेंगे। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यैंग से होगा जबकि प्रियांशु राजावत सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगे। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी का सामना क्वालीफायर से होगा जबकि रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे चौथी वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी गुओ शिन वा और चेन फैंग हुई के खिलाफ शुरुआत करेंगे।

असित सूर्या और अमृता प्रमुथेश शीर्ष वरीयता प्राप्त जियांग जेन बैंग और वेई या शिन से भिड़ेंगे। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासबापति की जोड़ी चुनौती पेश करेगी जबकि महिला युगल में कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी, वैष्णवी खड़केकर और अलीशा खान, प्रेरणा अल्वेकर और मृण्मयी देशपांडे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## क्रिकेट क्लब भोटा ने स्वामी विवेकानंद ट्रॉफी पर किया कब्जा



**एसके ठाकुर, बड़सर**

बिझड़ी ताल स्टेडियम में आयोजित दुधिया रोशनी में स्वामी विवेकानंद क्रिकेट ट्रॉफी का सोमवार को समापन हो गई है। ट्रॉफी के समापन पर प्रसिद्ध समाजसेवी परमजीत डैंफा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस क्रिकेट ट्रॉफी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों की 22टीमों ने भाग लिया।

वहीं 19 मई को सुबह भोटा और सरकाघाट की टीम के बीच फाइनल मुकावला हुआ । रोमांचिक मुकाबले में भोटा की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा किया और सरकाघाट की टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। सुबह हुए फाइनल मैच में मौसम खराब होने की आशंका के चलते 6- 6ओवर का मैच निर्धारित किया गया। भोटा की टीम ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया और निर्धारित 6 ओवरों में सरकाघाट की टीम को 71 रनों का लक्ष्य दिया।

सरकाघाट की टीम भोटा के गेंदबाजों के आगे 6 ओवरों में 51 रन ही बना पाई। टीम को 21 हजार तथा ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 11 हजार नगद तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।( अनंत ज्ञान)